भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
BANGALORE

48वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023

48th ANNUAL REPORT 2022-2023

भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

48वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023

विषय सूची

अध्यक्ष का संदेश		3
निदेशक की रिपोर्ट		7
1.	शासी बॉर्ड	14
2.	कार्यक्रम	16
3.	कार्यपालक शिक्षा	35
4.	संकाय	38
5.	अनुसंधान एवं प्रकाशन	40
6.	भाप्रसंबें प्रबंधन पत्रिका	41
7.	परामर्श	43
8.	उत्कृष्टता केंद्र	44
9.	अंतर्राष्ट्रीयकरण	83
10.	अधिसंरचना सुविधाएं	85
11.	संचार सुविधाएं	89
12.	विपणन	91
13.	पूर्व-छात्रों से संबंध	92
14.	विकास कार्यालय	96
15.	नीति एवं नई पहल	97
16.	भाप्रसंबें एमओओसी कार्यक्रम	99
17.	कार्मिक एवं प्रशासन	104
18.	रिपोर्टिंग प्रभाव	105
19.	वित्तीय स्थिति	108
20.	ब्यौरे	109
21.	लेखा विवरण	185

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
BANGALORE

विज़न

एक वैश्विक, विख्यात शैक्षणिक संस्थान बनना, जो व्यवसाय, सरकार और समाज के लिए प्रबंधन, नवाचार और उद्यमिता में उत्कृष्टता को बढ़ावा दे सके।

मिशन

- समग्र एवं रूपांतकारी शिक्षा द्वारा नवीन वैश्विक व्यवसाय नेताओं, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं एवं सामाजिक परिवर्तन लाने वालों का पोषण करना।
- ऐसा विचार नायकत्व प्रदान करना, जो प्रसंगतः सन्निहित एवं सामाजिक रूप से संबद्ध है एवं सकारात्मक प्रभाव डाले।
- बगैर समझौता के समत्वपूर्ण शिक्षा एवं विचार नायकत्व में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना।

मूल्य

- मूल्य सत्यनिष्ठा एवं नैतिक व्यवहार के उच्च मानक बनाए रखना।
- सहयोग एवं विश्वास की संस्कृति स्थापित करना।
- प्रत्येक व्यक्ति को आत्म-सम्मान की रक्षा एवं समान अवसर उपलब्ध करवाना।
- उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत संकायों को शैक्षिणिक स्वतंत्रता प्रदान करना।
- समावेश एवं विविधता द्वारा शिक्षा, विचार नायकत्व, नीति एवं सामाजिक प्रभाव में उत्कृष्टता का आदर करना।
- शिक्षा एवं विचार नायकत्व - दोनों में परिणाम से अधिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देना।

मार्गदर्शी सिद्धांत

- दीर्घावधि वित्तीय संधारणीयता सुनिश्चित करके बौद्धिक स्वायत्तता का संरक्षण करना।
- विभिन्न पणधारियों की अपेक्षाओं के बारे में अभिप्रतिक्रिया देते हुए उचित संतुलन बनाए रखना।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी

अध्यक्ष एवं वरिष्ठ परामर्शदाता कार्डियाक सर्जन,
नारायणा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, बेंगलूरू

प्रस्तावना

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर को न केवल भारत के, बल्कि दुनिया भर के शीर्ष एमबीए विद्यालयों में से एक माना जाता है, जो ऐसे अधिनायकों का निर्माण करता है जो हमारे देश की असंख्य चुनौतियों का अभिनव, समस्या-निवारक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। हम उत्कृष्टता के पचास वर्षों के गौरव का अनुभव कर रहे हैं, अतः मैं कह सकता हूं कि ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान के अध्यक्ष के रूप में सेवा प्रदान करना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है जो समग्र, परिवर्तनकारी और नवीन शिक्षा में विश्वास करता है। अपनी जड़ों के प्रति सत्य रहने के कारण, यह एक ऐसा संस्थान बन चुका है जिसकी एक मजबूत विरासत है, जो वर्षों के अनुशासन, ध्यानकेंद्रण और उत्तरदायित्व के आधार पर निर्मित हुआ है।

मुझे शैक्षणिक वर्ष के दौरान संस्थान के कुछ मील के पत्थरों पर प्रकाश डालते हुए प्रसन्नता हो रही है।

संस्थान

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर को कैंपस में अपना पहला ईवी चार्जिंग स्टेशन इस जनवरी में प्राप्त हुआ, जो पीआई ईवी सॉल्यूशंस (प्रा.) लिमिटेड द्वारा समर्थित है। यह उद्यम संधारणीय ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहित करने संबंधी भाप्रसंबें के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। फरवरी में, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के अध्यक्ष, माननीय मुख्य न्यायाधीश (पूर्व) रामलिंगम सुधाकर ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड द्वारा प्रायोजित दूसरे फास्ट-चार्जिंग ईवी स्टेशन का उद्घाटन किया।

रैंकिंग

हमारी रैंकिंग, चाहे वे वैश्विक हों या राष्ट्रीय, प्रबंधन शिक्षा के अग्रणी संस्थान के रूप में आईआईएमबी अपना विशिष्ट स्थान हांसिल करता रहा हैं। फाइनेंशियल टाइम्स एमबीए 2023 रैंकिंग में भाप्रसंबें एक स्थान ऊपर 52वें स्थान पर पहुंच गया है, जहां ईपीजीपी पर विचार किया गया था। भाप्रसंबें ने नई शुरू की गई 'कार्बन फुटप्रिंट' रैंक में 16 के स्कोर के साथ, उच्चतम स्कोर हासिल किया।

यह एफटी रैंकिंग, जहां भाप्रसंबें ने कई प्रमुख श्रेणियों में उच्चतम स्कोर प्राप्त किया हैं, जिसमें 87% लक्ष्य प्राप्ति, तीन महीनों में 100% रोजगार, बोर्ड पर 45% महिलाएं, अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम अनुभव रैंक 15 और कार्बन फुटप्रिंट रैंक 16 शामिल हैं, भाप्रसंबें की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ईपीजीपी को क्यूएस एमबीए 2023 रैंकिंग में भी 50वां स्थान प्राप्त हुआ है। 2023 संस्करण में 100 में से 65.9 स्कोर के साथ, कार्यक्रम ने 47 देशों में सर्वेक्षण किए गए 296 कार्यक्रमों में से विश्व स्तर पर शीर्ष 17% में प्रदर्शन किया। एपीएसी क्षेत्र में, भाप्रसंबें की रैंक सर्वेक्षण किए गए 46 कार्यक्रमों में से 10वें नंबर पर है, जिसका कुल स्कोर 65.9 है। कार्यक्रम ने क्षेत्रीय स्तर पर शीर्ष 22% के बीच प्रदर्शन किया।

प्रबंधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम और एंटरप्राइज प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम भी अपनी-अपनी श्रेणियों में एफटी रैंकिंग में शीर्ष 100 में स्थान पर हैं। मैं एफटी एमआईएम रैंकिंग में पीजीपी के 31वें रैंक का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा, जिससे हमारा पीजीपी एफटी रैंकिंग में भारत से सर्वोच्च रैंक वाला दो-वर्षीय एमबीए प्रोग्राम बन जाता है।

भाप्रसंबें ने एडुनिवर्सल 2022 बी-स्कूल रैंकिंग में मध्य एशिया में नंबर एक स्थान भी बरकरार रखा है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में प्रबंधन में हमें #2 स्थान दिया गया है।

रैंकिंग में हमारे प्रयासों की झलक देखकर हमें गर्व है। वैश्विक एमबीए परिदृश्य में एक अधिनायक के रूप में हमारी स्थिति हमारे छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। हम आने वाले वर्षों में उत्कृष्टता की इस परंपरा को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

साझेदारी

अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक संगठनों के साथ आईआईएम बैंगलोर की साझेदारी प्रबंधन अध्ययन और अनुसंधान के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में विद्यालय के महत्व को बढ़ाती है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

फरवरी में, प्रोफेसर यू दिनेश कुमार के नेतृत्व में आईआईएमबी और कारगिल ने भाप्रसंबें में डेटा सेंटर और वैश्लेषिकी प्रयोगशाला (एनालिटिक्स लैब) विकसित करने के लिए एक शोध करार किया। इस साझेदारी के माध्यम से, भाप्रसंबें कारगिल को डेटा विज्ञान क्षमताओं के माध्यम से अद्वितीय व्यावसायिक चुनौतियों को हल करने में सहायता करने हेतु अनुसंधान और डेटा संचालित समाधानों में सहायता करेगा।

भाप्रसंबें ने फरवरी में भारत सरकार के उद्यम, आर्मड व्हीकल्स निगम लिमिटेड के साथ एक करार ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

फरवरी में ही, भाप्रसंबें और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट इंडिया ने संधारणीय लॉजिस्टिक्स अनुसंधान के लिए सहयोग विकसित करने और उसे बेहतर बनाने के लिए एक करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस करार ज्ञापन का उद्देश्य अनुसंधान और नियोजन के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखलाओं में स्थिरता के निर्माण के लिए एक मजबूत ज्ञान आधार सृजित करना है।

राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए निजी क्षेत्र की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के प्रयास में, असम सरकार ने 'मुख्यमंत्री युवा व्यावसायिक कार्यक्रम' को संयुक्त रूप से संचालित करने के लिए आईआईएमबी के साथ एक करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दो वर्षीय प्रमाणपत्र कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक नीति के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा में केंद्र और राज्य की योजनाओं का समर्थन करके असम में मानव पूंजी के निर्माण को मजबूत करने में सहायता करना है।

साझेदारी के परिणामस्वरूप विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अन्य बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षा और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड सिटिजनशिप सेंटर ने फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बिजनेस यूएसए के सहयोग से नवंबर 2022 में मियामी, यूएसए में फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी परिसर में कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड एनालिटिक्स संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। भाप्रसंबें -एफआईयू अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कॉर्पोरेट गवर्नेंस और एनालिटिक्स पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक कार्य पर केंद्रित था।

दिसंबर में, हर्बालाइफ इंडिया और भाप्रसंबें के आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन केंद्र संधारणीयता प्रयोगशाला ने तीन वर्ष की साझेदारी के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए और उसका निष्पादन किया।

एनएसआरसीईएल

उद्यमिता आज भाप्रसंबें के शैक्षणिक एजेंडे का एक अभिन्न अंग है। आईआईएमबी के उद्यमिता केंद्र, एनएसआरसीईएल में, लगभग 400 उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। वित्त वर्ष 22 में एनएसआरसीईएल ने देश के 20 राज्यों में उद्यमों को प्रभावित करने वाले हाइब्रिड डिजिटल और भौतिक मॉडल को विकसित करने के लिए एक डिजिटल बैकबोन में निवेश किया। इस वर्ष, हमने एनएसआरसीईएल में सेक्टर एग्नोस्टिक इनक्यूबेशन प्रोग्राम - वेलोसिटी के तीन समूहों को शुरू किया। तत्पश्चात् ग्रामीण उद्यमिता उद्भवन प्रोग्राम, सस्टेनेबल मोबिलिटी इन्क्यूबेशन प्रोग्राम आदि शुरू किया। हमारे पास एनएसआरसीईएल-इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप भी हैं जो स्थानों पर जा रहे हैं और प्रशंसा जीत रहे हैं, जिसमें शार्क टैंक इंडिया पर प्रदर्शित होना भी शामिल है।

हम न केवल उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि महिला अधिनायिका और महिला उद्यमियों के निर्माण के लिए भी समर्पित हैं। एनएसआरसीईएल के महिला स्टार्ट-अप कार्यक्रम और गोल्डमैन सैक्स 10,000 महिलाओं को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और वे मजबूत हो रहे हैं।

एनएसआरसीईएल मानव और सामाजिक पूंजी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मार्च में, महिला स्टार्ट-अप कार्यक्रम ने अपने चौथे समूह का उद्घाटन किया, जिसमें 274 उद्यम शामिल थे। पूरे दिन के कार्यक्रम में औपचारिक उद्घाटन, मुख्य भाषण और पैनल चर्चाएँ हुईं। इससे संबंधित दो कार्यक्रम थें। पहला था सांथे, दो दिवसीय उत्पाद प्रदर्शन मेला। दूसरा था शक्ति - एक ई-पुस्तक जिसे हमारी महिला संस्थापकों द्वारा संकलित किया गया है, का उद्घाटन।

पिछले वर्ष सितंबर में, एनएसआरसीईएल और सेंटर फॉर कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड सिटिजनशिप द्वारा आयोजित 'आपके स्टार्ट-अप की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की स्थापना' शीर्षक वाली एक ऑनलाइन कार्यशाला में स्टार्ट-अप के 70 से अधिक सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। कार्यशाला स्टार्ट-अप द्वारा अच्छी कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाओं को अपनाने पर केंद्रित थी।

अगस्त में भाप्रसंबें पूर्व छात्र संघ के उद्यमियों और पारिवारिक व्यवसायों के लिए एनएसआरसीईएल के साथ साझेदारी में प्रबंधन कार्यक्रम के संबंध में 'फाउंडर्स फ्राइडे' कार्यक्रम शुरू किया गया।

एनएसआरसीईएल ने जुलाई में, तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जयशंकर के एगहब के साथ साझेदारी में, 'गो एग्री' - एक पैनल चर्चा का आयोजन किया और भारत में एग्री-टेक स्पेस के माध्यम से उद्यमिता केस स्टडीज की एक श्रृंखला का शुभारंभ किया।

आईआईएमबीएक्स

भाप्रसंबें बड़े पैमाने पर मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम पेश करने में भारत में प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी बना हुआ है। यह विद्यालय हार्वर्ड/एमआईटी ईडीएक्स प्लेटफॉर्म, ओपन ईडीएक्स और भारत सरकार के स्वयं प्लेटफॉर्म पर सबसे बड़ी संख्या में पाठ्यक्रम

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

उपलब्ध कराता है, जहां इसने अब पांच सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। भाप्रसंबें की डिजिटल शिक्षण पहल अपने छात्रों को नम्यता और विविधता प्रदान करना जारी रखती है। जुलाई 2022 में, आईआईएमबीएक्स ने अस्पताल प्रबंधन में व्यावसायिक प्रामणपत्र पाठ्यक्रम, एक 12 महीने का ऑनलाइन-सिंक्रोनस प्रोग्राम जो आईआईएमबी संकाय द्वारा एमओओसी और उद्योग विशेषज्ञों और पेशेवरों द्वारा लाइव ऑनलाइन सत्रों का मिश्रण है, प्रारंभ किया। प्रोग्राम का लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, मध्य स्तर के प्रबंधकों, स्वास्थ्य देखभाल सलाहकारों, उद्यमियों, व्यापारिक अधिनायकों आदि को लाभ पहुंचाना है।

अप्रैल 2022 में, आईआईएमबीएक्स ने 'प्रबंधकों के लिए एआई' नामक एक कार्यक्रम शुरू किया ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उसके घटकों, जैसे सांख्यिकीय लर्निंग, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के ज्ञान को उन प्रबंधकों जो सक्षम निर्णय लेने वाले प्रबंधक बनना चाहते हैं, के एक समूह के लिए सुलभ बनाया जा सके। टीम नए पाठ्यक्रमों की पेशकश पर काम करना जारी रखी है।

अंतर्राष्ट्रीयकरण

पिछले वर्ष में, भाप्रसंबें ने 12 अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ साझेदारी को नवीनीकृत किया और एक नई साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। डबल डिग्री प्रोग्राम और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम प्रगति कर रहा है। आईआईएमबी ग्लोबल नेटवर्क फॉर एडवांस्ड मैनेजमेंट में एक सक्रिय भागीदार बना हुआ है, जिसमें कई छात्र ग्लोबल नेटवर्क पाठ्यक्रम, आईआईएमबी संकाय द्वारा भागीदार स्कूलों को प्रस्तावित पाठ्यक्रम, और भाप्रसंबें द्वारा आयोजित वैश्विक नेटवर्क सप्ताह जिसमें भाप्रसंबें और विभिन्न भागीदार स्कूलों के छात्र शामिल हैं, के लिए नामांकन कर रहे हैं। हमारी मजबूत वैश्विक उपस्थिति और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के साथ गहरी भागीदारी भी हमारी क्षमता के प्रमुख स्तंभों में से एक है।

पूर्व छात्रों की प्रतिबद्धता

हमारे पूर्व छात्रों के लिए भी एक विशेष शब्द, जो वैश्विक अधिनायक हैं और दुनिया को बदलने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उत्कृष्टता के 50 गौरवशाली वर्षों के दौरान भाप्रसंबें की सफलताओं में उनका प्रमुख योगदान रहा है। मैं इस अवसर पर उन्हें संस्थान के लिए धन जुटाने के अभियानों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता हूं और उन्हें स्मरण कराता हूं कि ऐसा करने के लिए विभिन्न अवसर हैं।

निष्कर्ष

यह वर्ष हमारा स्वर्ण जयंती वर्ष है, और हम विकास के रोमांचक पथ पर अग्रसर हैं। उत्कृष्टता के पचास वर्ष किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान के लिए एक विशेष अवसर है। हम प्रासंगिक बने रहने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए लगातार खुद को नया रूप दे रहे हैं। इस दिशा में महात्मा गांधी नेशनल फ़ेलोशिप, बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए की डिग्री, हेल्थकेयर और अस्पताल प्रबंधन, एयरोस्पेस और एविएशन प्रोग्राम आदि जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। हम अपने छात्रों और छात्रों से पूर्व छात्र बने कर्मचारियों, संकाय सदस्यों, बोर्ड के सदस्यों, कॉर्पोरेट भागीदारों, शुभचिंतकों और भारत सरकार और कर्नाटक सरकार दोनों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिन्होंने हमें वह बनाया जो हम आज हैं।

दूसरा परिसर समय के साथ प्रासंगिक बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 1 मार्च को कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावर चंद गहलोत की उपस्थिति में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा दूसरे परिसर में एमडीसी ब्लॉक का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया जाना, हमारे देश की विकास यात्रा में भाप्रसंबें के स्वीकृत नेतृत्व को दर्शाता है। मैं सरकार को उसकी नवोन्मेषी नई शिक्षा नीति के लिए भी धन्यवाद देता हूं, जिसके बारे में मुझे यकीन है कि इसके फलस्वरूप वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था एक लंबी छलांग लगाएगी।

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी

अध्यक्ष एवं वरिष्ठ परामर्शदाता कार्डियाक सर्जन,
नारायणा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, बेंगलूरू

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर



प्रोफेसर ऋषिकेश टी कृष्णन,
निदेशक, भाप्रसं बेंगलूर

प्रस्तावना

प्रबंध शिक्षा को उन कौशलों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है जो विशिष्ट हों और वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे तीव्र परिवर्तनों से निपटने में सक्षम हो। व्यावसायिक विद्यालयों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम गतिशील और बदलते रुझानों के अनुकूल होना चाहिए। भाप्रसंबें का उद्देश्य ऐसे पेशेवरों को तैयार करना है जो मौजूदा वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान कर सकें, वैश्विक स्तर पर व्यापार जगत में अग्रणी बन सकें और साथ ही सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकें।

भाप्रसंबें अपने 50वें वर्ष में कदम रख रहा है। यह संस्थान अपनी स्वर्ण जयंती का उत्सव मनाने हेतु वैश्विक विषय-आधारित शोध सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएं, भूतपूर्व छात्रों द्वारा संचालित गतिविधियां, छात्र-संचालित उत्सव और अन्य बहुत कुछ सहित कई शैक्षिक और अन्य तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करेगा। दिनांक 31 मार्च 2023 को भारतीय डाक के साथ विशेष स्मारक डाक कवर के लॉन्च के साथ ही इसकी शुरुआत हुई और अप्रैल 2024 में वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर इसका समापन होगा। दिनांक 28 दिसंबर 2022 को स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में एक लोगो लॉन्च किया गया था। वर्ष 2023-24 के लिए तैयार की गई कार्यक्रमों की रूपरेखा का एक पूरा कैलेंडर हमारे पास उपलब्ध है।

किसी भी संगठन के लिए विकास आवश्यक है। यह घोषणा करते हुए मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ कि दिनांक 1 मार्च 2023 को जिगनी में कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावर चंद गहलोत की उपस्थिति में भाप्रसंबें के दूसरे परिसर में एमडीसी ब्लॉक का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवसाय, सरकार और समाज के लिए स्कूल के योगदान के लिए भाप्रसंबें की सराहना की। नई एमडीसी को स्थल पर पहाड़ी इलाकों के साथ फिट होने के लिए खूबसूरती से डिजाइन किया गया है। इस परियोजना की कुल लागत 55 करोड़ रुपये है और इस पुरी राशि का वहां संस्थान द्वारा की गई, इसे सरकार से कोई निधि लिए बिना, हमारे आंतरिक रूप से सृजित प्रोद्भवन द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया गया है। यह परियोजना विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नए परिसर में किया गया यह पहला निर्माण कार्य है। इस परिसर को संधारणीय बनाना हमारा फोकस होगा। उस टिप्पणी पर, वर्ष 2022-2023 के दौरान संस्थान, इसके संकाय सदस्यों, छात्रों और भूतपूर्व छात्रों की कुछ उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुझे अपार गर्व और खुशी की अनुभूति हो रही है।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

संस्थान और वैयक्तिक कार्यक्रम कार्यालय ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों हीं तरह से शिखर सम्मेलन, कार्यशालाएं, सम्मेलन, छात्र उत्सव और अन्य तरह के बहुत सी गतिविधियाँ आयोजित करते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के सर्वश्रेष्ठ से सीखने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। वास्तव में, भाप्रसंबें के कई संकाय सदस्य अपने पाठ्यक्रमों के हिस्से के रूप में छात्रों को संबोधित करने के लिए उद्योग के दिग्गजों और शिक्षाविदों को आमंत्रित करते हैं। हमने न केवल शिक्षा के संदर्भ में, बल्कि 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' - भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए भी कई कार्यक्रम और गतिविधियाँ आयोजित कीं।

हमारे छात्रों के पास उन संकायों सदस्यों को सम्मानित करने का एक वार्षिक अनुष्ठान है जिन्होंने उन्हें महत्वपूर्ण तरीके से प्रभावित किया है। स्नातक पीजीपी और पीजीपी-बीए छात्रों ने अपने कुछ प्रोफेसरों को दिनांक 2 मार्च 2023 को अंतिम व्याख्यान श्रृंखला के हिस्से के रूप में 'प्रज्ञा' में कक्षा से परे जीवन सलाह साझा करने के लिए आमंत्रित किया।

इस वर्ष फिर से मार्च में, मनोरंजक गतिविधियाँ, यादें साझा करना और अधिक प्रख्यात विहान '23 - ईपीजीपी 2022-2023 छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस वर्ष फरवरी में उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम) समूह ने 'कैसे जापानी विनिर्माण कंपनियां संधारणीय विकास के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखती हैं' शीर्षक पर वार्ता के लिए मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी कार्यालय फेलो मसामी शिमिज़ु की मेजबानी की।

प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी) और उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम) छात्रों ने फरवरी माह में प्रयास दिवस का आयोजन किया। प्रयास ईपीजीपी की सामाजिक जिम्मेदारी पहल है। प्रयास दिवस 2023 का विषय था 'कल के नेताओं को सशक्त बनाना: एक समय में एक बच्चा'। इस विषय के अनुरूप, प्रयास टीम ने बेंगलुरु में देखभाल घरों के बच्चों की मेजबानी की और कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

हमारे स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) और स्नातकोत्तर कार्यक्रम-व्यवसाय विश्लेषिकी (पीजीपी-बीए) छात्रों द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव, उन्माद 2023 में संगीत, नृत्य और कई अन्य कार्यक्रमों का तीन दिवसीय उत्सव आयोजित किया गया। इस वर्ष उन्माद दिनांक 24 से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया था।

ईपीजीपी कार्यालय और ईपीजीपी छात्र भूतपूर्व छात्र समिति ने दिनांक 18 फरवरी 2023 को वार्षिक ईपीजीपी पूर्व छात्र सम्मेलन 'स्पर्श' का आयोजन किया।

भाप्रसं बेंगलूर के सोशल इम्पैक्ट क्लब विकासना ने भाप्रसं बेंगलूर में एक दिन - 2023' का आयोजन किया, जहां उन्होंने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों - इंजीनियरिंग छात्रों, एमबीए उम्मीदवारों और कॉर्पोरेट कर्मचारियों के प्रतिभागियों की मेजबानी की। विकास ने भाप्रसंबें समुदाय के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की भी सुविधा प्रदान की। अगस्त में, भाप्रसं बेंगलूर के कर्मचारियों के 194 बच्चों को 9 लाख रुपये की योग्यता और आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति मिली।

उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम) छात्रों द्वारा आयोजित वार्षिक नेतृत्व और व्यवसाय शिखर सम्मेलन, दृष्टि 2022, का आयोजन नवंबर 2022 में किया गया था। शिखर सम्मेलन में 'आईपॉड के जनक' के रूप में जाना जाने वाले टोनी फैडेल की एक वार्ता थी। सत्र ने छात्रों को स्केलेबल उत्पादों के निर्माण के वास्तविक दुनिया के उदाहरणों से सीखने में मदद की और उन्हें व्यवसाय की वास्तविकता के साथ कक्षा में सीखे गए ढांचे का मानचित्रण करने में मदद की।

अगस्त माह में, विभिन्न क्षेत्रों - उद्योग, खेल, मीडिया, मनोरंजन और अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा बिजनेस समिट विस्टा 2022 वार्ता की गई।

जुलाई माह में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) छात्रों ने वार्षिक उद्यमिता शिखर सम्मेलन, एक्ज़िमियस 2022 का आयोजन किया। उद्यमिता और नवाचार सेल ने एक्ज़िमियस 2022 के हिस्से के रूप में बी-प्लान प्रतियोगिता 'बज़विंग्स' का आयोजन किया।

कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम

कार्यपालक शिक्षा, जो उद्योग और सरकार के लिए भाप्रसंबें की खिड़की है, ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में काफी प्रगति की है। एफटी रैंकिंग के अनुसार, भाप्रसं बेंगलूर की कार्यपालक शिक्षा वर्ष 2020, 2021 और 2022 में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में रही है। इसके अलावा, भाप्रसं बेंगलूर इस सूची में एकमात्र भारतीय बी-स्कूल है।
वित्तय वर्ष 20-21 में कोविड की शुरुआत से प्रतिकूल रूप से प्रभावित कार्यपालक शिक्षा का निष्पादन अगले दो वित्तीय वर्षों में यह पुनर्जीवित होना शुरू हो गया है। पिछले वर्ष के दौरान, भाप्रसंबें की कार्यपालक शिक्षा ने दो नए दीर्घावधि कार्यक्रम - मनोरंजन और मीडिया व्यवसाय पर सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (जीईएम) और डिजिटल संचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध (डीओएम) में एक प्रमाणपत्र कार्यक्रम सफलतापूर्वक शुरू किए। उद्यमियों और पारिवारिक व्यवसायों के लिए प्रबंध कार्यक्रम (एमपीईएफबी) को फिर से शुरू किया गया।

कर्नाटक सरकार के समाज कल्याण मंत्रालय के लिए वंचित समुदायों से संबंधित महिलाओं पर केंद्रित उद्यमशीलता पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

टूलूज़ बिजनेस स्कूल, फ्रांस के साथ साझेदारी में बिजनेस एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस, आईटी, हेल्थकेयर, मीडिया और मनोरंजन, विमानन और एयरोस्पेस पर कार्यक्रम, महिलाओं को बोर्ड स्तर के पदों के लिए तैयार करने के लिए लीडरशिप कार्यक्रम - तन्मात्रा, एफएयू नूर्नबर्ग और फ्राउनहोफर इंस्टीट्यूट फॉर इंटीग्रेटेड सर्किट के साथ साझेदारी में डिजिटल परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, शीर्ष प्रबंधन के लिए कार्यक्रम - उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन कार्यक्रम और स्वतंत्र निदेशक कार्यक्रम आदि का संचालन जारी रहा है। ईजीएमपी, अब अपने 64 वें संस्करण में, सामान्य प्रबंधन पाठ्यक्रमों में एक सेगमेंट लीडर है।

इस वर्ष कस्टम कार्यक्रमों में नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों से प्रतिष्ठित नए कार्यक्रमों का अधिग्रहण देखा गया और उनमें से कई रणनीतिक आशय वाले वरिष्ठ प्रबंधन दर्शकों के लिए हैं या प्रकृति में परिवर्तनकारी हैं।

कार्यक्रम श्रेणी	कार्यक्रमों की संख्या	सहभागियों की संख्या	कार्यक्रम दिनों की संख्या	सहभागी- कार्यक्रम दिनों की संख्या
खुले दीर्घावधि प्रमाणपत्र कार्यक्रम (एलडीसीपी)	16	1332	505	20444
खुले लघु अवधि कार्यक्रम (एसडीपी)	39	748	150	2969
कस्टम	93	3139	634	19703
अंतरराष्ट्रीय	3	88	13	360
कुल	**151**	**5307**	**1302**	**43476**

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

टूलूज़ बिजनेस स्कूल के साथ साझेदारी में कार्यपालक शिक्षा ने अप्रैल 2023 में फ्यूचर ऑफ एयरोस्पेस एंड एविएशन सम्मेलन के 5वें संस्करण का आयोजन किया। इसने भारत और फ्रांस के प्रख्यात वक्ताओं और प्रतिनिधियों की नामिका को आकर्षित किया।

उत्कृष्टता केंद्र

भाप्रसंबें के उत्कृष्टता केंद्र ने सम्मेलनों, कार्यशालाओं और बैठकों में भारत और दुनिया भर से विविध क्षेत्रों के दिग्गजों की मेजबानी करना जारी रखा। मार्च माह में इंफोसिस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सह-संस्थापक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नंदन नीलेकणि ने 'सरकार में परिवर्तनकारी परियोजनाएं करना' शीर्षक से एक वेबिनार आयोजित किया। इस सत्र की मेजबानी वाधवानी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी और कर्मयोगी भारत के सहयोग से सेंटर फॉर सॉफ्टवेयर एंड आईटी मैनेजमेंट ने की थी। यह मास्टरक्लास वेबिनार श्रृंखला का पांचवां वेबिनार था जिसका शीर्षक था: 'बीइंग फ्यूचर रेडी'।

सेंटर फॉर कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड सिटिजनशिप ने 10 मार्च को 'सुशासन के माध्यम से विकास को बढ़ावा' पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य समग्र निष्पादन, शासन पहलुओं, नैतिक व्यापार आचरण और अनुपालन से परे रिपोर्टिंग के प्रति संगठनात्मक प्रभावशीलता को बढ़ाना है जिससे छोटे और मध्यम उद्यमों का सतत विकास हो सके।

इस कार्यक्रम में लघु और मध्यम उद्यमों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, यह कार्यक्रम नेशनल फाउंडेशन फॉर कॉरपोरेट गवर्नेंस, कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और इसे एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया का समर्थन प्राप्त था।

सेंटर फॉर गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी, एनयूएस बिजनेस स्कूल, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के साथ मिलकर सेंटर फॉर कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड सिटिजनशिप ने 6 मार्च को 'बोर्ड्स एंड ईएसजी: एक्शन योर एस्पिरेशन एंड एन्हांस एकाउंटेबिलिटी' पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया। 28 फरवरी को सीसीजीसी ने 'भविष्य के तरीके: बोर्ड की स्वतंत्रता - अंदरूनी प्रभाव और निहित स्वार्थ' विषय पर एक ऑनलाइन पैनल चर्चा का भी आयोजन किया।

सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट मैनेजमेंट समिट इंडिया 2023 का 5 वां संस्करण, जिसका शीर्षक 'नई सीमाओं और अवसरों को पाटना - एक उत्प्रेरक के रूप में उत्पाद प्रबंधन' है, जिसे दिनांक 3 और 4 मार्च 2023 को सेंटर फॉर सॉफ्टवेयर एंड आईटी मैनेजमेंट और इंटरनेशनल सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा सह-मेजबानी में आयोजित किया गया था। 2 मार्च को तीन प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

दिवाला और दिवालियापन पर तीन दिवसीय दूसरा अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन दिनांक 23 से 25 फरवरी 2023 तक भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के साथ साझेदारी में पूंजी बाजार और जोखिम प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में 200 से अधिक सहभागियों ने भाग लिया, जिनमें भारत और विदेश के बैंकिंग, उद्योग, कानून, अनुसंधान और शिक्षाविदों के बेहतरीन विवेकशील व्यक्ति शामिल थे।

फरवरी 2023 में आईएमआर डॉक्टोरल सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें पेपर प्रस्तुतियाँ, पैनल चर्चाएँ, मुख्य भाषण, एक केस लेखन कार्यशाला और पुरस्कार शामिल थे। इस सम्मेलन ने खुद को भारत के डॉक्टरेट समुदाय के बीच एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जिसकी शिक्षाविदों ने सराहना की है।

जनवरी माह में, सेंटर फॉर टीचिंग एंड लर्निंग ने संस्थान के विद्या वाचस्पति (पीएचडी) विद्वानों के लिए अध्यापन पर चार दिवसीय वाचस्पति परिसंघ आयोजित की। इस कार्यक्रम में कुल मिलाकर, 23 पीएचडी छात्रों जो अपने डॉक्टरेट अध्ययन के अंतिम चरण में हैं, ने भाग लिया।

बिजनेस एनालिटिक्स एंड इंटेलिजेंस पर 9वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन दिसंबर 2022 में आयोजित किया गया था।

यह सम्मेलन प्रबंध के विभिन्न विषयों में विश्लेषिकी, बिग डेटा, एआई, एमएल और डीएल के अनुप्रयोगों को समझने और डोमेन और सेक्टर-विशिष्ट समस्याओं को हल करने के लिए उनका उपयोग कैसे किया जा रहा है, यह समझने के लिए एक उपयुक्त मंच है।

संकाय

हमारे संकाय हमें लगातार गौरवान्वित करते रहे हैं, और मैं उनकी हाल की कुछ पुरस्कारों और उपलब्धियों को साझा करूंगा।

- निर्णय विज्ञान संकाय के प्रोफेसर पुलक घोष को दो प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उनके सह-लेखक पेपर 'सांस्कृतिक पूर्वाग्रह कितने महंगे हैं? एविडेंस फ्रॉम फिनटेक' को वेस्टर्न फाइनेंस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में 'फिनटेक में सर्वश्रेष्ठ पेपर के लिए पीबीसीएसएफ पुरस्कार' प्राप्त हुआ। उन्हें मिडवेस्ट फाइनेंस एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस 2023 में उनके 'सुरक्षा जाल, क्रेडिट और निवेश: एक गारंटीकृत आय कार्यक्रम से साक्ष्य' नमक सह-लिखित पेपर के लिए ' वित्तीय संस्थानों में उत्कृष्ट पेपर के लिए व्हार्टन रिसर्च डेटा सर्विसेज अवॉर्ड' भी मिला।
- प्रो. मुक्ता कुलकर्णी की सह-संपादित पुस्तक, 'डी ग्रुइटर हैंडबुक ऑफ डिसेबिलिटी एंड मैनेजमेंट', जिसे डी

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

ग्रुइटर द्वारा प्रकाशित, 20 मार्च, 2023 को जारी की गई थी। दिव्यांगता और प्रबंधन की डी ग्रुइटर हैंडबुक दिव्यांगता अध्ययन, मनोविज्ञान, शिक्षा और कानूनी क्षेत्र के दृष्टिकोण को एकीकृत करते हुए दिव्यांगता और प्रबंधन का अध्ययन करने के लिए एक अंत:विषयक लेंस का उपयोग करती है।

- वित्त और लेखा क्षेत्र में संकाय प्रोफेसर पद्मिनी श्रीनिवासन को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सार्वजनिक हित निदेशक नियुक्त किया गया है।
- निर्णय विज्ञान क्षेत्र के प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री द्वारा लिखित 'द एसेंशियल्स ऑफ हिंदूइज्म: एन इंट्रोडक्शन टू ऑल द सेक्रेड टेक्स्ट्स' नामक पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित की गई है।
- सार्वजनिक नीति क्षेत्र के संकाय और पीजीपीईएम के अध्यक्ष प्रोफेसर एलन पी उगरगोल को उनके प्रस्ताव शीर्षक: 'एजिंग एंड द लाइफकोर्स पर्सपेक्टिव ऑफ ओल्डर एडल्ट्स' के लिए प्रतिष्ठित 'यूसुफ हामिद फेलोशिप' 2022-23 प्राप्त हुई है। उन्हें 'भारत में उम्र बढ़ने और वृद्धावस्था देखभाल' के क्षेत्र में उनके शोध कार्य के लिए आईसीएमआर-प्रोफेसर सुरिंदर मोहन मारवाह पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।
- मार्केटिंग क्षेत्र में संकाय प्रो. अर्पिता पांडे को संधारणीय उपभोक्ता व्यवहार पर उनके काम के लिए नॉर्थ अमेरिकन सोसाइटी फॉर मार्केटिंग एजुकेशन इन इंडिया द्वारा बाला और वसंत बालचंद्रन रिसर्च ग्रांट अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। प्रोफेसर पांडे का शोध 50 से अधिक पेपर प्रस्तुतियों में से तीन सफल शोध प्रस्तावों में से एक था, जिसे कार्यक्रम ने आकर्षित किया।
- ओबीएचआरएम क्षेत्र में संकाय प्रोफेसर देबोलिना दत्ता और प्रोफेसर वसंती श्रीनिवासन द्वारा सह-लिखित, 'एचआरएम में अस्थायीता: बदलती एजेंसियों, प्रोटोकॉल और व्याख्यात्मक योजनाओं के उभरते तनाव' शीर्षक वाले पेपर ने जनवरी में मुंबई में आयोजित आईएनडीएम सम्मेलन में एचआरएम ट्रैक में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार जीता।
- रणनीति क्षेत्र के रिसर्च एसोसिएट डॉ. कृष्णा एचएस और रणनीति क्षेत्र के प्रोफेसर दीपक चंद्रशेखर को आईआईएससी बेंगलूर और रमैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज में आयोजित 12वें एशियन सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड पॉलिसी कॉन्फ्रेंस में 'बेस्ट पेपर' का पुरस्कार मिला।
- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्पादन और संचालन प्रबंधन क्षेत्र के प्रोफेसर बी महादेवन को भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति के हिस्से के रूप में चुना है। प्रोफेसर महादेवन 'भारतीय ज्ञान प्रणालियों का परिचय: अवधारणाएं और अनुप्रयोग' पुस्तक के मुख्य लेखक हैं।
- सेंटर फॉर मैनेजमेंट कम्युनिकेशन की चेयरपर्सन डॉ. दीप्ति गणपति को कर्नाटक सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जलवायु और शिक्षा हितधारक बैठक में डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र प्रक्रिया में प्रवेश करने हेतु पायलट विश्वविद्यालयों की पहचान करने हेतु वैश्विक प्रयास के हिस्से के रूप में आमंत्रित किया गया था।
- क्लासिक 'मार्केटिंग मैनेजमेंट' (16ई) के भारतीय रूपांतरण का सह-लेखन मार्केटिंग क्षेत्र के प्रोफेसर जी शिनेश ने किया है।
- निर्णय विज्ञान क्षेत्र के प्रोफेसर यू दिनेश कुमार ने दो पुस्तकों, 'मशीन लर्निंग यूजिंग आर' और 'डेटा विज़ुअलाइज़ेशन - स्टोरीटेलिंग यूजिंग डेटा' का सह-लेखन किया है।
- सेबी ने अपनी अनुसंधान सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है, जो पूंजी बाजार विनियमन अनुसंधान के लिए आवश्यक डेटाबेस के प्रचार, विकास और रखरखाव का प्रभारी है। प्रोफेसर वी. रवि अंशुमन, अध्यक्ष और संकाय, वित्त एवं लेखा, इस पैनल के प्रमुख हैं।
- भाप्रसंबें में मार्केटिंग क्षेत्र के संकाय प्रोफेसर गोपाल दास को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (2022) द्वारा प्रकाशित दुनिया के शीर्ष 2% शोधकर्ताओं की सूची में शामिल किया गया है। उन्हें बिजनेस एंड सोसाइटी पत्रिका के संपादकीय बोर्ड में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

छात्र

हमारे छात्र शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में हमेशा से पुरस्कार जीतते आ रहे हैं। अब मैं उनकी उपलब्धियों में से कुछ को, यदि सभी नहीं, को प्रस्तुत करना चाहूँगा। हालाँकि यह सूची संपूर्ण नहीं है, फिर भी यह हमारे छात्रों की उपलब्धियों की सीमा का संकेत देती है।

पीएचडी

- जेएजीएसओएम स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित आईएसडीएसआई सम्मेलन में विद्या वाचस्पति (पीएचडी) के छात्रों में गरिमा चकलादर और रविकांत वाज्रपु ने डेटा साइंस एप्लीकेशन डॉक्टोरल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार जीता। रविकांत के पेपर का शीर्षक था, 'इंपैक्ट ऑफ़ आक्शन क्लोजिंग मेकानिज्म ऑन प्राइस डिस्कवरी: एविडेंस फ्रॉम टी आक्शंस इन इंडिया', और गरिमा का पेपर सर्विसिफिकेशन ऑफ़ इंडियन मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज' के बारे में था।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- एक पेपर जिसका शीर्षक है, 'मीनिंगफुल वर्क ओर पीर इन्फ्लुएंस? नितेश भट, वाचस्पति के छात्र (ओबीएचआरएम) और सार्वजनिक नीति क्षेत्र से प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामथ द्वारा सह-लिखित, 'ए स्ट्रक्चरेशन थियरी पर्सपेक्टिव ऑफ़ वालंटरी करियर ट्रांजीशन' को एनएमआईएमएस मुंबई में आयोजित आई एनडीएएम सम्मेलन में एचआरएम ट्रैक में सर्वश्रेष्ठ पेपर से सम्मानित किया गया था।

- सूचना प्रणाली क्षेत्र की विद्या वाचस्पति (पीएचडी) छात्रा मनीषा राठी, आईआईएम अहमदाबाद के सेंटर फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा आयोजित डिजिटल संगठनों पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरेट शोध प्रबंध' श्रेणी में उपविजेता रहीं।

- वाचस्पति छात्रा धृति महादेवन को 'शेयर द क्रेडिट, पास द ब्लेम: एक्जामिनिंग द रोल ऑफ़ सिगनलिंग क्यू ऑन स्पाइलोवर इफेक्ट ऑफ़ कस्टमर एक्सपीरियंस इन एक्सेस-बेस्ड सर्विसेज' शीर्षक उनके शोध के लिए वाचस्पति छात्रों के लिए राज सेथुरमन रिसर्च ग्रांट अवार्ड का विजेता घोषित किया गया।

- भाप्रसंबें में निर्णय विज्ञान क्षेत्र के संकाय डॉ. यू दिनेश कुमार के साथ सह-लेखक वाचस्पति (डॉक्टरेट) छात्रा ऐश्वर्या द्वारा 'व्हाट ड्राइव्स ग्रोथ इन ऑनलाइन कम्युनिटी: ए डेटा-ड्रिवेन अप्रोच' शीर्षक वाला एक पेपर और प्रोफेसर डेनिस डेनेही को भाप्रसं लखनऊ द्वारा आयोजित एआईआरसी सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी ट्रैक में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

- सूचना प्रणाली और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग के संकाय प्रोफेसर श्रीराम थिरुमलाई,नीले स्कूल ऑफ बिजनेस, टीसीयू, फोर्ट वर्थ, टेक्सास और केली स्कूल ऑफ बिजनेस, इंडियाना यूनिवर्सिटी में मार्केटिंग क्षेत्र के संकाय प्रोफेसर सारंग सुंदर के साथ पीएचडी छात्र शुभंकर साहा द्वारा सह-लिखित 'पेशंट इन्सुरेंस स्टेट्स, हेल्थकेयर प्रोसीजर, एंड पेशंट आउटकम: एन एम्पीरिकल स्टडी ऑफ़ फिजिशियन बिहेवियरल बिएसेज' नामक एक पेपर ने दिसंबर में इंडिया चैप्टर और आईआईएम कोझिकोड द्वारा आयोजित पीओएमएस इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2022 में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार जीता।

- अर्थशास्त्र क्षेत्र से हमारी वाचस्पति (डॉक्टरेट) छात्रा प्रगति को जीएलओ वर्चुअल यंग स्कॉलर्स प्रोग्राम 2022-23 के लिए चुना गया था। इस कार्यक्रम के माध्यम से, प्रगति वस्तुतः अन्य देशों के अपने क्षेत्र के शोधकर्ताओं के साथ सहयोग करेगी, जिसका समापन कार्यक्रम के अंत तक एक शोध पत्र में होना चाहिए।

ईपीजीपी

- के अरुण कुमार, वर्षा रमेश और विष्णु प्रकाश कंडास्वामी ने आईआईटी मद्रास के प्रबंध अध्ययन विभाग (डीओएमएस) द्वारा आयोजित एचआर केस प्रतियोगिता 'एडएचआरआईटी' जीती।

- आदर्श उन्नी ने आईआईएम कलकत्ता में ई-सेल क्लब द्वारा आयोजित बिजनेस केस-कम-डील मेकिंग प्रतियोगिता 'द बोर्डरूम' जीती।

- भाप्रसं कोलकाता द्वारा आयोजित विज्ञापन-निर्माण प्रतियोगिता में जयंत यादव, एन जॉर्ज और आदर्श उन्नी प्रथम उपविजेता रहे।

- आदर्श उन्नी, ऋग्वेद मराठे और अरिजीत बत्ता आईआईएम अहमदाबाद द्वारा आयोजित एक बिजनेस प्लान प्रतियोगिता 'मास्टरप्लान - आइडिया सेंट्रल' में प्रथम उपविजेता रहे।

- अक्षत अग्रवाल, आकृति घई और आदर्श उन्नी ने आईआईएम अहमदाबाद द्वारा आयोजित विलय और अधिग्रहण मामले की प्रतियोगिता 'गठबंधन' जीती।

- भाप्रसं लखनऊ द्वारा आयोजित उत्पाद प्रबंधन मामले की प्रतियोगिता 'प्रोडिफाई' में बिबिन कुमार, सुचेता कर और गौरव कुमार प्रथम उपविजेता रहे।

- वर्षा रमेश और के अरुण कुमार ने सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल मैनेजमेंट, पुणे द्वारा आयोजित एचआर केस प्रतियोगिता 'थ्रोन' जीती।

- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे द्वारा आयोजित नेशनल बिजनेस क्विज आदर्श श्रीवास्तव और पंकज जिंदल ने जीता।

पीजीपीईएम

- महालेंगम एमएच और आशीष फतनानी ने एमडीआई गुड़गांव द्वारा आयोजित इवेंट 'मार्कएड' जीता।

- आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'मीमांसा' आलो मुखर्जी ने जीती।

- विशाल बजाज और अमित पारीक ने आईआईएम त्रिची में 'मार्केट मास्टर्स' प्रतियोगिता जीती।

- 'कॉर्पोरेट हैकर्स' और आईआईएम त्रिची द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'ऑप्सवाइज' में सुरभि मुरलीधरा और अमित पारीक उपविजेता रहे। वे एससीएमएचआरडी पुणे द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'सिफर' में भी उपविजेता रहे।

- भाप्रसं रांची द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'सिम्बुलस 7.0' में संगमेश हीरेमथ, विजय शंकर आर अय्यर और सागर कालखैर उपविजेता रहे।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- भाप्रसं रांची द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'वोरस्टैंड 8.0' में सुनील कुलकर्णी और आलो मुखर्जी उपविजेता रहे।

पीजीपी और पीजीपी-बीए

- जतन व्यास, निशांत सिंह, मृदुल सुरेखा, पुरंजय सिंघल और वेंकटरमन एम ने फ्रांस में अपनी दोहरी डिग्री और अवधि विनिमय कार्यक्रमों के लिए प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति प्राप्त की।
- अनुराग राठी, अन्वेषिका पांडे, भुवनेश वासुदेवन, कृष्णा वाधवा, मृदुल सुरेका और सिद्धांत बागरिया वेंचर कैपिटल इन्वेस्टमेंट प्रतियोगिता 2023 के राष्ट्रीय विजेता थे।
- प्रोफेसर अशोक थम्पी द्वारा मार्गदर्शित रुचि अग्रवाल, अनुराग राठी, अरुशी बंसल, दुर्गा शिरसाट और यशोवर्धन ने सीएफए सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीएफए रिसर्च चैलेंज के राष्ट्रीय फाइनल में जीत हासिल की।
- कृष्णा वाधवा, प्रत्यूष गोयल, स्वास्तिक प्रभु, उमेश गवाले, मधु सूदन सी, आनंद भेसदादिया, मैथिली के, चिराग मेहता, प्राची अरोड़ा और दिव्या आहूजा डी2सी टॉप 10बी-स्कूल चैंपियंस 2022 थे।
- स्वेतोजा पटेल, जी वी मोहना वामशी और जय पटेल मैरिको के प्रमुख 'आइडिया इनोवेशन चैलेंज, ओवर द वॉल' - सीजन 10 में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 टीमों में शामिल थे।
- सिद्धार्थ परमार, पल्लवी बागुल और साक्षी यादव ने 'द गवर्नेंस चैलेंज' जीता, जो 25 प्रमुख बिजनेस और सार्वजनिक नीति स्कूलों के लिए भारत की पहली राष्ट्रीय गवर्नेंस केस प्रतियोगिता है। उन्हें यह पुरस्कार हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदान किया।
- सिटी लीडरशिप अवार्ड अपराजिता तिवारी और हरिनी एन ने जीता।
- कौस्तव मलिक और निखिल पंड्या ईएक्सएल सर्विसेज द्वारा आयोजित ईएक्सएल एक्यूमेन 2022 के राष्ट्रीय विजेता थे।
- सैमसंग द्वारा आयोजित ईडीजीई के 7वें संस्करण के विजेता अमृता सिंह, चैतन्य शिंदे और श्रेयस एस थे।
- स्तुति शर्मा, तमोघना मैत्रा और सौमिल सोनारा पब्लिसिस सैपिएंट प्रोडक्ट स्पॉटलाइट 2022 के राष्ट्रीय विजेता थे।
- अरुशी गर्ग और कृष्णा राय कोटक चेरी चेंजमेकर्स 2022 केस प्रतियोगिता के विजेता थे।
- टीम एचएनआई के चैतन्य शिंदे, हर्ष अग्रवाल और केतकी कुंडावर भारती एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित एक केस प्रतियोगिता, भारती फिनप्रो 3.0 के प्रथम उपविजेता रहे।
- अभिषेक तिवारी टीवीएस क्रेडिट ई.पी.आई.सी. एनालिटिक्स चैलेंज सीज़न 4 के प्रथम उपविजेता रहे।
- ए हरिशंकर, आदिल नज़ीर, कृष्णा गुप्ता और विशाल बोंडाडे सारेगामा इंडिया लिमिटेड द्वारा टैलेंटवुड केस प्रतियोगिता के प्रथम उपविजेता रहे।
- अमृता सिंह, चैतन्य शिंदे और श्रेयस एस स्विस री रीइमेजिन चैलेंज 2022 के प्रथम उपविजेता रहे।
- हिमांशु शेखर, मयूरेश कंक्राले, मोहित शर्मा, नवीन कंधला और यश देवीकर इवलयूथ इंडिया इवैल्यूएशन केस प्रतियोगिता 2022 के पहले उपविजेता रहे।
- अमृता सिंह, चैतन्य शिंदे और श्रेयस एस आर्थर डी. लिटिल इनोवेशन चैलेंज 2022 के प्रथम उपविजेता रहे।
- टीएम निखिल साई और नुकला हर्ष वर्धन टीवीएस क्रेडिट ई.पी.आई.सी. फाइनेंस चैलेंज सीज़न 4 के प्रथम उपविजेता रहे।
- अभिनीत प्रत्यूष, मयंक, श्रेया विश्वनाथ और तुषार सनप अमेज़ॅन कस्टमर एक्सीलेंस (एसीई) चैलेंज 2022 के उपविजेता रहे।
- पोथुराजू दीक्षित को मिराए एसेट फाउंडेशन छात्रवृत्ति प्राप्त हुई।

एमजीएनएफ

- भाप्रसं अहमदाबाद के जेएसडब्ल्यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी और इंडिया पब्लिक पॉलिसी नेटवर्क द्वारा आयोजित आईपीपीएन वार्षिक सम्मेलन 2022 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येता कार्यक्रम के एच पी मनोज ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। मनोज ने 'प्रशासनिक बैकस्लाइडिंग' पैनल को चुना और 'लोग, राजनीति और सोशल मीडिया: जमीनी स्तर से प्रशासनिक बैकस्लाइडिंग को समझना' पर सार प्रस्तुत किया।
- यादगीर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येता कार्यक्रम की फेलो अर्चना को उपायुक्त द्वारा यादगीर कौशल्या केंद्र के लिए एक नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया था। नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले में समग्र परियोजना के कार्यान्वयन की देखरेख करना उसकी भूमिका है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

अवस्थापन

पीजीपी और पीजीपी-बीए

वर्ष 2021-23 के पीजीपी और पीजीपी-बीए कक्षा हेतु पार्श्व और अंतिम अवस्थापन में 606 प्रस्ताव प्राप्त हुए, वस्थापनके लिए उपस्थित हुए सभी 512 छात्रों को दो साक्षात्कार दिनों में नौकरियां प्राप्त हुई। मुख्य रूप से परामर्श और उत्पाद प्रबंधन भूमिकाओं के कारण सभी क्षेत्रों से प्रस्तावों में वृद्धि हुई। ग्रीष्मकालीन अन्तःशिक्षुता के बाद हमारे छात्रों को बड़ी संख्या में दिए गए अवस्थापन पूर्व प्रस्ताव उनकी क्षमता और संभावना प्रमाण हैं। इस सीज़न में यूरोप, दुबई और सिंगापुर जैसे विदेशी स्थानों से परामर्श, वित्त और व्यापार रणनीति भूमिकाओं के प्रस्ताव के साथ कंपनियों की भागीदारी भी देखी गई।

ईपीजीपी

2022-23 बैच में ईपीजीपी के 100% अवस्थापन दर्ज किया गया। नवंबर 2022 में अवस्थापन सप्ताह के तीन दिनों के भीतर ही 90% से अधिक बैच को नौकरिया दे दिया गया और बाकी छात्रों को रोलिंग भर्ती प्रक्रिया में रखा गया, जो इस वर्ष 20 जनवरी को पूरा हुआ। ईपीजीपी ने इस वर्ष अब तक के सबसे अधिक नए भर्तीकर्ताओं को आकर्षित किया।

वित्तीय स्थिति

वित्तीय वर्ष 2022-23 ने किसी भी पूर्व-महामारी वर्ष के दौरान उत्पन्न कुल राजस्व को पार करके, महामारी के प्रभाव से उबरने का प्रदर्शन किया। संस्थान ने वित्तीय वर्ष को 311 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च राजस्व के साथ समापन किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में 19% की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष के लिए सकल राजस्व 290 करोड़ रुपये के अनुमानित राजस्व से 7% अधिक था। डिग्री प्रदान करने वाले कार्यक्रमों में स्थिर और नियोजित वृद्धि के अलावा, कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों (ईईपी) का पुनरुद्धार और नए कार्यक्रम शुरू करने के लिए बड़े पैमाने पर ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) का विस्तार वर्ष के मुख्य आकर्षण हैं।

वर्ष के कुल राजस्व में शैक्षणिक कार्यक्रमों का योगदान 86% से अधिक था। डिग्री-अनुदान कार्यक्रमों ने निरंतर वृद्धि को दर्शाते हुए कुल राजस्व में 54% से अधिक का योगदान जारी रखा। ईईपी की बहाली, विशेष रूप से सरकारी विभागों और एजेंसियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए कस्टम कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 33% की वृद्धि को दर्शाते हुए कुल ईईपी राजस्व 93 करोड़ रुपये हो गया। अस्पताल प्रबंधन और डेटा विज्ञान में दो नए कार्यक्रमों के लॉन्च के साथ इस वर्ष एमओओसी के लिए एक नया मील का पत्थर देखा गया, और इसके परिणामस्वरूप इस राजस्व धारा के लिए शीर्ष रेखा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

कायिक और अक्षय निधि से प्राप्त प्रतिलाभ ने कुल राजस्व में 6% का योगदान दिया। बदलते आर्थिक परिदृश्यों के बावजूद, संस्थान सुरक्षा, अच्छी क्रेडिट गुणवत्ता और तरलता के मापदंडों पर अच्छी तरह से निर्धारित निवेश रणनीति के आधार पर एक मजबूत सूची प्रतिलाभ बनाए रखने में सक्षम रहा है।

वर्ष 2022-23 हेतु मूल्यह्रास सहित कुल व्यय 217 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2021-22 के वास्तविक व्यय से 21% अधिक है जो कि 180 करोड़ रुपये था। यह वृद्धि स्पष्ट रूप से परिसर में गतिविधियों, शैक्षणिक यात्राओं (घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों) और ईईपी गतिविधियों में वृद्धि को प्रमाणित करती है जो सामान्य स्थिति की ओर वापसी की यात्रा का संकेत देती है। व्यय में वृद्धि स्थापना और प्रशासनिक एवं सामान्य व्ययों में वृद्धि के कारण हुई है। संस्थान ने कई परामर्श और शोध परियोजनाओं से राजस्व और व्यय को मान्यता दी जो वर्ष (नीति के अनुसार) के दौरान बंद हो गए थे।

संस्थान ने वर्ष के दौरान पात्र छात्रों को 8 करोड़ रुपये का वितरण करके वित्तीय सहायता देने की परंपरा को जारी रखा। विभिन्न केंद्रों, संकाय अनुसंधान अनुदानों और पुरस्कारों के माध्यम से अनुसंधान गतिविधियाँ नियोजित आबंटन के अनुसार संचालित की गईं।

वित्तीय वर्ष के दौरान संस्थान में निम्नलिखित संकाय सदस्य संस्थान के शीर्ष उपार्जक थे: प्रोफेसर यू दिनेश कुमार, प्रोफेसर जी शाइनेश, प्रोफेसर ईएस श्रीनिवास, प्रोफेसर राहुल डे और प्रोफेसर शुभब्रत दास।

संस्थान ने वर्ष के दौरान मौजूदा परिसर (पीजीपी और ईपीजीपी छात्रों के लिए छात्रावास ब्लॉक) और नए परिसर (एमडीसी डाइनिंग, एमडीसी रूम और क्लासरूम) में दो प्रमुख अवसंरचना विस्तार परियोजनाएं पूरी कीं। विभिन्न श्रेणियों में 138.15 करोड़ रुपये की संपत्ति का पूंजीकरण किया गया। संस्थान ने वर्ष 2021-22 के दौरान किए गए प्रयासों को जारी रखते हुए लेखा बहियों के साथ मूल्यों के मिलान के साथ-साथ अपनी सभी संपत्तियों का पूर्ण भौतिक सत्यापन और टैगिंग की। इस समीक्षा के परिणामस्वरूप, 12.16 करोड़ रुपये की राशि को मूल्यह्रास पुनर्गणना रिजर्व के रूप में वर्गीकृत किया गया है और आवश्यक समायोजन करने के बाद समग्र निधि में शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान पुस्तकालय संसाधनों, उपकरणों और आईटी से संबंधित अवसंरचना पर वार्षिक पूंजीगत व्यय 13 करोड़ रुपये था।

संस्थान ने परिसर व्यापी ईआरपी कार्यान्वयन पहल की थी और कुछ ईआरपी मॉड्यूल वर्ष 2022-23 के दौरान लाइव हो गए थे। संस्थान को इस बात की उम्मीद है कि वित्त वर्ष 23-24 के अंत तक शेष मॉड्यूल को प्रारंभिक योजना के अनुसार पूरा कर लिया जाएगा।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

संस्थान ने वर्ष 2023 हेतु प्रस्तावित स्वर्ण जयंती वर्ष की गतिविधियों सहित विभिन्न पहलों के लिए अपने भूतपूर्व छात्रों, कॉर्पोरेट संस्थाओं और सरकारी विभागों से विभिन्न दान, परियोजना अनुदान और सीएसआर योगदान प्राप्त किया।

वर्ष के दौरान सांविधिक विनियोजन से पूर्व सकल अधिशेष 93 करोड़ रुपये था। संस्थान ने बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर सेवांत लाभ निधि के लिए 46.44करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया। संस्थान के गवर्नर मंडल ने अवसंरचना विकास निधि (आईडीएफ) के लिए 25 करोड़ रुपये के विनियोजन को मंजूरी दी और नए परिसर में आगामी निर्माण परियोजना का समर्थन करने के लिए कोविड निधि में शेष राशि (9.31 करोड़ रुपये) को आईडीएफ में स्थानांतरित करने की मंजूरी दी।

संस्थान ने यूजी कैंपस निर्माण परियोजना के लिए जमीनी कार्य में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें सूचीबद्ध वास्तुकार के साथ विस्तृत डिजाइन और योजनाएं शामिल हैं। यह दूसरे परिसर में अपना स्नातक कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी सुनिश्चित करने के संस्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

संक्षेप में, संस्थान का वार्षिक वित्तीय निष्पादन एक आशाजनक प्रवृत्ति प्रदर्शित करता है और एक मजबूत और सकारात्मक वित्तीय दृष्टिकोण को दर्शाता है।.

भूतपूर्व छात्र

हमारे भूतपूर्व छात्र हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखते हैं, और उनकी व्यापक उपलब्धियाँ हमेशा संस्थान को अधिक प्रसिद्धि दिलाती हैं। शोभित शुक्ला (पीजीपी'09), अध्यक्ष और सह-संस्थापक, नियर ने हमें उस समय गौरवान्वित महसूस कराया जब उनकी कंपनी को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया था। एम वी राजमन्नार, भाप्रसंबें के प्रतिष्ठित भूतपूर्व छात्र (पीजीपी 1983-85) और मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी और अध्यक्ष, हेल्थकेयर बिजनेस, मास्टरकार्ड, फोर्ब्सीएमओ हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले लोगों में से हैं। साहिल बरुआ, पीजीपी क्लास के भूतपूर्व छात्र हैं, जो वर्ष 2008 में डेल्हीवरी के सह-संस्थापक और सीईओ हैं, जिसने मई में अभिदाताओं के लिए अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च की थी। आईआईएफएल वेल्थ एंड एसेट मैनेजमेंट के संस्थापक, एमडी और सीईओ, करण भगत को द इकोनॉमिक टाइम्स 'एशियाज प्रॉमिसिंग बिजनेस लीडर्स 2021-22' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भाप्रसं बेंगलूर के भूतपूर्व छात्र संघ ने सितंबर माह में अपना मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

भाप्रसंबे संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान और उसके बाद भी, भूतपूर्व छात्र समुदाय के लिए अपने मातृ संस्था (अल्मा मेटर) के साथ अपने विशेष संबंध को पुनः जागृत करने के लिए कई कार्यक्रमों और सहभागिता के अवसर आयोजित करेगा। भाप्रसंबे समुदाय की ताकत इस बात में निहित है कि यह कितनी अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इस जुड़ाव को और सुदृढ़ करने हेतु, हम एक विशेष भूतपूर्व छात्र रेफरल योजना शुरू कर रहे हैं, जहां वे अपने उन साथी भूतपूर्व छात्रों की पहचान कर सकेंगे, जिन्होंने समुदाय से संपर्क नहीं रहा है और उन्हें हमारे साथ जोड़ सकेंगे। हमारे स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान शीर्ष पांच 'संदर्भदाताओं' को भी सम्मानित किया जाएगा।

निष्कर्ष

मैं अपने उन सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ और बधाई देता हूं जो शैक्षिक उत्कृष्टता, अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने, उद्यमशीलता का समर्थन करने, प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा का उपयोग करके गहरा सामाजिक प्रभाव डालने, उत्कृष्टता पर जोर देने और हर वक्त राष्ट्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के हमारे उद्देश्य में योगदान देना जारी रखते हैं।

वे सभी कार्यक्रमों में छात्रों की प्रवेश संख्या बढ़ाने, भूतपूर्व छात्रों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने, अवसंरचना, प्रशासन के साथ-साथ शासन में सुधार लाने का जो भाप्रसंबें का उद्देश्य है, उसका एक अभिन्न अंग रहे हैं। इस अवसर पर मैं एक विशेष संदेश देना चाहता हूं। हमारी यात्रा के हर चरण में हमारा समर्थन करने और भाप्रसं बें को उत्कृष्ट बनने की दिशा में कर्नाटक सरकार द्वारा दिए गए योगदान हेतु आभार प्रकट करता हूँ।

हम इस तथ्य को भी स्वीकार करते हैं कि 50 वर्ष का मील का पत्थर हमारी यात्रा का एक हिस्सा मात्र है। एमबीए प्रोग्राम का प्रभाव कक्षा से बाहर तक फैला हुआ है। हम अपने भावी स्नातकों की विकास यात्रा पर ध्यान केंद्रित रखेंगे और देखेंगे कि वे समाज में कैसे बदलाव ला सकते हैं।

हार्दिक शुभकामनाएँ,

प्रोफेसर ऋषिकेश टी कृष्णन,
निदेशक, भाप्रसं बेंगलूर

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी अध्यक्ष, अधिशासी मंडल भारतीय प्रबंध संस्थान बेगलूर बेंगलूरु (भारत)	**श्री राजीव मलीवाल** संस्थापक एवं प्रबंध साझेदार सेबर पार्टनर, सिंगापुर मुंबई (भारत) 01 अप्रैल 2022 से 30 नवंबर 2022 तक **मालविका आर हरिता** संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ब्रांड सर्कल पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, साची एवं साची फोकस नेटवर्क इंडिया 1 दिसंबर 2022 से अब तक
डॉ. हस्मुख अद्या पूर्व वित्त सचिव भारत सरकार अहमदाबाद (भारत)	**डॉ. पी डी जोस** प्रोफेसर भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल, 2022 से 23 दिसंबर, 2022 **डॉ. रेजी जॉर्ज पलाथिट्टा** प्रोफ़ेसर भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर बेंगलुरु (भारत) 24 दिसंबर 2022 से अब तक
श्रीमती विनीता बाली स्वतंत्र निदेशक स्ट्रेटजी परामर्शी बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल 2022 से 23 दिसंबर 2022 **प्रोफेसर राजी श्रीनिवासन** सैम बरशॉप सेनटेनियल प्रोफेसर, विपणन प्रशासन, युनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सॉस ऑस्टिन, यू.एस.ए 24 दिसंबर 2022 से अबतक	**प्रोफेसर ऋषिकेश टी कृष्णन** निदेशक भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर बेंगलूरु (भारत)
श्री सोनजोय चटर्जी अध्यक्ष गोल्डमैन सच्स (भारत) सुरक्षा प्रा.लिमिटेड मुम्बई (भारत)	**श्री एम.डी. रंगनाथ** अध्यक्ष कैटरमरन वेनटुर बेंगलूरु (भारत)
प्रो. दास नारायन दास ऐडसेल ब्रियंट फोर्ड प्रोफेसर ऑफ बिजनेस प्रशासन, सीनियर एसोसिएट डीन फॉर एचबी एस पब्लिकशिंग हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, बॉस्टन, यूएसए	**श्रीमती निरुपम रॉय, आईएफएस (सेवानिवृत)** पूर्व विदेश सचिव भारत सरकार बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल, 2022 से 23 दिसंबर, 2022 **श्री मुकेश बंसल** मुख्य कार्यपालक अधिकारी और संस्थापक, मेरकाई लैब बेंगलूरु (भारत) 24 दिसंबर, 2022 से अबतक

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

श्रीमती शांति एकंबरम समूह अध्यक्ष उपभोक्ता बैंकिंग कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड मुंबई (भारत)	**श्रीमती कल्पना सरोज** अध्यक्ष कमानी ट्यूब्स मुंबई (भारत)
डॉ. मुक्ता कुलकर्णी प्रोफेसर भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल 2022 से 18 अक्टूबर 2022 **डॉ. अशोक थम्पी** प्रोफेसर भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर बेंगलूरु (भारत) 19 अक्टूबर 2022 से अब तक	**श्रीमती कल्पना सरोज** अध्यक्ष कमानी ट्यूब्स मुंबई (भारत)
श्री पी रवि कुमार, भाप्रसे प्रधान सचिव कर्नाटक सरकार बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल, 2022 से 31 मई, 2022 **श्रीमती वंदिता शर्मा, भाप्रसे** प्रधान सचिव कर्नाटक सरकार बेंगलूरु (भारत) 1 जून 2022 से अब तक	

विशेष रूप से आमंत्रित

प्रोफेसर राजेंद्र के बंडी संकायाध्यक्ष (प्रशासन) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर बेंगलूरु (भारत)	**प्रोफेसर चेतन सुब्रमणयन** संकायाध्यक्ष (संकाय) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
प्रोफेसर के कुमार संकायाध्यक्ष (पूर्व छात्र संबंध एवं विकास) भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर बेंगलूरु (भारत) 01 अप्रैल 2022 से 31 मई 2022 **प्रोफेसर सौरभ मुखर्जी** संकायाध्यक्ष(पूर्व छात्र संबंध एवं विकास) भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर बेंगलूरु (भारत) 01 जून, 2022 से अब तक	**प्रोफेसर राहुल डे** संकायाध्यक्ष (कार्यक्रम) भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर बेंगलूरु (भारत)

- 31 मार्च , 2023 तक
- अंतिम नामों को वर्णानुक्रम में प्रस्तुत किया गया है।
- शासी बोर्ड की बैठकों का ब्यौरा विवरण 1 पर दिया गया है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृश्य:

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर निम्नलिखित डिग्री प्रदान करने वाले कार्यक्रम संचालित करता है – विद्या वाचस्पति (पीएचडी), प्रबंधन में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी), उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम), प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) और प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम-बिजनेस एनालिटिक्स (पीजीपी-बीए)।

भाप्रसंबें एन.एस. रामास्वामी पूर्व- वाचस्पति फ़ेलोशिप (एनएसआर पूर्व-वाचस्पति), और महात्मा गांधी नेशनल फ़ेलोशिप (एमजीएनएफ) नामक सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी संचालित करता हैं।

2.1 विद्या वाचस्पति (पीएचडी) :

भारतीय विश्वविद्यालय संघ और भारत सरकार ने भाप्रसंबें द्वारा संचालित वाचस्पति कार्यक्रम को पीएचडी के समतुल्य मान्यता दी गई है। नियमित पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षाशास्त्र के अलावा, यह पाठ्यक्रम समूह बातचीत और सहकर्मी शिक्षण के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करने वाली वृहत परियोजना पर बल देता है।

भाप्रसंबें में विद्या वाचस्पति कार्यक्रम का उद्देश्य निम्नलिखित है:

- यह व्यवसाय प्रबंधन और सार्वजनिक नीति के सभी क्षेत्रों में कठोर, विश्व स्तरीय, अंतर-विषयी प्रशिक्षण प्रदान करेगा जो छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप अत्याधुनिक, प्रकाशन-गुणवत्तायुक्त शोध करने की क्षमता से लैस करेगा ।
- भारत में फर्मों और संगठनों के समक्ष आने वाले मुद्दों पर बल देने के साथ-साथ व्यवसाय प्रबंधन और सार्वजनिक नीति के सभी क्षेत्रों में ज्ञान निर्माण और प्रसारण में योगदान देना।
- व्यवसाय प्रबंधन और लोक नीति के सभी क्षेत्रों में ज्ञान निर्माण, प्रसारण, संचार और अनुप्रयोग में भाप्रसंबें के संकाय सदस्यों द्वारा किए जानेवाले प्रयासों में योगदान करना।
- विशिष्ट अनुसंधान करने में असाधारण विश्लेषणात्मक क्षमता और प्रशिक्षण के साथ उच्च कौशल प्राप्त व्यक्तियों को तैयार करके शिक्षा और उद्योग की शिक्षण और शोध संबंधी जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करना।

वाचस्पति कार्यक्रम निम्नलिखित मूल्यों का पालन करता है:

- व्यवसाय प्रबंधन और लोक नीति के सभी क्षेत्रों में सैद्धांतिक और अनुभवजन्य ज्ञान के निर्माण पर बल देना।
- पेशेवर नैतिकता और बौद्धिक ईमानदारी
- अंतर-विषयी शोध और प्रशिक्षण में सख्ती का पालन करना
- छात्रों द्वारा पेशेवर गतिविधि और टीम वर्क को प्रोत्साहित करना
- पूरी दुनिया के अन्य अग्रणी विश्वविद्यालयों और शोध संगठनों के साथ संबंध बनाना

भाप्रसंबें में विद्या वाचस्पति छात्र निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक में विशेषज्ञ हैं:

- निर्णय विज्ञान
- सूचना प्रणाली
16	पी एंड जी इमर्जिंग लीडर्स कार्यक्रम 2022	शशांक गुप्ता	पी एंड जी	राष्ट्रीय द्वितीय विजेता	https://iimblr1-my.sharepoint.com/personal/ smc_ iimb_ac_in/Documents/Apps/Microsoft %20Forms/ PGPPGPBA%20 Student%20 Achievements%20 (2022-23)/Question/ P% 26G%20 ELP%20selec- tion%20email_ SHASHANK%20GUPTA.pdf; https://iimblr1- my.sharepoint. com/personal/smc_ iimb_ac_in / Documents/Apps/Microsoft%20Forms/ PGPPGP BA% 20Student%20 Achievements%20 (2022-23)/ Question/ Shashan k_Gupta_SHA- SHANK%20 GUPTA%201.JPG	

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

17	प्यूमा फॉरएवर फास्टर चैलेंज	अमीर आईएफ, दिनेश दुरई एस, ज्ञानेश्वर एस	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (एनआईटीआईई), मुंबई	राष्ट्रीय प्रथम उपविजेता	https://iimblr1-my.sharepoint.com/ personal/ smc_ iimb_ac_in/ Documents/Apps/Microsoft %20Forms/ PGPPGPBA%20 Student%20 Achievements%20 (2022-23)/ Question/ certificate-%20Ameer%20 I%20F-%20The% 20B-Tribe_ DINESH%20S.png;https://iimblr1-my.sharepoint.com/personal/smc_ iimb_ac_in /Documents/Apps/Microsoft%20Forms/PGPPG PBA%20Student%20Achievements%20 (2022-23) /Question/certificate-%20Dinesh%20 Durai% 20S-%20The%20B-ribe_DINESH%20S. png; https://iimblr1 my.sharepoint. com/ personal/ smc_iimb_ac_in/ Documents/ Apps/Microsoft%20 Forms/PGPPGPBA%20 Student%20Achieve- ments%20(2022-23)/ Question/certificate-%20 Dyaneshwar%20S-% 20The%20B-Tribe_ DINESH%20S.png; https:// iimblr1-my.sharepoint. com/personal/smc_iimb _ac_in/Documents/Apps/ Microsoft% 20 Forms/PGPPGPBA%20Student%20 Achievements %20(2022-23)/Question/Ameer_ DINESH% 20S.jpg; https://iimblr1-my.sharepoint.com/ personal/smc_iimb_ac_in/Documents/Apps/ Microsoft%20Forms/PGPPGPBA%20Student% 20 Achievements %20(2022-23)/Question/Dinesh _ DINESH%20S.jpg; https://iimblr1-my.sharepoint . com/personal/ smc_iimb_ac_in/Documents/ Apps/ Microsoft%20Forms/PGPPGPBA%20 Student%20 Achievements %20(2022-23)/ Question/Dyanesh_ DINESH%20S.jpg	
18	यंग एनालिस्ट अवार्ड	श्रीया साईनाथ	इंस्टीट्यूट ऑफ एनालिटिक्स (आईओए)	अन्तर्राष्ट्रीय विजेता	https://iimblr1-my.sharepoint.com/ personal/ smc_ iimb_ac_in/ Documents/Apps/Microsoft %20Forms/ PGPPGPBA%20 Student%20 Achievements%20 (2022-23)/ Question/Badge %20-%20Sriya%20 Sainath_SRIYA%20SAINATH. jpg; https://iimblr1- my.sharepoint.com/ personal /smc_iimb_ac_in/ Documents/Apps/Microsoft% 20Forms/PGPPG- PBA%20Student %20 Achievements%20(2022-23)/ Question/Certificate %20-%20Sriya %20Sainath_ SRIYA% 20SAINATH. pdf; https://iimblr1-my.share- point.com/personal /smc_iimb_ac_in/Documents/ Apps/Microsoft%20 Forms/PGPPGPBA%20Stu- dent%20Achievements %20(2022-23)/Question/ SriyaSainath _Photo_ SRIYA%20SAINATH.jpg	https://ioaglobal.org/ ioanews/sriya-sainath- wins-first-ioa-young-analyst-award/

अनुराग राठी को बैच के सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड प्रदर्शन (पीजीपी और पीजीपी-बीए सहित) का पुरस्कार दिया गया।

पीजीपी और पीजीपी - बीए समेत इस बैच का सर्वोत्तम ऑल राउंड निष्पादन पुरस्कार अनुराग राठी को दिया गया।

कुल मिलाकर 472 पीजीपी छात्रों (जिसमें दोहरी डिग्री के अगले चार पाठ्यक्रम शामिल रहे) को व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एमबीए) की उपाधि प्रदान की गई।

इसके साथ ही, 39 पीजीपी - बीए के छात्रों को व्यवसाय प्रशासन संग बिजनेस एनालिटिक्स में स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई।

2.4.6 अवस्थापन :

वृति विकास सेवाओं का कार्यालय प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन अवस्थापन, पीजीपी, पीजीपीबीए, पीएचडी के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए अंतिम अवस्थापन और ईपीजीपी के लिए अवस्थापन आयोजित करता है। पीजीपी, पीजीपीबीए और ईपीजीपी की छात्र अवस्थापन समितियां अवस्थापन के सफल समापन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

ग्रीष्म अन्तःशिक्षुता:

530 छात्रों के बैच के लिए ग्रीष्म अन्तःशिक्षुता चयन प्रक्रिया, जिनमें से 33% महिलाएं थीं, 7 नवंबर 2022 को शुरू हुई और 11 नवंबर 2022 को समाप्त हुई। एक छात्र ने इस चयन प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना। सभी 529 पात्र छात्रों को 118 कंपनियों द्वारा व्यवसाय विश्लेषिकी, कंपनी वित्त एवं वाणिज्यिक बैंकिंग, ई-कॉमर्स, सामान्य प्रबंधन, आईटी/उत्पाद प्रबंधन, प्रबंधन परामर्श, विपणन एवं बिक्री और परिचालन जैसी भूमिकाओं में भर्ती किया गया था।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

अंतिम अवस्थापन :

अंतिम अवस्थापन प्रक्रिया 6 फरवरी 2023 को शुरू हुई और 10 फरवरी 2023 को समाप्त हुई। इस प्रक्रिया में कुल 512 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 27.61% महिलाएं थीं। लगभग 164 कंपनियों ने अवस्थापन प्रक्रिया में भाग लिया और 606 प्रस्ताव दिए। इनमें से 221 प्रस्ताव अंतिम अवस्थापन के दौरान दिए गए थे।

पार्श्व अवस्थापन:

18 महीने से अधिक के कार्यानुभव वाले अभ्यर्थियों के लिए जनवरी 2023 और फरवरी 2023 के बीच चल आधार पर पार्श्व अवस्थापन प्रक्रिया आयोजित की गई थी। कुल 26 कंपनियों ने परिसर का दौरा किया और 94 प्रस्ताव दिए, जिनमें से 82 को छात्रों ने स्वीकार कर लिया।

कुल प्रस्ताव (पीपीओ, एलपीओ और एफपीओ) का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार था: व्यवसाय विश्लेषिकी 4%, कंपनी वित्त एवं वाणिज्यिक बैंकिंग 14%, ई-कॉमर्स 5%, सामान्य प्रबंधन 12%, आईटी/उत्पाद प्रबंधन 10%, प्रबंधन परामर्श 43%, विपणन एवं बिक्री 11% और परिचालन 1%। कैंपस में प्रमुख भर्तीकर्ता थे: बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप-26, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी-22, बेन एंड कंपनी-22, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज-18, मैकिन्से एंड कंपनी-16, अमेरिकन एक्सप्रेस-15, अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया -14, कोगोपोर्ट-11, ईएक्सएल सेवाएँ-10 और माइक्रोसॉफ्ट-10।

पीजीपी एवं पीजीपी-बीए:

वर्ष 2021-23 के पीजीपी और पीजीपी-बीए कक्षा के लिए पार्श्व और अंतिम अवस्थापन में 6 0 6 प्रस्ताव आए, जिसके परिणामस्वरूप अवस्थापन के लिए उपस्थित हुए सभी 512 छात्रों को दो साक्षात्कार दिनों में अवस्थापन दिया गया। अवस्थापन सीज़न में सभी क्षेत्रों में प्रस्ताव में वृद्धि देखी गई।

2.5 एन. एस. रामास्वामी प्री-डॉक्टरल फेलोशिप (एनएसआर प्री-डॉक्टर)

परिदृश्य :

एन.एस. रामास्वामी प्री-डॉक्टोरल फ़ेलोशिप भारत में प्रबंधन शिक्षा जगत की सामाजिक विविधता को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक अत्यधिक चयनात्मक कार्यक्रम है। यह एक लचीला एक-वर्षीय फ़ेलोशिप कार्यक्रम है जिसे चयनित प्री-डॉक्टरल फ़ेलोशिप को प्रबंधन और संबद्ध विषयों में वाचस्पति कार्यक्रमों में सफलतापूर्वक आवेदन करने में सक्षम बनाने और मदद करने के लिए अभिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से समाज के ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले वर्गों के आवेदकों को लक्षित करता है।

वर्ष 2022-23 पूर्व-डॉक्टोरल फ़ेलोशिप प्रबंधन छात्रवृत्ति और शोध में निम्नलिखित विषय क्षेत्रों में उपलब्ध हैं-:

- निर्णय विज्ञान
- अर्थशास्त्र एवं सामाजिक विज्ञान
- उद्यमिता
- वित्त लेखा
- इन्फॉर्मेशन सिस्टम
- विपणन
- संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन
- उत्पादन एवं संचालन प्रबंधन
- लोकनीति
- कार्यनीति

पूर्व-डॉक कार्यक्रम एक लचीला परामर्शदाता-संचालित फेलोशिप कार्यक्रम है, जहां फेलो वाचस्पति कार्यक्रम में सफल होने के लिए आवश्यक औपचारिक और अन्तर्हित ज्ञान प्राप्त करते हैं। प्रत्येक अध्येता को एक परामर्शदाता नियुक्त किया जाता है जो भाप्रसंबें में पूर्णकालिक संकाय सदस्य होता है।

हालाँकि कार्यक्रम अत्यधिक लचीलापन और विकल्प प्रदान करता है, फिर भी कुछ सामान्य और मुख्य तत्व हैं जिन्हें पूरा करना आवश्यक है:

- अध्येताओं को भाप्रसं बैंगलोर डॉक्टोरल कार्यक्रम के लिए आयोजित प्रारंभिक सत्र में भाग लेना आवश्यक है।
- प्रत्येक फेलो को अपनी रुचि के क्षेत्रों में कम से कम दो वाचस्पति -स्तर या एमबीए-स्तर के तीन-क्रेडिट पाठ्यक्रम पूरे करने होंगे और संकाय सदस्य परामर्शदाता द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।
- संकाय परामर्शदाता की देखरेख में अध्येता को प्रति सप्ताह कम से कम 40 घंटे शोध कार्य और अध्ययन करेंगे।
- एक गणित क्लिनिक (प्रति सप्ताह 1.5 घंटे) और एक लेखन कार्यशाला (प्रति सप्ताह 1.5 घंटे) की आवश्यकता होती है, सिवाय इसके कि जब संकाय परामर्शदाता द्वारा छूट दी गई हो और प्री-डॉक्टोरल संकाय समिति द्वारा अनुमोदित किया गया हो

2.5.1 मासिक वृतिका और अन्य वित्तीय सहायता:

- प्रत्येक अध्येता अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी पाठ्यक्रम के लिए पूर्ण शिक्षण शुल्क में छूट के अलावा 30,000 रुपये का मासिक वृतिका प्राप्त करता है।
- अध्येताओं को प्रचलित संस्थान मानदंडों के अनुसार मकान किराया भत्ता भी मिलता है।
- प्रत्येक अध्येता को एक कक्ष स्थान आवंटित किया जाता है और एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाता है जिसका उपयोग लैपटॉप खरीदने के लिए किया जा सकता है।
- अध्येताओं को संस्थान के प्रचलित मानदंडों के अनुसार एकमुश्त आकस्मिक अनुदान भी प्रदान किया जाता है जिसका उपयोग संकाय संरक्षक और प्री-डॉक्टर संकाय समिति द्वारा अनुमोदित शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- अध्येताओं को राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए समर्थन मिलता है जहां अध्येता प्रस्तुतकर्ता लेखक होता है और प्री-डॉक्टर संकाय समिति द्वारा अनुमोदित होता है।
- उन्हें संकाय परामर्शदाता की पूर्व स्वीकृति के साथ, केवल एक प्रतिभागी या पर्यवेक्षक के रूप में भी, एक राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए समर्थन प्राप्त होता है।

2.5.2 प्री-डॉक्टरल कार्यक्रम प्रवेश विवरण:

- 299 आवेदन प्राप्त हुए
- 68 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया
- 9 प्रस्ताव दिये गये
- 8 स्वीकृत

अध्येताओं के बैच का क्षेत्र-वार प्रवेश निम्नानुसार है

क्षेत्र	छात्रों की संख्या
निर्णय विज्ञान क्षेत्र	2
क्षेत्र	**छात्रों की संख्या**
अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान	1
वित्त एवं लेखा	1
सूचना प्रणाली	1
विपणन	1
लोक नीति	1
कार्यनीति	1

2.5.3 वर्ष 2022 -23 के लिए संकाय परामर्शदाताओं की सूची:

- प्रोफेसर ऋषिदीप रॉय और प्रोफेसर सौदीप देब निर्णय विज्ञान)
- प्रोफेसर गोपाल नाइक (अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान)
- प्रो. अभिनव आनंद ((वित्त एवं लेखा)
- प्रो. राजेंद्र के बंदी (सूचना प्रणाली)
- प्रोफेसर अनिल बी सूरज (विपणन)
- प्रोफेसर एलन पी उगर्गोल (लोक नीति)
- प्रो. नीलम कौशिक (कार्यनीति)

2.5.4 प्री-डॉक बैच की उपलब्धियाँ:

- रोहन लक्ष्मण चलवाड़ी: विप्रो सस्टेनेबल फ़ेलोशिप से सम्मानित; एग्रीटेक स्टार्ट-अप और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जीवन परियोजना में क्वींसलैंड विश्वविद्यालय और आईआईटी दिल्ली के संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम में पीएचडी प्रवेश।
- पार्वती: जर्नल साइकोलॉजी एंड मार्केटिंग में पेपर प्रकाशन, जिसका शीर्षक है, 'उपहार देने पर एक ग्रंथ सूची विश्लेषण'।
- अंकित अग्रवाल: पंपलिन बिजनेस स्कूल से बिजनेस सूचना प्रौद्योगिकी में पीएचडी का प्रस्ताव।

2.5.5 छात्रों द्वारा पेपर प्रस्तुतीकरण:

- परसाला जोथी सुंदरेश्वरी जे: सामाजिक विज्ञान और अर्थशास्त्र पर राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सोशल प्रूफिंग फैक्टर्स: इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर टैगिंग व्यवहार पर एक केस स्टडी' नामक पेपर प्रस्तुत किया।
- अंबिकेश पांडे द्वारा प्रस्तुत पेपर :

i. सांख्यिकी के अनुप्रयोग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएएस) में 'अ मॉडल दैट एन्हांस डेटा क्वालिटी फॉर रिलायबिलिटी ऑफ़ ऑनलाइन सर्वे डेटा" है')
ii. राष्ट्रीय सामाजिक संगठनात्मक और संस्थागत बैठक, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2022 में' सस्टेनेबिलिटी फोर रूरल आर्टिसन्स इन द न्यू एज ऑफ़ साइंस, टेक्नोलॉजी, एंड इनोवेशन'
iii. एसी प्रफुल्ल चंद्र रे के योगदान पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'इन्फ्लुएंस ऑफ़ मैथेमेटिक्स इन द थियरी ऑफ़ प्रोडक्शन ऑफ़ मर्क्यूरस

- अनी जैन: एफईसीओ 2023 में' फ्यूचर ऑफ़ एम्प्लायमेंट: चैलेंज एंड अपर्च्युनिटीज" पेपर प्रस्तुत किया।

सभी आठ छात्रों को फेलोशिप की आवश्यकता को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के बाद पूर्णता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृश्य:

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर (आईआईएमबी) की स्थापना से कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) इसका अभिन्न हिस्सा रहा है और संस्थान की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। ईईपी के तहत संचालित कार्यक्रमों ने उद्योग एवं सरकार में, विस्तृत क्षेत्र के मध्य एवं वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों के लिए वैश्विकृत, तीव्र गति से परिवर्तित हो रही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रबंधकीय कौशल उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यपालक शिक्षा यह भी आश्वस्त करती है कि आईआईएमबी में शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्योगों के सामने आ रहे हैं वास्तविक स्थितियों से संबंधित रहते हैं। कार्यपालक शिक्षा औद्योगिक क्षेत्र एवं सरकार के लिए आईआईएमबी का महत्वपूर्ण स्थान है और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अर्जित करने में इसका अच्छा कीर्तिमान है।

3.1 उद्देश्य

आईआईएमबी की कार्यपालक शिक्षा निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए निर्देशित है:

- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य संकेंद्रण, उद्योग एवं सरकार में प्रबंध न के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत प्रबंधकों के प्रबंधकीय ज्ञान कौशल की वृद्धि करना और उन्हें अद्यतन बनाना है। यह कार्यक्रम उन व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है जो पूर्णकालिक प्रबंध शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे और साथ ही, जिन्हें पहले से ही विशिष्ट विषय-ज्ञान प्राप्त है, किंतु उनके प्रबंधकीय कौशल को अद्यतन करने की आवश्यकता है।
- कार्यपालक शिक्षा, उद्योग और सरकार के साथ आईआईएमबी की संबद्धता निर्मित करने और उसे सुदृढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उक्त संगठन संस्थान के महत्वपूर्ण लाभानुभोगियों में से हैं। वास्तव में उद्योग की कई संबद्धताएं है जिनका संपोषण आईआईएमबी द्वारा हो रहा है। कार्यपालक शिक्षा किसी उद्देश्य के लिए एक माध्यम है।
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम, उद्योग और सरकार के सामने उपस्थित चुनौतियों के समाधान के लिए संकायों द्वारा सक्षमता विकास का जरिया है। कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम भातरीय अनुभवों पर आधारित अध्ययन है, जिसमें शोधात्मक दृष्टिकोण शामिल है। इस कार्यक्रम के बगैर यह मुश्किल होता। आगे भी यह सृजनात्मक कार्य संस्थान में जारी रखा जाएगा। यहां निर्मित संबंधसूत्र अन्य कार्यक्रमों में संकायों की भागीदारी के लिए उपयोगी है जिससे वे कार्यक्रम समृद्ध और सफल होंगे।
- केस लेखन एवं शोध कार्य को सुसाध्य बनाने के साथ-साथ कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम बेहतर परामर्श के अवसर उत्पन्न किए है। कार्यपालक आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों हेतु विश्लेषण क्षमता की आवश्यकता होती है। नई जरूरतों की पहचान का अवसर मिलता है। इस संदर्भ में संकाय सदस्यों से प्राप्त परामर्श – समुदेशन से काफी लाभ मिलता है जो उद्योगों और सरकार के स्तर पर समस्याओं को समझने और सुलझाने में सरहायक होता है।
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम संस्थान के लिए राजस्व अर्जित करते हैं जो अनेक नीतिगत पहलुओं और कार्यों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

3.2 कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग:

एफटी रैंकिंगी के भाग के रूप में आईआईएमबी के कार्यपालक शिक्षा को 2020, 2021 एवं 2022 में वैश्विक शीर्ष 50 में शामिल किया गया। साथ ही आईआईएमबी इस सूची में एकमात्र भीरतीय बी-स्कूल है।

3.2.1 एफटी रैंकिंग कार्यप्रणाली:

सहभागी स्कूलों की रैंकिंग, विभिन्न मानकों के आधार पर (कस्टम कार्यक्रमों हेतु) निगमों द्वारा, जो कार्यपालक शिक्षा पाठ्यक्रमों को तैयार करने का काम देते हैं, (खुले कार्यक्रम हेतु) इन पाठ्यक्रम के रहभागियों और स्कूलों द्वारा प्रस्तुत डेटा पर की जाती है।

ग्राहक, पाठ्यक्रम अभिकल्पना, अनुवर्तन एवं भावी प्रयोग से संबंधित संकेतकों की सीमा के आधार पर 10 बिंदु पैमाने पर कस्टम कार्यक्रमों को मूल्यांकित करते हैं। स्कूलों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का उपयोग अंतर्राष्ट्रीयकरण, विकास, साझेदार स्कूलों और संकाय विविधता का आकलन के लिए किया जाता है। खुले कार्यक्रमों की रैंकिंग सहभागियों की गुणवत्ता, शिक्षण और उनके द्वारा प्राप्त कौशल की प्रासंगिकता के आधार पर की जाती है। स्कूल डेटा का उपयोग, लिंग विविधता और अंतर्राष्ट्रीय सहभागी, विकास, अंतर्राष्ट्रीय स्थान एवं साझेदार स्कूलों से संबंधित शेष मानदंडों की गणना के लिए किया जाता है।

3·3 समग्र निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020-21 की शुरुआत में कोविड के आरंभ होने से कार्यपालक शिक्षा के निष्पादन पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, वह वितीय वर्ष 2021-22 में पूर्वरूप में आना शुरू हो गया है। कोविड ने आर्थिक मंदी को प्रेरित किया, हालाँकि अर्थव्यवस्था पर इसका चौतरफा प्रभाव पड़ा। अनुश्चित आर्थिक माहौल ने संगठनों और व्यक्तियों से कार्यपालक शिक्षा की मांग को समान रूप से प्रभावित किया है। कोविड- पश्चात की दुनिया के लिए खुद को बेहतर बनाने की व्यक्तियों की इच्छा के कारण मांग मेम लगातार सुधार हुआ है साथ ही संगठन तअपना कर्मचारियों की भविष्य की तैयारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। बी2सी खंड ने बी2बी खंड की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है।

कार्यपलक शिक्षा पर कोविड के प्रभाव ने जिस तरह से कार्यक्रमों को अभिकल्पित एवं प्रस्तुत किया जा रहा है, उस पर एक अमिट छाप छोड़ी है। हालाँकि वैयक्तिक रूप से संचालित करने की मांग बढ़ी है, कार्यक्रम के कुछ भाग लाइव, ऑनलाइन संचालित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जोकि अधिगम संबंधता के हाइब्रिज और मिश्रित (स्वगति और प्रशिक्षक के नेतृत्व वाले)

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

मॉडल की ओर अग्रसर है। महामारी से प्रभावित दुनिया के अनुभव और सीख, अधिगम एवं विकास के लिए परिवर्तनकारी है। संगठन के साथ-साथ प्रबंधक निरंतर, व्यक्तिगत और डिजिटल अधिगम के प्रति अधिक ग्रहणशील हैं। संस्थानों के साथ-साथ प्रबंधक निरंतर, व्यक्तिगत और डिजिटल अधिगम के प्रति अधिक ग्रहणशील है। संस्थानों के साथ-साथ कंपनियों के एचआर एवं एल एंड डी दल ऐसे मंच अपना रही हैं जो अवधारणाओं और रूपरेखाओं की ओमनी चैनल प्रस्तुति, निरंतर मूल्यांकन, समूह परियोजनाओं, दल अभ्यास, गेमिफिकेशन एवं व्यक्तिगत अधिगम यात्राओं की सुविधा प्रदान करते हैं।

3·3·1 निष्पादन की मुख्य उपलब्धियां

- इस वर्ष संचालित एवं जारी कार्यक्रमों की कुल संख्या 151 है। (संचालित कार्यक्रमों के पूरे सारांश के लिए सारणी 1 देखें)
- कार्यक्रम पूरा कर चुके या कार्यक्रम में भाग ले रहे सहभागियों की संख्या लगभग 5,307 है।
- सामग्री प्रदत्त सहभागी कार्यक्रम दिवसों के लिए संख्या लगभग 43,476 है।
- कार्यपालक शिक्षा ने फरवरी 2022 में टुलोस बिज़नेस स्कूल

तालिका 1

कार्यक्रम श्रेणी	कार्यक्रमों की संख्या		सहभागियों की संख्या		संचालित कार्यक्रम दिवसों की संख्या		सहभागी कार्यक्रम दिवसों की संख्या	
	2021-22	2021-23	2021-22	2021-23	2021-22	2021-23	2021-22	2021-22
ओपेन दीर्घावधि कार्यक्रम	18	16	1055	13332	434	505	18115	20444
ओपेन अल्पकालिन कार्यक्रम	37	39	484	748	143	150	1719	2969
कस्टम प्रोग्राम	49	93	1645	3139	363	664	11397	19703
कुल	104	151	3184	5307	939	1302	31231	43476

की साझेदारी में एयरोस्पेस एवं विमानन के भविष्य का चौथा संस्करण आयोजित किया; इसने भारत एवं फ्रांस से प्रख्यात वक्ताओं और प्रतिनिधियों की नामिका को आकर्षित किया।

- दो नए दीर्घावधिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सफलतापूर्वक किया गया; एमपीईएफबी को पुनःशुरु किया गया।
- मनोरंजन और मीडिया व्यवसाय पर सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम (जीईएम)
- डिजिटल संचालन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (डीओएम)
- उद्यमियों और पारिवारिक व्यवसाय के लिए प्रबंधन कार्यक्रम (एमपीईएफबी पुनः शुरु)

3.4 ऑफर किए गए कार्यक्रम

3.4.1 ओपेन कार्यक्रम:

ओपेन कार्यक्रम की दो मुख्य श्रेणियां है– अल्पावधिक कार्यक्रम (एसडीपीएस)

एवं दीर्घावधिक प्रमाण-पत्र (एलडीपीएस)। लघु अवधि ओपेन कार्यक्रम 3 से 5 दिनों की अवधि के होते हैं। दीर्घावधि कार्यक्रम लगभग 1 से 12 माह की अवधि के लिए आयोजित किए जाते हैं और कार्यरत् कार्यपालकों को काम से बड़े विराम लिए बिना कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए कक्षाएं सावधिक अंतराल में मुख्य रूप से सप्ताहांत में आयोजित की जाती है।

3·4·2 दीर्घावधिक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम:

दीर्घावधिक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम (एलडीसीपी) प्रवेश हेतु तीव्र प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने वाले कार्यरत व्यवसायियों में अति लोकप्रिय हैं। विश्व स्तरीय अधिगम माहौल के लिए द्वारा कार्यक्रमों को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। आईआईएमबी उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्यक्रमों को डिज़ाइन करने में उद्योग की जरूरतों को समझने में हमेशा एक कदम आगे रहा है।

एलडीसीपी अति अनुभवी व्यवसायियों को आकर्षित करते हैं इसलिए समकक्ष अधिगम एवं नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करते हैं। आईआईएमबी ने सहभागियों के अधिगम अनुभव को बढ़ाने एवं वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुभव के लिए कुछ प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों के साथ साझेदारी भी की है।

3·4·3 अंतर्राष्ट्रीय स्कूल जिनके साथ आईआईएमबी ईडीपी ने एलडीसीपी के लिए साझेदारी की है

- मैकगिल के डेसौटेल्स फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट, मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा
- लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट स्कूल, यूके
- टूलूज़ बिजनेस स्कूल, टूलूज़, फ्रांस
- फ्रेडरिक-अलेक्जेंडरयूनिवर्सिटीएर्लांगेन-न्यूरेमबर्ग और फ्रौनहोफर न्यूरेमबर्ग सर्किट्स, एर्लांगेन, जर्मनी
- एचईसी पेरिस, फ्रांस
- सिओल नेशनल यूनिवर्सिटी एशिया सेंटर

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

प्रमुख विशेषताएं

- ईजीएमपी, अब अपने 64वें संस्करण में सामान्य प्रबंध पाठ्यक्रमों में सेगमेंट लीडर है
- आईआईएमबी लगभग 13 साल पहले व्यवसाय विश्लेषिकी एवं आसूचना पर कार्यक्रम शुरू करने वाले पहले स्कूलों में से एक है
- मनोरंजन और मीडिया बिजनेस (GEM) संबंधी एक दीर्घावधिक कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2022-2023 में शुरू किया गया।
- डिजिटल ऑपरेशन तथा सप्लाई चेन प्रबंधन (DOM) संबंधी एक दीर्घावधिक कार्यक्रम (LDP) वित्तीय वर्ष 2022-2023 में शुरू किया गया।
- अनु.जा/अनु.जनजाति समुदाय से आनेवाली सुविधाहीन महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उद्यमिता पर केंद्रित कार्यक्रम समाज कल्याण मंत्रालय, कर्नाटक सरकार के लिए संचालित किया गया।
- टॉल से बिजनेस स्कूल, फ्रांस की साझेदारी में विमानन तथा वातंरिक्ष विषय पर विशे, कार्यक्रम आरंभ किया जाना है।
- आईटी, हेल्थकेयर तथा मीडिया और मनोरंजन को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आरंभ किए जाएंगे।
- एफएयू, नूरमबर्ग एंड फ्रॉडहोफ़र इंस्टीच्यूट फॉर इंटेग्रेटेड सर्किट्स के साथ मिलकर डिज़िटल ट्रांसफॉर्मेशन पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम।
- उच्च प्रबंधन के लिए कार्यक्रम – जिनके लिए प्रस्तावित विषय है; स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्यक्रम।
- फेमिली बिज़नेस के मालिक तथा उद्यमी-वर्ग के लिए कार्यक्रम
- महिलाओं के लिए लीडरशिप कार्यक्रम तनमात्रा ताकि बोर्ड स्तरीय पदों के लिए उन्हें सक्षम बनाया जा सके

  वर्ष 2022-2023 की अवधि में आईआईएमबी द्वारा 16 दीर्घावधिक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम संचालित किए गए जिसमें 1332 प्रतिभागी लाभान्वित हुए तथा वे ऐसे संचालित कार्यक्रम में पढ़ाई कर रहे हैं।

3.4.4 अल्पावधिक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम:

लघु अवधि के ये कार्यक्रम आईआईएमबी के संकाय सदस्यों द्वारा अभिकल्पित और संचालित होते हैं जो उनकी विशेषज्ञता पर आधारित होते हैं। इन कार्यक्रमों में संकाय सदस्यों के अनुसंधान और परामर्शी संपर्कों से अर्जित ज्ञान और अनुभव प्रदर्शित किए जाते हैं जिसमें वरिष्ठ एवं शीर्ष प्रबंधन के व्यावसायिक शामिल होते हैं।

अल्पावधिक सभी खुले कार्यक्रम आवसीय होते हैं, तथापि बेंगलूरु के स्थानीय प्रतिभागी गैर-आवासीय तौर पर भाग लेते हैं।

वर्ष 2022-2023 के दौरान आईआईएमबी में 39 लघु अवधि खुले कार्यक्रम संचालित किए गए जिसमें विभिन्न संगठनों के 748 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

3.4.5 लाइव ऑनलाइन कार्यक्रम:

महामारी ने सभी उद्योग क्षेत्रों में डिजिटल प्रणाली अपनाने में तीव्रता लाई है एवं कार्यपालक शिक्षा कोई अपवाद नहीं हैं। आईआईएमबी पहले से ही अपनी ईडीएक्स साझेदारी और समय के साथ डिजाइन किए गए 60 से अधिक एमओओसी की बदौलत डिजिटल लर्निंग में भली-भाँति शिफ्ट हो चुका है। डिजिटल प्रणाली के कार्यान्वयन का लाभ उठाते हुए ईईपी को सामान्य तौर पर अनुकूल बनाकर लाइव, ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया गया। ऐसा करनेवाले अग्रणी संस्थानों में आईआईएमबी रहा है।

आईआईएमबी उन प्रतिभागियों की जरूरतों के अनुरूप उन्नत और सम्मिश्रित तरीके से कार्यक्रम का संचालन जारी रखेगा जिसमें ऑनलाइन कक्षाओं में रूचि रखनेवाले भाग लेंगे। प्रतिभागियों के पास कैंपस में आने या ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने विकल्प रहेगा।

3.4.6 सेवा अनुभोक्ताओं के लिए कार्यक्रम:

सेवा अनुभोक्ताओं के लिए कार्यक्रम ग्राहक संगठन की जरूरतों को देखते हुए अभिकल्पित किए जाते हैं। ग्राहक संगठन से चर्चा-उनकी आवश्यकताओं को समझने – उच्च स्तर पर कार्यक्रम की अभिकल्पना और प्रस्ताव – सुविस्तृत रूपरेखा – शिक्षण सत्र की योजना – निष्पादन – कक्षा – कार्य से सीखने – फीडबैक प्राप्त करने से लेकर पूरे कार्यक्रम तथा उसमें शामिल कार्य-कलाप आते हैं। इसमें कार्यक्रम से संबंधित सर्वोत्तम कोशिश ईईपी टीम द्वारा की जाती है जिसमें संकाय सदस्य गहराई से समझा जाता है तथा उक्त ग्राहक संगठन के अधिक प्रतिशत में फिर-फिर कार्यक्रमों की मांग इस बात का प्रमाण है कि कार्यक्रम की गुणवता कितनी अच्छी होती है।

ग्राहक संगठनों के लिए संचालित कार्यक्रम दो प्रकार के होते हैं- भारतीय संगठनों के लिए कार्यक्रम तथा भारत से बाहर किसी अन्य देश के संगठनों के लिए कार्यक्रम।

स्वागत योग्य अनेक नए कार्यक्रम इस वर्ष प्राप्त हुए जिनमें या तो नए अथवा पहले से चले आ रहे ग्राहक संगठनों के लिए संचालित किए गए। अनेक कार्यक्रम प्रबंधन के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए नीतिगत विषयों अथवा परिवर्तनकारी पहलुओं को ध्यान में रखकर संचालित हुए।

आईआईएमब के अनुभोक्ता – केंद्रित कार्यक्रमों के ग्राहक संगठन अनेक उद्योगों से आनेवाले अलग-अलग श्रेणी के रहे हैं। अनुभोक्ता-केंद्रित कुल 93 कार्यक्रम अभिकल्पित करके वर्ष 2022-2023 में पूरे किए गए तथा इन कार्यक्रमों से कुल 3139 प्रतिभागी लाभांन्वित हुए। कुल मिलाकर कार्यक्रमों के अंदर कार्य दिवसों को 19703 विषय पर व्याख्यान / सामग्री उपलब्ध कराई गई। ग्राहक संगठनों के वास्ते कार्यक्रमों का स्वरूप उत्तरोत्तर सम्मिश्रित करके बनाया गया है जिसमें आईआईएमब डिजिटल लर्निंग टीम द्वारा विकसित MOOCs का फायदा उठाया गया।

3.4.7 सेवा अनुभोक्ता अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

कोरोना महामारी के कारण यात्रा करना प्रतिबंधित रहा जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2021-2022 में इस श्रेणी का कोई कार्यक्रम संचालित नहीं किया गया था। तथापि वित्त वर्ष 2022-2023 में तीन कार्यक्रम संपन्न कराए गए जिसके तहत 13 कार्यक्रम दिवसों में 88 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृष्य:

भाप्रसंबें में 150 से अधिक संकाय सदस्य है जिनमें अतिथि और आवश्यकतानुसार आमंत्रित किए जानेवाले संकाय शामिल हैं जिनकी सक्रिय सेवाएं अध्यापन, अनुसंधान, नीति निर्माण, विषय विशेष पर आलेख तैयार करने और परामर्श के लिए ली जाती हैं।

4.1 नियुक्तियां

- डॉ. शैलिक को 11 मई, 2022 को उत्पादन एवं संचालन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. मयैक नागपाल को 1 जुलाई, 2022 को विपणन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. स्पूर्ति धरनकोटा को 8 अगस्त, 2022 को सूचना प्रणाली क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. संकेत रामाकांत पाटिल को 17 अगस्त, 2022 को अर्थशास्त्र क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. मलिका को 1 सितंबर, 2022 को विपणन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. शैलेंद्र कुमार को 9 सितंबर, 2022 को रणनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. आदित्य श्रीनिवास को 15 सितंबर, 2022 को विपणन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. संदिप यादव को 6 जनवरी, 2022 को रणनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. आनंद अविनाश डीओ को 15 फरवरी, 2022 को निर्णय विज्ञान क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।
- डॉ. रीषिदिप राय को 20 मार्च, 2022 को विज़िटिंग फैकल्टी क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप नियुक्त किया गया।

4.2 सेवानिवृत्ति / त्यागपत्र / सेवा अवधि का पूरा होना

- अर्थशास्त्र क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. विद्या सौंदर्यराजन ने 30 अप्रैल, 2022 को इस्तीफा दे दिया।
- उद्यमशीलता क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. के कुमार 31 मई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- रणनीति क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. रघुनाथ 31 मई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- रणनीति क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. जे रामचंद्रन 31 मई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- विपणन क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. एस रमेश कुमार 30 जून, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- निर्णय विज्ञान क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. ईश्वर मूर्ति 31 अक्टूबर, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- विपणन क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. पृथ्वीराज मुखर्जी 30 जून, 2022 ने अपना कार्यकाल पूरा किया।
- संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. रितु त्रिपाठी ने 17 दिसंबर, 2022 को इस्तीफा दे दिया।
- अर्थशास्त्र क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. ए. दामोदरण 31 जनवरी, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।
- निर्णय विज्ञान क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. ऋषिदीप 30 जून, 2022 ने अपना कार्यकाल पूरा किया।
- अर्थशास्त्र क्षेत्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. गोपाल नायक 31 मार्च, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।

4.3 पुरस्कार एवं पहचान

क्र.स	सकाय का नाम	पुरस्कार / पहचान	सस्थान / सम्मेलन/ऐजेंसी
1.	डॉ. गोपाल दास	विश्व के शीर्ष 2% शोधकर्ताओं की सूची में शामिल	स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित सूची
2.	डॉ. गोपाल दास	पांडुलिपि शीर्षक 'महामारी और' मार्केटिंग: अंतर्दृष्टि, प्रभाव और अनुसंधान अवसरों में से एक के रूप में मतदान किया गया में प्रकाशित 10 सर्वश्रेष्ठ पांडुलिपियाँ मार्केटिंग अकादमी का जर्नल 2021 में विज्ञान (JAMS; FT 50)।	जर्नल ऑफ दी अकादमी ऑफ मारकेंटिंग (जेएएमएस)
3.	डॉ. अर्पिता पांडेय	बेल और वसंत बालचंद्रन रिसर्च ग्रांट 2022 (इंडियन बिजनेस स्कूल के संकाय सदस्यों के लिए)	ग्रेट लेक इंस्टिच्यूट ऑफ मैनेजमेंट
4.	डॉ. पुलक घोष	व्हार्टन रिसर्च डेटा सर्विसेज (डब्ल्यूआरडीएस) उत्कृष्ट पेपर के लिए पुरस्कार, वित्तीय संस्थानों में 'सुरक्षा जाल, ऋण और निवेश: गारंटीकृत आय से साक्ष्य कार्यक्रम' के लिए पेपर	एमएफओ सम्मेलन 2023

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

5.	डॉ. अलेन पी. उगरगोल	यूसुफ हमिद छात्रवृति 2023	कोलंबिया यूनिवर्सिटी मैलमान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ
6.	डॉ. विजयराघवन वेंकटरामन	2023 GWU-CIBER बेंस्ट पेपर आई इमर्जिंग मार्केट्स अवार्ड के लिए नामंकित	अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और अनुसंधान केंद्र
7.	डॉ. दीपक चंद्रशेखर	तीसरा सर्वोत्तम पेपर पुरस्कार	नवंबर, 2022
8.	डॉ. राहुल डे	v पेपर 'डिजिटल उछाल का प्रभाव कोविड-19 महामारी: पर एक दृष्टिकोण अनुसंधान और अभ्यास' शीर्ष 25 में 2021 में iJIM के लिए सबसे अधिक उद्धृत जर्नल में प्रकाशित इतिहास	इंटरएक्टिव मोबाइल टेक्नोलॉजीज का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल
9.	डॉ.पदमिनी श्रीनिवासन	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में जनहित निदेशक के रूप में नियुक्त	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज
10.	डॉ. देबोलिना दत्ता	मुंबई में आईएनडीएएम सम्मेलन में एचआरएम ट्रैक में सर्वेश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	INDAM कॉन्फ्रेंस
11.	डॉ. वसंती श्रीनिवासन	मुंबई में आईएनडीएएम सम्मेलन में एचआरएम ट्रैक में सर्वेश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	मुंबई में आईएनडीएएम सम्मेलन में एचआरएम ट्रैक में सर्वेश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार
12.	डॉ. बी. महादेवन	भारतीय ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) की उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) का हिस्सा बनने के लिए चयनित	उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
13.	डॉ. शंकरशन बसु	एआईएमए आईसीआरसी केस लेखन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ केस	अखिल भारतीय प्रबंधन संघ
14.	डॉ. वी. रवि अंशुमान	सेबी की अनुसंधान सलाहकार समिति के प्रमुख के रूप में नियुक्त	भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)

4.4 निदेशक की बाहरी व्यस्तताएं

विगत वर्ष में, आईआईएम बेंगलूरु के निदेशक, प्रोफेसर ऋषिकेश टी कृष्णन की बाहरी व्यवस्तताएं शामिलः

- शैक्षणिक संस्थानों में – दीक्षांत समारोह और स्नातक व्याख्यान, सम्मेलन, सेमिनार आमंत्रित व्याख्यान 27)
- अनुसंधान संस्थान और थिंकटैंक्स में (7)
- कॉर्पोरेट संगठनों में (11)
- उद्योग संघों और व्यावसायिक निकायों / संघों में (9)
- सरकारी क्षेत्रों के लिए (3)

संकाय सदस्यों की सूची विवरण अनुबंध 10 पर दी गई है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृष्य :

भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलूर अभिनव अनुसंधान गतिविधियों का एक केंद्र है तथा हमारे संकाय सदस्य विश्व के व्यवसायिक संगठन, स्वैच्छिक संगठन, सरकार एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करते हैं। वे उनके चुने हुए क्षेत्रों में ज्ञान बढ़ाते हैं। संस्थान में नवाचार एवं अनुसंधान को उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के साथ-साथ यह बढ़ावा दिया गया है कि प्रबंध संप्रेषण से लेकर लोक नीति, उद्यमवृत्ति, सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, आपूर्ति श्रृंखला एवं कंपनी अभिशासन, स्वयंसेवी वित्तीय बाजारों और जोखिम प्रबंध तक विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों एवं उद्योगों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलूर के संकाय सदस्य प्रबंध के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं जिससे सामान्यतः सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र कंपनियों तथा सरकार एवं समाज को लाभ होता है। वे जो ज्ञान प्राप्त करते हैं, वह उच्च प्रशस्ति पत्र सूचकांक और प्रभाव कारक के साथ अग्रणी शैक्षणिक पत्रिकाओं में दर्शाया जाता है। उनमें से कई संकाय नियमित आधार पर पायपुस्तकें और वर्किंग पेपर लिखते हैं। उनके शोध का प्रयोग नए पाठ्यक्रम और कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

5.1 शोध परिणाम :

पुस्तकें	8
पुस्तकों के अध्याय	9
समाचार पत्र/पत्रिका लेख	26
सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएं/आमंत्रित संगोष्ठी	214
पत्रिकाओं में लेख	82
सम्मेलन की कार्यवाही में लेख	19
कार्य-पत्रों (वर्किंग पेपर्स)	18
मामलों (केस)	15

संकाय प्रकाशनों की सूची विवरण 11 पर दी गई है।

संस्थान द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं की सूची विवरण 12 में दी गई है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृष्य:

आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु (आईएमआर) अंतराष्ट्रीय प्रकाशक एल्सिवियर के सहयोग से प्रकाशित भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर की ध्वजपोत त्रैमासिक पत्रिका है। प्रबंधन व्यवसायियों, शोधकर्ताओं और अध्यापकों पर केंद्रित आईएमआर का उद्देश्य एक ऐसे प्रारूप में प्रबंधकीय अंतदृष्टि उपलब्ध कराने पर बल देता है। जो पाठकों / दर्शकों के बड़े वर्ग के लिए सुलभ हो, साथ ही प्रबंधन के क्षेत्र में प्रचलन तथा परंपराओं, अवधारणाओं एवं विचारों के साथ दृढ़ता से जुड़ता है। इस प्रयोजन हेतु आईएमआर द्वारा पांडुलिपियां आमंत्रित की जाती हैं जो आधारभूत व्यावसायिक कार्य विषयों से संबंधित नवीन और भिन्न प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराती हों। यद्यपि सभी प्रकार की पांडुलिपियों के लिए यहां स्वागत है, तब भी आईएमआर में विश्वास महत्त्व उन आलेखों का होता है जो उभरती अर्थ व्यवस्था पर अधिक ध्यान देता हो। आईएमआर गोल मेज चर्चा और साक्षात्कार जैसी गतिविधियों को भी प्रकाशित करता है जो शोध कार्यों और वास्तविक व्यवहार के बीच "संयोजन" सेतु का कार्य करती हो।

वर्ष 2022 तक आईएमआर एक गोल्ड ओपन एक्सेस जर्नल है जो भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर द्वारा संपोषित है, आईआईएमबी किसी एक वार्षिक जनर्ल में प्रकाशित अधिकतम 35 स्वीकृत आलेखों के प्रकाशन का व्यय भार वहन करता है। गोल्ड ओपन एक्सेस तक पहुँच पाकर बड़ी संख्या में पाठक पढ़ सकते हैं, और पत्रिका लाभ उठा सकते हैं। आईएमआर एल्सिवियर के इलेक्ट्रॉनिक सर्विस साइंस डायरेक्ट (R) के माध्यम से उपलब्ध है। पंचांग वर्ष 2023 की बात करें तो आईएमआर फिलहाल सिर्फ़ डिज़िटल फॉर्म में उपलब्ध है जिसमें सभी प्रकाशित आलेख पाठकगण निःशुल्क पढ़ सकते हैं। जनर्ल का डिजिटल रूप साइंस डायरेक्ट (R) से पढ़ा जा सकता है और डाउनलोड किया जा सकता है।

आईएमआर भली-भांति सूचीबद्ध है और यह ऑस्ट्रेलियन बिजनेस डीन्स काउंसिल (एबीडीसी) क्वालिटी जर्नल सूची में शामिल है जिसमें आईएमआर को बी रैंक प्राप्त है। यह जर्नल डायरेक्टरी ऑफ़ ओपन एक्ससेस जर्नल (डीओए) वेब ऑफ साइस, स्कोपस एंड दि इमरजिंग सोर्सेज साइटेशन इंडेक्स (ईएससीआई) की निर्देशिका में अनुक्रमित है।

6.1 मुख्य कार्य-कलाप और उसके प्रमुख बिंदु

- प्रोफेसर जिश्नु हाज़रा, उत्पाद एवं प्रचालन प्रबंध क्षेत्र, ईआईएमबी उत्कृष्टता केंद्र के अध्यक्ष – वर्ष 2022-23 के लिए बतौर मुख्य संपादक बने रहेंगे।
- निम्नलिखित चार बतौर एसोसिएट संपादक अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 के लिए पैनल में हैं:

प्रो. अरिंदम बंधोपाध्याय, वित्त, नेशनल इंश्टीच्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट (एनआईबीएम)

- ➢ प्रो. सौम्या रंजन दास, वित्त एवं लेखा, आईआईएमबी इंदौर
- ➢ प्रो. श्री वर्धिनी के झा, अध्यक्ष, एनएसआरसीईएल एवं संकाय सदस्य, प्रशिक्षुता विभाग, आईआईएमबी
- ➢ प्रो. प्रसेनजित मंडल, प्रचालन प्रबंधन, एनईओएमए बिजनेस स्कूल, आरइआईएमएस, फ्रांस

- निम्मनलिखित विद्वानों ने बतौर एसोसिएट संपादक अपने कार्यकाल मार्च, 2023 में पूरे कर लिए –
  - ➢ प्रो. अशोक बैनर्जी, आईआईएम कोलकाता/ आईआईएम उदयपुर
  - ➢ प्रो. ईश्वर मूर्ति, आईआईएमबी
  - ➢ प्रो. रामाधार सिंह, अहमदाबाद विश्वविद्यालय

❖ मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर, 2022 से संबंधित भाग – 34 के चार अंक प्रकाशित किए गए जिसमें काफ़ी अनुपूरक लेख शामिल है।

भाग 34 वर्ष 2022 से के चार अंकों में प्रकाशित लेखों की सूची बतौर परिशिष्ट विवरण 13 में दी गई है।

- इस जर्नल ने अनेक दृष्टियों से लगातार प्रगति दिखाई है जिसमें आनेवाले लेख और पाठकों की संख्या का भौतिक विस्तार और व्याप्ति, साथ ही मूल्यांकन के पैमाने शामिल हैं। विगत पांच वर्षों में औसत रूप से प्रति वर्ष 473 लेख तथा प्रकाश्य सामग्री मिली है। आईआईएमबी प्रबंधन पत्रिका द्वारा अस्वीकार की दर पिछले पांच वर्षों में औसतन लगभग 93 प्रतिशत रही।
- वर्ष 2021 के लिए इस जर्नल का साइटस्कोर 4·0 पर ठहरा हुआ था जो 2020 में 2·90 से ऊपर बढ़ा है। (साइट स्कोर जर्नल में प्रकाशित पीयर – वर्ग की प्राप्त समीक्षा में प्रशंसा के औसत से मापा जाता है)।
- पिछले पांच वर्षों में साइंस डायरेक्टर (आर) से डाउनलोड किए गए आलेखों की संख्या, एल्सवीयर के प्लेटफॉर्म पर विद्वत्तापूर्ण लिटरेचर को देखनेवाले औसतन लगभग 617,000 से अधिक है। वर्ष 2022 में डाउनलोड की संख्या सर्वाधिक भारत से रही है, और इसके बाद यूके, चीन और यूस आते हैं।

6.2 आईएमआर डॉक्टरल कांफेरेस 2023:

14वां आईएमआर डॉक्टरल सम्मेलन (आईएमआरडीसी 2029) दिनांक 3-4 फरवरी, 2023 कीस अवधि में प्रत्यक्ष और श्रोताओं की सभा में आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल और हाईब्रिड मॉडल सीमित रूप में अपनाए गए। इस सम्मेलन में प्रो. अपूर्व सानारिया संगठन में व्यवहार तथा मानव संसाधन प्रबंधन विषय; तथा प्रो. राजीव आर त्रिपाठी, उत्पादन और प्रचालन प्रबंधन, आईआईएमबी ने मिलकर संयुक्त रूप से आईएमआरडीसी की अध्यक्षता की। डॉक्टरल सम्मेलन भारत में प्रबंधन और ऐसी ज्ञान शाखाओं

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

के क्षेत्र में डॉक्टरेट के लिए पढ़ाई करनेवाले छात्रों के लिए एक प्रकार से कोलोक्वीअम होता है। आईएमआरडीसी 2023 के लिए 98 संपूर्ण आलेख / शोधपत्र प्राप्त हुए थे जिनमें 10 आलेखों को अंतिम रूप से प्रकाशन के लिए चुना गया जिसमें चयन की प्रक्रिया के तीन कठिन चरण थे। पत्रिका की परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष द्वारा आरंभिक चयन किया गया। इस समिति में आईआईएमबी के संकाय सदस्य और अध्यक्ष होते हैं चयन हेतु यही अगलाचरण होता है। पत्रिका परामर्श समिति के संकाय भारतीय और विदेशी संस्थानों के प्रख्यात शोधकर्मी होते हैं और उनके अनेक लेख प्रकाशित हुए होते हैं ये लोग आलेखों के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणियां देते हैं, यही चयन का तीसरा चरण होता है। भारत के नामी स्कूलों के वरिष्ठ शोधार्थी और संकाय सदस्य चयनित आलेखों पर समीक्षा वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किए गए थे तथा उनसे प्रतिसूचना प्राप्त हुई थी।

» आईएमआरडीसी द्वारा प्रबंधन द्वारा पत्रिका 2023 के वास्ते दो प्रमुख सेशन, एक कार्यशाला और एक पैनल विमर्श रचा गया।

- "विपणन रणनीति और नॉन-मार्केट फोर्सेज" पर बीज भाषण प्रो. राजश्री श्री निवासन द्वारा दिया गया जो यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, टेक्सास, ऑस्टिन, यूएसए के मैककॉम्बस स्कूल ऑफ बिजनेस से सेवानिवृत्त है।
- इंडियन नॉलेज़ सिस्टम (आईकेएस) टाइम टू एक्सप्लोर न्यू ऑपर्चुनिटीज फॉर मैनेजमेंट एजुकेशन एंड रिसर्च" शीर्षक पर केंद्रित बीज भाषण – प्रो. बी. महादेवन, उत्पादन तथा प्रचालन प्रबंधन आईआईएमबी।
- "केस राइटिंग के संबंध में कार्यशाला" – प्रो. सौरव मुखर्जी, ऑपरेशनल बिहैवियर एंड मानव संसाधन प्रबंधन, आईआईम बेंगलूर।
- "नेविगेरिंग – एक अकादमिक करियर : इन्साइट्स फ्रौरम अर्ली करियर एकेडमिक्स" – पैनल चर्चा-परिचर्चा : प्रो. कुमार आलोक, XLRI जमशेदपुर, प्रो. बिपिन बी, आईआईटी, कानपुर, प्रो. सौरव बोरच, आईआईएमए: प्रो. प्रतिक राज, आईआईएमबी तथा प्रो. सौम्या सुब्रमनियम, आईआईएमएल।

» आईएमआरडीसी 2023 के वास्ते सर्वश्रेष्ठ आलेख का अवार्ड अभिषेक दुरेजा को मिला। दुरेजा, इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई को यह पुरस्कार उनके प्रस्तुतीकरण – "डिमांड एंड्स प्लाई साइड इन्सेंटिवाइजेंशन एंड चाइल्स हेल्थ आउटकम्स – इविडेंस फ्रॉम इंडिया" के लिए प्रदान किया गया। पब्लिक प्राइवेट और कुछ हद तक दोनों शीर्षक प्रस्तुतीकरण के लिए भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली की प्रियंका दत्ता को भी अवार्ड दिया गया।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिप्रेक्ष्य:

संस्थान के कार्य-कलापों में बाह्य निधियों से संपोषित शोध परियोजनाएं, जैसे कि परामर्श सेवाएं तथा प्रायोजित शोध कार्य अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती हैं। संकाय सदस्यों के अंदर व्यावसायिक क्षमता विकास में योगदान के अलावा उक्त परियोजनाओं के कारण संस्थान के भीतर प्रबंधन और नीति निर्माण की समझ को बल मिलता है। प्रबंधन और नीति निर्माण का परिप्रेक्ष्य निजी और सरकारी – दोनों सेक्टरों के लिए संवर्धक है। परामर्श सेवाएं व्यवसाय, उद्योग और शासन के क्षेत्र में प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में सुधार तथा बेहतरी लाने के लिए आवश्यक क्रिया-कलाप हैं।

परामर्श परियोजनाओं की सूची विवरण 14 में बतौर परिशिष्ट दी गई है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृष्य :

अनुसंधान और शिक्षा के नए और निरंतर बदलते क्षेत्रों के ऊपर ध्यान देने के लिए संस्थान में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है। ये वर्चुअल केंद्र अपने अंशधारकों और जुड़े हुए संगठनों से संकाय और ज्ञानवान व्यक्तियों को आमंत्रित करते हैं और मूलभूत सक्षमता की वृद्धि के लिए उनसे संवाद और परामर्श करते हैं।

8.1 पूंजी बाज़ार और ज़ोखिम प्रबंधन केंद्र (CCMRM)

भूमिका:

पूंजी बाज़ार और ज़ोखिम प्रबंधन केंद्र (CCMRM) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर में वित्तीय थिंक टैंक हैं। इस केंद्र में निवेश शिक्षा संबंधी परियोजनाएं और भारतीय वित्त बाज़ारों से संबंधी शोधकार्य संचालित किए जाते हैं जिसमें भारतीय पूंजी बाज़ार और जोखिम प्रबंधन क्षेत्र में शोध तथा शिक्षण के लिए अकादमिक लिडरशिप तैयार किया जाता है।

सीसीएमआरएम की प्रमुख कार्यसूची में निम्नलिखित शामिल हैं :

ज्ञान : पूंजी बाज़ारों में निवेश और जोखिम प्रबंधन पढ़ाने के लिए ज्ञान संपन्न व्यक्ति विकसित करना

- शोधकार्य : उच्च गुणवत्ता शोधकार्य करवाना, ताकि भारत के साथ-साथ सहयोगी वित्त बाज़ारों के संबंध में सूचना और समाचारों के प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।
- इंगेजमेंट : वित्तीय प्रणाली में नए घटनाक्रमों और विकास के बारे में सरकारी संगठनों तथा बाज़ार की ताकतों को मिलाकर काम करना जिसमें भारत के बड़े व्यावसायिक पार्टनरों के बीच अर्थ-व्यवस्था / वित्त बाज़ार संबंधी उतार-चढ़ाव और प्रभाव शामिल है। यह केंद्र अतिथि संकायों (नियमित संकायों, पीएचडी के छात्रों, शोधकर्त्ता / शोध छात्रों) को आमंत्रित करता है। इनमें भारतीय विश्वविद्यालयों और विदेशी विश्वविद्यालयों के शोधछात्र/ स्कॉलर परस्परता की भावना से काम करते हैं।

सेमीनार : इस केंद्र द्वारा विशेषज्ञ वक्ताओं जिनमें उद्योग क्षेत्र के व्यावसायिक तथा अकादमिक प्रोफेसर शामिल हैं, विभिन्न विषयों पर वार्ता और सेमीनार सक्रियतापूर्वक आयोजित किए जाते हैं जिनके प्रमुख विषय वित्त बाज़ार और अर्थव्यवस्था के समक्ष आनेवाले मसले होते हैं।

डेटा : भारतीय वित्त बाजार और अर्थव्यवस्था संबंधी डेटा उपलब्ध करना, गुणवत्तापूर्ण डाटा तैयार करना और गहन जानकारी के आँकड़ों का संकलन।

8.1.1 सीसीएमआरएम के मुख्य कार्य-कलाप :

केंद्र की ओर से वर्ष 2022-2023 में पूंजी बाज़ार के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए व्याख्यान, वेबीनार और विशेष कार्यक्रम निरंतरता के साथ आयोजित किए गए, ताकि वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा मिले।

तालिका 1 : निवेश कर्त्ताओं की शिक्षा के लिए व्याख्यान माला

दिनांक	कार्यक्रम का विवरण	वक्ता का नाम
6 मई, 2022	महिलाओं के लिए निवेश की संभावना पर वेबिनार	सुश्री किरण तेलांग, लेखिका, महिलाओं के लिए सचेतन सेवानिवृत्ति तथा धन की दृष्टि से संभावना शीर्षक पुस्तक। सुश्री अंजली मांडा, मनी माटी की संस्था
10 जून, 2022	प्रोफेसर प्रसन्ना चंद्रा के साथ विपणन स्थिति पर वार्ता	डॉ. प्रसन्ना चंद्रा
10 जून, 2022	निरंतरता जोखिम प्रबंधन पर वार्ता	प्रो. पद्मिनी श्रीनिवासन, वित्त तथा लेखा कार्य आईआईएमबी
16 सितंबर, 2022	सरकारी बॉड्स में निवेश कैसे करें - विषय पर वेबिनार	श्री बिजु कामत, सीसीआईएल

तालिका 2 : विशिष्ट वार्ताकारों की व्याख्यान माला

दिनांक	कार्यक्रम का विवरण	वक्ता का नाम
14 जुलाई, 2022	पूंजी बाजार: व्यापार और प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान	डॉ. बिदिशा चक्रवर्ती, एडवर्ड जॉन्स, फ्रांस के अतिथि प्रोफेसर कैफेज स्कूल ऑफ बिजनेस, सेंट लुईस यूनिवर्सिटी
19 जुलाई, 2022	शासन संबंधी विनियमन संस्थानों के बारे मे वेबिनार	डॉ. एम.एस. साहु, विशिष्ट प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
14 नवंबर, 2022	नितिन कामत के साथ बातचीत	नितिन कामत, जेरोधा एंड रेनमैटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, संयोजन प्रोफेसर वेंकटेश पंचपागेशन, आईआईएम बेंगलूर
25 जनवरी, 2023	क्रिप्टोकरेंसी के मूल्य निर्धारक और मूल्य सक्षमता विषय पर शोध सेमीनार	प्रवीण पाठक, प्रोफेसर रॉबर्ट बी. चार्टर , सूचना प्रणाली तथा प्रचालन प्रबंधन विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा

8.1.2 वित्तीय लैब:

वित्तीय लैब एन-ब्लॉक के बेसमेंट में अवस्थित है और इसमें फिलहाल 10 ब्लूमबर्ग टर्मिनल है। इस लैब में छात्रों को ब्लूमबर्ग का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। इसके कारण छात्रों की रुचि वित्त व्यवस्था में काफी बढ़ी है। वर्ष के दौरान सीसीएमआरएम (CCMRM) ने एनएसई (NSE) एकेडमी के मार्केट ट्रेडिंग के 30 लाइसेंस प्राप्त किए जिसमें छात्रों के लिए एनएसई एमएआरटी पर ट्रेडिंग करना तथा बिना वित्तीय ज़ोखिम के ट्रडिंग सुरक्षा सीखना

तालिका 3 : विशिष्ट वार्ताकारों की व्याख्यान माला

दिनांक	कार्यक्रम का विवरण	वक्ता का नाम
25 अगस्त, 2022	संकाय सदस्यों के लिए ब्लूमबर्ग टर्मिनल प्रशिक्षण	श्री चिराग दीक्षित, ब्लूमबर्ग
12 सितंबर, 2022	एनएसएमआरटी सॉफ्टवेयर के लिए प्रशिक्षण	एनएसई अकादमी के प्रशिक्षक
15 और 17 मार्च, 2023	एनएसएमएआरटी प्लेटफॉर्म का उपयोग कर इक्विटी ट्रेडिंग रणनीति के संबंध में कार्यशालाएं	उद्योग जगत के अनुभवी व्यापारी

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

बड़ी बात है। एनएसएमआरटी (NSMRT) सिर्फ़ 15 मिनट में ट्रेडिंग टर्मिनलों पर एनएसई इक्विटी, इसके एकाधिक प्रकारों, मुद्रा प्रकारों की समनुरूपता समझाने में सक्षम है। केंद्र में कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं जिसमें अनुभव- प्राप्त ट्रेडर्स संकाय के रूप में आते हैं।

8.1.3 दिवालियापन और बैंक्रप्सी के संबंध में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार, फरवरी 23-25, 2023:

दिवालियापन और बैंक्रप्सी संबंधी दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार फरवरी 23-25, 2023 के दौरान आईआईएमबी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भारतीय दिवालीयापन और बैंक्रप्सी बोर्ड का सहयोग रहा। इस सेमीनार द्वारा शैक्षिक शोधार्थियों, व्यावसायिक हस्तियों, वित्तीय ऋणप्रदाताओं और नीति निर्माण कर्ताओं को मंच प्रदान किया गया, ताकि आईबीसी (IBC) को अधिक प्रभावी बनाने के मार्ग में आनेवाली बाधाओं पर चर्चा हो सके। इस सेमीनार को विभिन्न प्रायोजकों द्वारा भरपूर आर्थिक सहयोग मिला, जैसे कि भारत में स्थित ब्रिटिश उच्चायोग, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवाएं लिमिटेड, सीडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इन्सोलेबेंसी लॉ एकेडमी।

- 40 से अधिक अतिथि वक्ता
- सात अंतर्राष्ट्रीय वक्ता / व्याख्याता
- तीन पैनल चर्चा-परिचर्चा
- 40 शोधपत्र
- 300 से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ सेमीनार में भाग लिया और हज़ारों ऑनलाइन जुड़े हुए थे।
- अति विशिष्ट प्रतिभागियों में शामिल थे – आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बेंगलूरु, आईएसबी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों तथा लॉ कॉलेज के संकाय सदस्य-गण, पीएच.डी के शोधछात्र, चार्टेड एकाउंटेंट्स, कंपनी सचिव-गण, रिसोल्युसन व्यावसायिक हस्तियां आदि।

सेमीनार में व्याख्यान देनेवाले अतिविशिष्ट व्यक्ति :

- **न्यायिक क्षेत्र से:**

- श्री रामलिंगम सुधाकर, अध्यक्ष, नेशनल लॉ ट्रिब्यूनल
- श्री चंद्रु के. अय्यर, ब्रिटिश उप- उच्चायुक्त
- न्यायमूर्ति श्री कनन रमेश, न्यायाधीश, अपीलीय प्रभाग, सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ सिंगापुर

- **अकादमिक क्षेत्र से:**

- प्रोफेसर विक्रांत विग, केल्लॉग स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट, नॉर्थ-वेस्टर्न यूनिवर्सिटी
- प्रोफेसर औरेलिओ गुर्रिया मार्टिनेज, सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी
- प्रोफेसर वई यी वैन, सिटि यूनिवर्सिटी, हांग कांग

- **निगमों के कार्यपालक:**

- श्री देबाज्योति राय चौधरी, प्रबंध निदेशक सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एनईएसएल (NeSL)
- श्री वी सत्या वेंकटा राव, उप प्रबंध निदेशक, सिडबी
- श्री रामासुब्रमणियन एस, कार्यापालक निदेशक, यूनिअन बैंक ऑफ़ इंडिया
- श्री सुमन बत्रा, संस्थापक, दिवालियापन लॉ एकेडमी
- श्री हिरोशी कशुया, बेकर एंड मैकेंजी, जापान

8.1.4 शैक्षिक और अनुसंधान परियोजनाएं

- सेना संबंधी परियोजना : इसके अंतर्गत ऐसी प्रणाली और संरचना का सुझाव दिया गया जिससे कि सेवानिवृत्त सैन्य कार्मिकों के रिटायरमेंट सेविंग्स का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इसके पीछे भावना है, सैनिकों के श्रम से अर्जित धन का तर्कसम्मत और उचित प्रबंधन संभव हो।
- दिवालियापन भविष्यवाणी संबंधी परियोजना : आईआईएमबी की दिवालियापन की संभावना संबंधी परियोजना आवश्यक वित्तीय सूचना के आधार पर ऐसा आकलन / अनुमान पोर्टल द्वारा मुहैया करवाता है जो निगमित संगठनों के समक्ष आनेवाली मुसीबतों की संपुष्ट भविष्यवाणी करता है।

8.1.5 नीतिगत विषयों में संलग्नता

- प्रोफेसर जयदेव को " सेवा प्रदाताओं और अन्य जोखिम धारकों की भूमिका" विषय पर अध्ययन दल के विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने "आईबीसी इकोसिस्टम के कार्य-कलाप और समर्थता संबंधी विद्वत् गोष्ठी" दिनांक 19-20 नवंबर, 2022 में शोधपत्र प्रस्तुत किए. चर्चा-परिचर्चा संबंधी अंतिम पत्र https:// www.mca.gov.in /content/dam/mca/pdf/IBC-2016-2023 0118 pdf पर देखा जा सकता है।
- प्रोफेसर जयदेव और डॉ. ऐश्वर्या को "एनसीएलटी (NCLT) सदस्यों की विद्वत गोष्ठी" बेंगलूर दिनांक 26 मार्च, 2023 को आईबीसी के प्रभावी निष्पादन के लिए "डाटा आधारित अनुसंधान" विषय पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया।

8.1.6 शोधपत्र और प्रकाशन

- डॉ. ऐश्वर्या कृष्णा और प्रो. जयदेव एम. दिवालियापन और बैंक्रप्सी संबंधी अंतर्राष्ट्रीय शोध सम्मेलन जो आईआईएम अहमदाबाद में दिनांक 30 अप्रैल और 1 मई, 2022 को आयोजित हुआ था, में " फर्मों की चूक जोखिम और दिवालियापन सुधार का प्रभाव - भारत से प्राप्त साक्ष्य" संबंधी शोधपत्र की प्रस्तुति।
- डॉ. ऐश्वर्या कृष्णा और प्रो. जयदेव एम – सेकेंड क्रेडिट स्कोरिंग एंड क्रेडिट रेटिंग सम्मेलन जो निंगबो, चीन में दिनांक 14-16 अक्टूबर, 2022 को आयोजित हुआ था, में क्या दिवालियापन की भविष्यवाणी करने में कार्पोरेट में शासन व्यवस्था की अपेक्षा कंपनी की वित्तीय स्थिति अधिक महत्व रखती है ? के बारे में आलेख की प्रस्तुति।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

पुस्तक का अध्याय:

- प्रो. जयदेव एम और डॉ. ऐश्वर्य कृष्णा (2022) क्रेडिट मार्केट का एंड स्ट्रेंथेनिंग: पोस्ट आईबीसी (संपादित पुस्तक) आईबीसी आइडिया, इम्प्रेशन एंड इंप्लिमेंटेशन जिसका प्रकाशन आईबीबीआई, पीपी 245-262 में हुआ। bttps://ibbi.gov.in /uploads/publication/b5fba368fb-d5c5817333f 95fb b0d48bb.pdf

दूसरे इंटरनेशनल रिसर्च में क्लिक की गई ग्रुप फोटो आईआईएमबी द्वारा दिवालियापन और दिवालियापन पर सम्मेलन आयोजित किया गया। साझेदारी में पूंजी बाजार और जोखिम प्रबंधन केंद्रभारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के साथ, से 23-25 फरवरी 2023.

भाप्रसं बेंगलूर का केंद्र, सेंटर फॉर कैपिटल मार्केट एंड रिस्क मैनेजमेंट और भारतीय दिवालियापन बोर्ड ने आपसी साझेदारी सहित दिवालियापन पर दिनांक 23 फ़रवरी, 2023 को तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय अनसंधान सम्मेलन आयोजित की जिसका उद्घाटन माननीय मुख्य न्यायधीश (पूर्व) श्री रामलिंगम सुधाकर, अध्यक्ष नेशनल लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा की गयी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. ऋषिकेश टी कृष्णन और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

8.2 निगमित शासन व्यवस्था और नागरिकता केंद्र (सीसीजीसी)

भूमिका:

आईआईएमबी में निगमित शासन व्यवस्था और नागरिकता केंद्र (सीसीजीसी) की स्थापना 2003 में हुई थी जो शैक्षिक संस्थाओं और कार्य से जुड़े लोगों के बीच द्विपक्षीय चर्चा-परिचर्चा तथा विचारों के आदान-प्रदान का एक मंच है। यह केंद्र बोर्ड तथा उच्चतम स्तर के निदेशकों तथा कार्यपालकों के ज्ञानवर्धन से जुड़ा हुआ है। साथ ही यह निजी, सार्वजनिक, नागरिक समाज तथा व्यावसायिक वाणिज्यिक, सभ्य समाज और सामाजिक कार्य-कलापों के नॉन-प्रोफिट सेक्टरों की सहायता करता है।

केंद्र का मूलभूत प्रयोजन अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण और नीति समर्थन प्रयासों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और स्वस्थ कार्पोरेट शासन का महत्त्व समझने, उसका मूल्यांकन करने और लागू करने के लिए उत्साह का वातावरण बनाना है। आगे इन प्रयासों से कार्पोरेट शासन में शोध कार्य, शिक्षण, प्रशिक्षण, सूचना प्रसार और नीति के बेहतरीकरण में यह उत्कृष्टता केंद्र देश में पहली पसंद हो जाए।

इस केंद्र का मुख्य कार्य बड़े पैमाने पर पांच प्रकार के क्षेत्रों पर बल देना है : (क) परामर्श, (ख) शिक्षा, (ग) प्रशिक्षण, (घ) शोधकार्य और (ड़) सूचना और ज्ञान प्रसार। कार्पोरेट शासन की कार्य प्रणाली की समझ को बेहतर बनाना केंद्र का उद्देश्य है जिसमें सिद्धांत और व्यवहार दोनों शामिल हैं। इन कार्यों के लिए देश और देश के बाहर अवधारणात्मक और अनुभवाश्रित शोध की कार्यविधि अपनाई जाती है। संचालित किए जानेवाले गहन शोध कार्यों के आधार पर सरकारी संगठनों, विनियमन अभिकरणों, उद्योग संघों तथा नगर निकायों को नीतिगत अनुसमर्थन भी प्रदान किया जाता है।

इस केंद्र को भारत सरकार के कंपनी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्पोरेट शासन फाउंडेशन के द्वारा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है, ताकि भारत में उन्नत कार्पोरेट शासन का वातावरण बन सके। यह केंद्र अपने द्वारा समर्थित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से फाउंडेशन के साथ जुड़कर काम करता है।

यह केंद्र उद्योग की प्रमुख हस्तियों तथा विभिन्न अकादमिक संस्थानों के अनुभवी संकाय सदस्यों को बाहरी सदस्यों के रूप में शामिल करते हुए एक उच्चस्तरीय परामर्श समिति के निर्देशन में काम करता है। संकाय सदस्यों के रूप में वित्त और नियंत्रण, विपणन नीति, अर्थशास्त्र तथा व्यवहार विज्ञान संगठनों के प्रतिनिधि आमंत्रित किए जाते हैं।

8.2.1 शिक्षा कार्यक्रम:

यह केंद्र कार्पोरेट शासन, लीडरशिप और प्रबंधन के क्षेत्र में सरकारी संगठनों के प्रमुखों तथा राजनीति में काम करनेवाले नेताओं, मुख्य कार्यपालकों, निदेशक तथा बोर्ड के सदस्यों के लिए शिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। इस शिक्षा कार्यक्रम में गैर-सरकारी संगठनों (NGO), स्टार्टअप कंपनियों और बैंकों के प्रतिभागी भी शामिल किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कार्पोरेट शासन में आज के ज्वलंत प्रश्न चर्चा के मुख्य विषय होते हैं, जो निम्न प्रकार हैं :

बोर्ड का मूल्यांकन, सक्सेशन की योजना; निगम के अंदर पारदर्शिता; वित्तीय नियंत्रण और लेखाकरण; वर्तमान परिदृश्य में लेखा परीक्षा समिति की भूमिका तथा लेखा परीक्षक; विभिन्न

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

अंशधारकों का उत्साह और सक्रियता; स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका; ईएसजी; साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिम के लिए सावधानी आदि।

गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुखों के लिए लीडरशिप के संबंध में सक्षमता विकास की नई पहल:

वर्तमान में चालू पहल है – उद्यमिता में लीडरशिप और शासन व्यवस्था के बारे में सक्षमता विकास कार्यशाला का पांचवें बैच का संचालन। यह कार्यशाला सितंबर, 19-23, 2023 की अवधि में गैर सरकारी संगठनों के प्रमुखों के लिए है।

इस कार्यशाला का प्रयोजन अलाभकारी संगठनों और उनके प्रमुखों के अंदर सक्षमता और कौशल का विकास करना है ताकि वे अधिक प्रभावपूर्ण और आश्वस्तकारी निष्पादन को अंजाम दे सकें। इसके अंदर संचालित सत्रों में लीडरशिप की भूमिका, प्रबंधन कौशल, संसाधनों की उगाही और बजट व्यवस्था, जीवन स्थिति और आजीविका में सकारात्मक अंतर, लक्ष्य के प्रति समर्पण, गैर-सरकारी संगठनों के लिए रणनीतिक योजना, विधि संबंधी अनुपालन, अंशधारकों का प्रबंधन, प्रतिभाओं को आकर्षित करना और उनका पलायन रोकना। सत्रों में व्याख्यान देनेवाले आईआईएमबी के प्रोफेसर और उद्योगों के विषय विशेषज्ञ बुलाए गए।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता निम्नलिखित विद्वानों ने की –प्रो. शंखदीप बनर्जी, अध्यक्ष, CSITM और प्रो. सुजीत कुमार शर्मा, सचिव, AIS इंडिया चैप्टर, IIM त्रिचि, आईआईटी और आईआईएम संस्थानों के अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने कार्यशाला में सुसाध्यकार के रूप में प्रतिभागिता दी, जैसे कि प्रो. राहुल डे, प्रो.राघव एच राव, प्रो. जंगबहादुर सिंह, प्रो. प्रिया सीतारमण, प्रो. सुजीत कुमार शर्मा तथा प्रो. सुमीत गुप्ता।

इस कार्यशाला से भा.प्र.सं.बें. तथा अन्य आईआईएम संस्थान, आईआईटी और अन्य संस्थाएं लाभान्वित हुईं जिसमें 30 से अधिक शैक्षिक संस्थान परस्पर मिलकर इसे भारी सफलता प्रदान की। इस वर्कशॉप से संकाय सदस्यों को अपना संपर्क सूत्र बनाने का अवसर मिला जिसके बल पर उन्हें धीरे-धीरे काफ़ी लाभ मिलेगा। अनेक प्रतिभागियों ने अपनी रुचि दिखाई है कि वे आगे इस तरह की कार्यशालाओं में शिरकत करेंगे और ऐसे आयोजन की संभावना की तलाश करेंगे.

ख) नई किताब पर बातचीत शृंखला का शुभारंभ – (यह बहु-वर्षीय कार्य है;) : "प्रौद्योगिकी और हम"

समस्या जो उठाई गई – प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नए विकास के बारे में सरकार में कार्यरत विधि-निर्माताओं को शिक्षित करना काफ़ी जरूरी है, साथ ही नौकरशाही में कार्यरत लोगों को सक्षम तथा आवश्यक अधिकार देना ज़रूरी है कि वे डिजिटल बदलाव लानेवाली परियोजनाओं को समझें, लागू करें और उसका समर्थन करें।

समाधान : CSITM केंद्र की ओर से मास्टर क्लास वेबीनार शृंखला की शुरुआत की गई जिसमें WITP और कर्मयोगी भारत / डिजिटल इंडिया का साथ और सहयोग रहा; शीर्षक : "बीइंग फ्युचर रेडी" (भविष्य के लिए तैयार होना)WITP एक अलाभकारी संगठन है जिसका बल है – भारत सरकार और राज्य सरकारों के विधि निर्माताओं को अधिकार – संपन्न और समर्थ बनाना। विगत छह महीने से अधिक समय से कुल छह वेबीनार संचालित किए गए जिसमें 3000 से ज्यादा सक्रिय प्रतिभागी शामिल हुए। यह वेबीनार लाइव भी संचालित हुआ। अब तक आयोजित समारोहों की सूची नीचे दी जा रही है :

8.5.2 "कृत्रिम आसूचना और शासन" संबंधी वेबीनार और पैनल चर्चा कार्यशाला:

1. **20 अक्टूबर, 2022, डॉ. सुमित चौधरी द्वारा** शीर्षक : "डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन के लिए डिजाइन और सिस्टम थिर्किंग।" डॉ. चौधरी एस्सेट परफार्मेंस मैनेजमेंट के क्षेत्र में विश्व स्तरीय थॉटलीडर और CXO हैं। कृत्रिम आसूचना, स्मार्ट सिटिजन, टेलिकॉम एंड इंफॉर्मेशन एटालिटिक्स।
2. **17 नवंबर, 2022, डॉ. प्रमोद वर्मा** शीर्षक : "आर्किटेक्टिंग पोपुलेशन स्केल सोल्युशंस" डॉ. वर्मा आधार के मुख्य निर्माता हैं और साथ इंडिया स्टेंकलेयर्स से जुड़े हैं; जैसे esign, डिजिटल लॉकर और UPI
3. **12 जनवरी, 2023, श्री आर. चंद्रशेखर** शीर्षक : "शासन व्यवस्था में नई और विकसित हो रही प्रौद्योगिकी" श्री चंद्रशेषखर दि डिजिटल फ्युचर केंद्र के अध्यक्ष हैं। वे भारतीय दूरसंचार आयोग के भी अध्यक्ष थे।
4. **I6 फरवरी, 2023; श्री शरद शर्मा** शीर्षक : "इंडिया स्टैक एवं ओपन नेटवर्क्स" इनका महत्त्व क्यों है ? श्री शर्मा iSPIRT फाउंडेशन के सह-संस्थापक तथा NASSCOM कार्यकारी परिषद के पूर्व सदस्य हैं।
5. **30 मार्च, 2023; श्री नंदन नीलेकनी** शीर्षक : "सरकार में परिवर्तनकारी परियोजनाएं" श्री नीलेकनी इन्फोसिस के सह-संस्थापक और अध्यक्ष हैं। ESKtep और G - 20 कार्यदल (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर) के सह- अध्यक्ष हैं।
6. **27 अप्रैल, 2023; श्री राजीव चावला** शीर्षक : "बड़े ई- गवर्मेंट प्रोजेक्ट्स का कार्यान्वयन तथा भूमि और कुटुम्ब से सीखना" - श्री चावला भारत सरकार के अधीन कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय में रणनीति सलाहकार और मुख्य ज्ञान अफसर हैं। साथ ही वे कर्नाटक सरकार ई- गवर्नेंस के अपर मुख्य सचिव हैं।

अब जो छह कार्यक्रम संचालित किए गए उनका काफी स्वागत हुआ। इनमें प्रतिभागियों की संख्या पहले की अपेक्षा काफ़ी अधिक रही और हाल के सभी समारोहों में 500 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहें। इसी शृंखला के अंदर और समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस सिलसिले की वजह से CSITM का नेटवर्क विस्तारित करने में काफी मदद मिली है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

संकाय सदस्य, भाप्रसं, उदयपुर ने अपने अध्ययन का विश्लेषण "टेंपोरल इफेक्ट्स ऑफ़ रिपीटेड रिकॉग्निशन एंड लैक ऑफ़ रिकोग्निशन ऑन ऑनलाइन कम्युनिटी कंट्रिब्युशन" मैनेजमेंट इन्फॉर्शन सिस्टम्स (FT50) के जर्नल में प्रकाशित करवाया गया।

शृंखला की पहली गोष्ठी की तरह इस समारोह ने युवा IS शोधकर्त्ताओं को काफी लाभ और सहायता प्रदान किया – इसके लिए 200 से ज्यादा पंजीकरण मिले तथा अंतत: 70 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

8.5.3 महत्त्वपूर्ण कार्य-कलाप

सम्मेलन और शिखर वार्ताएं:

5वां सॉफ्टवेयर प्रोडेक्ट मैनेजमेंट शिखर सम्मेलन (भारत) दिनांक 2-4 मार्च, 2023 को आयोजित हुआ।

वर्ष 2019 में वार्षिक अंक सफलतापूर्वक निकलना शुरू हुआ था, उससे आगे 5वां सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट मैनेजमेंट सम्मेलन (भारत) आयोजित हुआ था। जिसमें इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट मैनेजमेंट (ISPMA) का सक्रिय सहयोग रहा। इस सम्मेलन का थीम था – " ब्रिजिंग न्यू फ्रंटियर्स एंड आपरचुनिटीज – प्रोजेक्ट मैनेजमेंट ऐज ए कैटलिस्ट।" प्रो. सदागोपन (पूर्व निदेशक, भाप्रसं, बेंगलूर सम्मेलन के अध्यक्ष थे) प्रो. स्पूर्ति धरणी कोटा, संकाय, अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार एरिया, IIMB शैक्षिक संचालन के लिए कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। मुथु रंगनाथन, सीनियर डायरेक्टर, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, ओरेकल, उद्योग ट्रैक के वास्ते अध्यक्ष थे। श्री हंस- बर्नड किट्टलौस, अध्यक्ष, ISPMA उत्कृष्टता अवार्ड के लिए निर्णायक अध्यक्ष थे।

डॉ. अजय चौधरी, HCL के सह-संस्थापक ने विषय प्रवर्तन भाषण प्रस्तुत किया।

सम्मेलन पूर्व कार्यशालाएं 02 मार्च, 2023 को आयोजित की गईं। द्वि-दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन दिनांक 3 और 4 मार्च, 2023 को किया गया जिसमें 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें शिक्षा और उद्योग दोनों क्षेत्रों के लोगों की प्रतिभागिता रही। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों तथा उद्योग में प्रचलित सर्वोत्तम परिपाटी बतानेवाले के लिए अवार्ड्स की घोषणा की गई।

शैक्षिक क्षेत्र के शोधार्थियों की तुलना में उद्योग क्षेत्र के उपस्थित वक्ताओं ने व्याख्यान देने का आग्रह स्वीकार किया। वक्तागण उत्पादन प्रबंधन से जुड़े उद्योग के विशेषज्ञ लोग थे तथा ये वक्ता छोटी स्टार्टअप कंपनियों से लेकर बड़ी और और सफल बहुराष्ट्रीय के कंपनियों से आए हुए लोग थे।

" सभी मंचों पर प्रेस कवरेज और वैश्विक भागीदारी काफी अच्छी थी, साथ ही यह वार्षिक आयोजन प्रोफेशनलों और शोधकर्ताओं के नेटवर्क एवं संपर्क सूत्रों को परिपुष्ट किया। CSITM और ISPMA की ओर से योजना है कि आनेवाले वर्ष में इस तरह का कार्यक्रम किया जाए।

वेबिनार और कार्यशालाएं:

वेबीनार की शृंखला में "टॉप अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार पब्लिकेशंस फ्रेम इंडिया" शीर्षक कार्यक्रम जून, 2022 आयोजित किया गया। ऐसे वेबिनारों का आयोजन 2021 में आरंभ हुआ जिसका उद्देश्य सूचना प्रणाली संबंधी कुछ उत्कृष्ट शोध आलेखों को सम्मानित करना और उसका प्रचार करना है जो भारतीय बिजनेस स्कूलों के शोध कार्यों द्वारा प्रसिद्ध मैनेजमेंट जर्नलों में सफलतापूर्वक प्रकाशित हों। (FT50/ABDC A)

इसके साथ ही पिछले वर्ष दो सफल कार्यक्रम यानी इस शृंखला का तीसरा कार्यक्रम प्रो. नीना पांडेय द्वारा संचालित किया गया जो भाप्रसं विसाखापट्टनम में इन्फॉर्मेशन सिस्टम की संकाय सदस्य हैं तथा भाप्रसं बेंगलूर की एल्युमनी हैं। कार्यक्रम का शीर्षक विषय था "सूचना प्रौद्योगिकी के गवर्नेंस में सुधार करना" जो इंटरनेट गवर्नेंस के इतिहास से जुड़ा विषय है।

कृत्रिम आसूचना (IA) और गवर्नेंस के अनेक पहलुओं पर विचार-विमर्श हुए जिसमें करीब 60 प्रतिभागियों ने शिरकत की।

अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार रिसर्च सेमीनार जुलाई, 2022, शीर्षक : टेक्नोलॉजी इन लो-रिसोर्स सेटिंग्स – लेशन लर्न्ट"

टेक्नोलॉजी एंड एम्पावारमेंट (TEM) ग्रुप, माइक्रोसॉफ़्ट रिसर्च इंडिया द्वारा उन समस्याओं पर ध्यान दिया जाता है जो कम आयवर्ग के लोगों को प्रभावित करती है, साथ ही उन समस्याओं को दूर करने में टेक्नोलॉजी कैसे मदद कर सकती है।

माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया के डॉ. विवेक शेषाद्रि एक वक्ता थे। इस सेमीनार में एक परियोजना "कार्य" के बारे में यह कहा कि वह डिजिटल माध्यम से किए जानेवाले कार्यों की पहुँच निम्न आयवर्ग के लोगों तक कम लागत में सुलभ कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। ऐसी यात्रा शोध परियोजना से शुरू होकर नई स्टार्टअप कंपनी तक जाएगी। कम रिसोर्स लगाकर टेक्नोलॉजी के प्रयोग के बारे में कुछ मुख्य बातें उन्होंने कही।

यह परिचर्चा एक हाईब्रिड चर्चा रही; व्यक्ति के तौर पर 15 से ज्यादा प्रतिभागी थे, तथा 50 से अधिक ऑनलाइन जुड़े थे। इस वार्ता का बहुत स्वागत हुआ।

प्रो. एच. राघव राव द्वारा प्रेरक वार्ता; जुलाई, 2022 में हुई।

शैक्षिक क्षेत्र और उद्योग के प्रोफेशनलों के भले के लिए ज्ञान को प्रसारित करने और उसके अनुप्रयोग को बढ़ावा देने की अपनी पहल के हिस्से के रूप में CSITM द्वारा दो दिवसीय सेमीनार आयोजित किया गया जिसमें प्रो. एच राघव राव को व्याख्यान के लिए बुलाया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर ऐश्योरेंस एंड सिक्योरिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेंट अंटोनियो में प्रो. राव AT एंड ST के विशेष अध्यक्ष हैं।

व्याख्यान के विषय:

बियोंड साइबर सिक्योरिटी – बिहैवियरल एप्रोचेज टू इन्फॉर्मेशन ऐश्योरेंस।

1. युवा शोधार्थियों को ध्यान में रखकर कुछ विचारों पर आलेख तैयार कर रहे जो श्रेष्ठ जर्नलों में प्रकाशित हो। उन्हें दो दिनों के

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

भाप्रसं परिसर में ठहरने को विवश होना पड़ा और उनकी दोनों वार्ताओं का खूब स्वागत हुआ।

शोध सेमीनार, शीर्षक "फौलो योर हार्ट और लिसेन टू यूजर्स? मसला मोबाइल का डिज़ाइन।" प्रो. आदित्य कर्णम। सेमीनार नवंबर, 2022 में हुआ।

CSITM द्वारा सेमीनार की मेज़बानी की गई जिसमें आमंत्रित वक्ता थे प्रो. आदित्य कर्णम, संकाय, इन्फॉर्मेशन सिस्टेम्स एंड एनालिटिक्स विभाग, स्कूल कंप्यूटिंग इन दिनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर। उन्होंने अपने अध्ययन के बारे में बताया जो नई खूबियों के लिए सोर्स आइडिया होता है – जो यूजर्स रिव्यू से मालूम होता है। इन्फॉर्मेशन सिस्टेम्स के निष्पादक का प्रभाव देखना – टेक्नोलॉजी को विकसित करनेवालों को संप्रेषित करना। मशीन लर्निंग से सुझावों को अहमियत देना और आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रो. आदित्य का कार्य उनके लेखन की प्रेरणा है और गहरे जुड़ाव की देन है। यह सारपूर्ण है और सटीक है।

यह एक हाइब्रिड प्रोग्राम रहा जिसमें रुचि की गंभीरता के साथ शैक्षिक क्षेत्र में योगदान करने की भावना थी – उद्योग के व्यावसायिकों के प्रेरणा रहा है। उन्होंने स्वागत किया।

"क्रिप्टोकरेंसी प्राइस डेटर मिनेंट्स एंड प्राइस इफीसिएंसी - " पर शोध सेमीनार – आयोजित – प्रो. प्रवीण पाठक, जनवरी, 2023

भाप्रसं बेंगलूर के अंदर आर एंड पी, सी एस आई टी एम तथा CCMRM ने संयुक्त रूप से "क्रिप्टोकरेंसी प्राइस डेटरमिनेंट्स एंड प्राइस इफिसिएंसी" पर शोध सेमीनार की मेजबानी की जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ़ फ्लोरिडा से प्रो. प्रवीण पाठक व्याख्यान के लिए भाप्रसं बेंगलूर में पधारे।

प्रो. पाठक ने अपने अध्ययन के बारे में चर्चा की जिसमें क्रिप्टोकरेंसी के दोहरी प्रकृति का उल्लेख किया; यानी इसका संबंध सॉफ्टवेयर प्रोग्राम से है, और यह एक वित्तीय इंस्ट्रूमेंट है, अतः क्रिप्टोकरेंसीज की मूल्य गतिकी बरकरार रहती है।

"प्रोस्ट – ट्रिप व्युजुअलाइज्ड स्टोरी टेलिंग के साथ इकोड्राइविंग को प्रोत्साहित करना : आई-ट्रैकिंग और ड्राइविंग सिमुलेटर को सहयोजित करने का प्रयोग" विषय पर शोध सेमीनार, मार्च, 2023

CSITM द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय शोध सेमिनार शीर्षक " पोस्ट ट्रिप व्युजुअलाइज्ड इकोड्राइविंग" की मेजबानी की गई जिसमें प्रो. बेंनचोई, संकाय, नान्यंग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर दिनांक 7 मार्च, 2023

शोध निष्कर्ष का बयान करने से जटिल इन्वॉयरोंमेटल इश्यूज को समझाने में लोगों के लिए सहायक हुआ। ग्रीन अवेयरनेस की वृद्धि हुई तथा इससे निरंतरतापूर्ण बिहैवियर की जानकारी मिली। प्रो. चोई का अध्ययन इन्फॉर्मेशन सिस्टम लिटरेचर के प्रति योगदान है – इको ड्राइविंग बिहैवियर्स संबंध में व्युजुअलाइज्ड स्टोरी टेलिंग – पोस्ट ट्रिप परिचर्चा / टिप्पणी।

यह एक हाइब्रिड प्रोग्राम रहा जिसका स्वागत उद्योग क्षेत्र के व्यावसायिकों सहित शैक्षिक संकायों ने खूब किया। इसमें रुचि दिखानेवालों की संख्या उत्साहवर्धक रहीं।

8.5.4 वर्ष 2023 -24 की योजना में होनेवाला कार्य-कलाप:

- प्राप्त प्रतिसूचना और महत्त्व पर विचार करते हुए निम्नलिखित सफल कार्यक्रम जारी रखे जाएंगे :
- अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार; पाठ्यक्रम तथा शिक्षाशास्त्र आधारित अभ्यास - सहयोग INAIS का भारतीय केंद्र (चैप्टर)
- वाधवानी इंश्टीच्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (WITP) के सहयोग से मास्टर क्लास वेबीनार शृंखला
- ISPMA के भारतीय केंद्र के सहयोग से सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट मैनेजमेंट सम्मेलन
- अन्य कार्यशालाएं और शोध सेमीनार जैस कि वेबीनार शृंखला – "भारत से उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय शोध अध्ययन का प्रकाशन" आयोजन, जून, 2022

8.6 शिक्षण और ज्ञानार्जन केंद्र (CLT)

भूमिका:

भाप्रसं बेंगलूर में शिक्षण और ज्ञानार्जन केंद्र (CLT) की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी। जिसका मुख्य बल है – शिक्षण और ज्ञान संस्थान में नए विकास को समझना और उसका भारत में प्रसार करना; जैसे शिक्षण की प्रभावकारिता कैसे बढ़ाई जाए।

यह केंद्र निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करता है:

- शिक्षण सामग्री - जैसे कि टीचिंग केसेज और टीचिंग नोट्स – विकसित और निर्मित की सुविधा और समझ
- टीचिंग – लर्निंग समुदाय के फायदे के लिए नए काम करना
- शिक्षाशास्त्र आधारित विकास की अपेक्षाओं और प्रभावकारिता को ध्यान में रखकर चर्चा के लिए मंच एवं अवसर निर्मित करना
- शिक्षण का निष्पादन और सीखे हुए ज्ञान के मूल्यांकन को लेकर तरीके तलाशना
- संकाय सदस्यों और डॉक्टरल शोधार्थियों की टीचिंग संबंधी सहायता और इंपुट प्रदान करना
- उच्च शिक्षा संस्थानों में टीचिंग का स्तर उन्नत बनाने के वास्ते राष्ट्रीय स्तर पर संसाधन स्रोत के रूप में काम करना।

8.6.1 कार्य – कलाप:

IIM बेंगलूर में पी.एच.डी शोध-छात्रों के लिए टीचिंग संबंधी

डॉक्टोरल सह-व्यवस्था :

टीचिंग 2023 संबंधी चार- दिवसीय डॉक्टोरल सहायता संघ की मेजबानी दिनांक 9 से 12 जनवरी, 2023 की अवधि में गई जो भाप्रसं बेंगलूर में अध्ययन करनेवाले पी.एच.डी शोध-छात्रों के लिए कार्यक्रम था।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

कुल मिलाकर 23 शोध छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ये छात्र अपने डॉक्टरल अध्ययन के अंतिम चरण में हैं और ये शीघ्र ही शिक्षण-अध्यापन की यात्रा शुरू करनेवाले हैं। यह शैक्षिक सहायता संघ प्रभावपूर्ण टीचिंग के विभिन्न पहलुओं पर काम करता है और इस संघ के प्रमुख प्रो. सौरव मुखर्जी हैं जो भाप्रसं बेंगलूर के संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन में संकाय सदस्य हैं।

सहायता संघ में दूसरे वार्ताकार हैं डॉ. अरुण पेरेरिया MIT सोलन इंटरनेशनल फैकल्टी फेलो तथा मानव संकाय, चैफेज स्कूल ऑफ बिजनेस, सेंट लुईस यूनिट USA

प्रो. जीतामित्रा देसाई जो भाप्रसं बेंगलूर में डिसिजन साइंसेज विषय में संकाय सदस्य हैं, ने भी सहायता संघ के अंगीभूत विषय "टीचिंग क्वांटेटिव सब्जेक्ट्स" के लिए एक सत्र का संचालन किया।

प्रो. मुखर्जी ने जिन सत्रों का संचालन किया उनके विषय ये रहे – केस वेस्ड टीचिंग, केस राइटिंग, एंड कोर्स डिज़ाइन। डॉ. परेरिया ने प्रतिभागियों को बताया लर्निंग के विभिन्न अनुप्रेरक क्या होते हैं ? इन सभी सत्र व्याख्यानों से प्रतिभागियों को उचित, सामाजिक और उन्नत इन्पुट प्राप्त हुए जिसके कारण वे अपने टीचिंग अभ्यास सत्रों / कक्षाओं का स्वरूप और तद्विषयक तैयारी कर सकते हैं।

इस प्रोग्राम में अत्यंत महत्त्वपूर्ण संघटक टीचिंग अभ्यास का स्वरूप रहा है। इसके बल पर प्रतिभागी गण अपने चुनींदा विषय पर कक्षा के संचालन हेतु अवसर प्राप्त कर सकते हैं, इस प्रक्रिया में अपना विशिष्ट टीचिंग स्टाइल बना सकते हैं, जिससे खुद के सुधार के लिए उन्हें सकारात्मक फीडबैक भी मिल सकता है, साथ ही साथ एक टीचिंग संकाय के रूप में अधिक प्रभावपूर्ण व्याख्यान दे सकते हैं।

सहायता संघ कार्यक्रम के अंतिम दिन निम्हांस में बाल एवं युवा मनोरोग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष डॉ. शेखर शेषाद्रि ने एक चर्चा-परिचर्चा का सत्र संचालित किया – बॉडी टॉक; कोई शिक्षक अपनी कक्षा में आंगिक क्रियाओं और वाणी वैशिष्ट्य से किस तरह प्रभाव उत्पन्न कर सकता है।

अन्य बिजनेस स्कूलों के पीएच.डी शोधछात्रों के लिए टीचिंग संबंधी डॉक्टोरल सह व्यवस्था का दूसरा कार्यक्रम 30 जनवरी से 2 फरवरी, 2023 तक संचालित किया गया।

शैक्षिक सहायता संघ के द्वारा यह दूसरा कार्यक्रम वैसा ही था जैसा भाप्रसं बेंगलूर के डॉक्टोरल छात्रों के लिए हुआ करता है। संकाय सदस्य और व्याख्यान दाता भी वही रहे; प्रो. सौरव मुखर्जी, प्रोजीता मित्रा देसाई, डॉ. अरुण परेरिया और डॉ. शेखर शेषाद्रि।

इस बैच में पीएच.डी प्रोग्राम के 21 शोध छात्र शामिल हुए जो अपने डॉक्टोरल अध्ययन के अंतिम चरण में है; 13 छात्र पूरे भारत के प्रबंध संस्थानों और विभागों से आए थे, जैसे कि भाप्रसं इंदौर, भाप्रसं संबलपुर, भाप्रसं रांची, भाप्रसं अहमदाबाद, भाप्रसं काशीपुर, भाप्रसं कोझिकोड, भाप्रसं उदयपुर, ISB हैदराबाद, EDII अहमदाबाद, IIT रांची, IIT कानपुर, IIT खड़गपुर और XLRI जमशेदपुर। भाप्रसं बेंगलूर के चार शोध छात्र भी सम्मेलन में भागीदार रहे। यह प्रोग्राम काफी सुनियोजित और आवासीय सुविधा संपन्न बनाया गया था।

एचबीपी केस रिव्यू और प्रस्तुति की प्रक्रिया :

टीचिंग एंड लर्निंग केंद्र (CTL) की भूमिका होती है कि वह भाप्रसं बेंगलूर के संकायों द्वारा लिखित केस रिव्यू और प्रस्तुति की प्रक्रिया को हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशर्स वेबसाइट फॉर एडुकेटर्स (HBPE) पर प्रकासित करने के लिए देखे। यह केंद्र भाप्रसंबें – एचबीपीई : सामग्री की कॉपी एडिटिंग, पीयर – रिव्यू तथा पब्लिकेशन संबंधी सब सपोर्ट देखता है। ये सभी काम अध्यक्ष – CDOCT के मार्ग निर्देश और परामर्थ के तहत किए जाते हैं।

भाप्रसं बेंगलूर के संकाय सदस्यों द्वारा लिकित टीचिंग सामग्री तथा एडुकेटर्स के लिए HBP पर दी जाने वाली पठन सामग्री का इस्तेमाल भारत और विदेशों के प्रबंध संस्थानों द्वारा किया जाता है।

अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 की अवधि में भाप्रसं बेंगलूर के 15 नई सामग्री की एडिटिंग आदि करके हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशर्स वेबसाइट पर अपलोड किया गया। उपरोक्त अवधि में HBP पर प्रकाशित सामग्री की सूची तालिका 1 पर देखी जा सकती है।

हार्वर्ड सेल्स रिपोर्ट से पता चलता है कि विश्व स्तर पर जनवरी – दिसंबर, 2022 के दौरान भाप्रसं बेंगलूर की 1,18,654 से अधिक सामग्री बिक चुकी है। जनवरी – दिसंबर, 2022 की अवधि में बिकी सामग्री सूची तालिका 2 में देख सकते हैं जिसकी हजार से अधिक प्रतियां बिकी है।

समीक्षा वेबीनार सीरिज:

टीचिंग एंड लर्निंग केंद्र द्वारा 2022 – 23 की अवधि में 4 वेबीनार की मेजबानी की गई। इन वेबीनारों का सीधा प्रसारण किया गया तथा जो वर्तमान भी बेंगलूर के यू-ट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

वेबसाइट के दर्शकों की संख्या 2000 से लेकर 60,000 तक है। वेबीनारों की सूची तालिका 3 पर देखी जा सकती है। इस प्रक्रिया में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों का डाटाबेस बनाया हुआ है जिसके अंदर भारत के उत्कृष्ट 250 कॉलेज तथा विश्वविद्यालय शामिल है।

टैप के ऊपर टीचिंग टिप्स:

शॉर्ट वीडियो क्लिपस अथवा छवि दृश्य का डाटाबेस – जिसमें इजी टू इप्लीमेंट और क्विक टीचिंग टिप्स दिए गए हैं, निर्मित है जो टीचिंग समुदाय के लिए सहायक है ताकि वे क्लास में प्रभावपूर्ण प्रदर्शन कर सकें। इस समय वीडियो अंग्रेजी, तमिल और कन्नड़ भाषा में ही है।

अंग्रेजी रिलीज़ तीन वीडियोज की सूची तालिका 4 में देखी जा सकती है। तमिल और कन्नड़ भाषा रिलीज वीडियोज की सूची तालिका -5 में उपलब्ध है।

शोधकार्यों में सहायक टीचिंग संबंधी टिप्स :

भाप्रसं बेंगलूर के संकाय सदस्यों के बारे में विशेषकर नया प्रयास

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

किया गया है और टिचिंग तथा लर्निंग केंद्र, भाप्रसं बेंगलूर की कोशिश है कि टीचिंग को किस तरह शोधकार्यों का फायदा हो, रिसर्चर्च के तरीके और टीचिंग के संघटक एक-दूसरे की जरूरतों की अनुपूपूर्ति कैसे केरें।

वीडियोज़ शॉर्ट हैं, चुलीले भी हैं तथा शैक्षिक दृष्टि से मूल्यवान इन्पुट समाहित किए हैं। अकादमिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को महसूस हो सकता है कि इन वीडियोज की सक्षमता और जरूरत कितनी अधिक है तथा इससे टीचिंग का प्रभाव कितना अलग और खास हो सकता है।

इन वीडियोज के लिए तालिका – 6 देख सकते हैं।

क्र.सं.	लेखक का नाम	केस शीर्षक
1	रंजनी के. नीरज पांडेय, सुमी झा, पुनम सिंह, उपासना ए अग्रवाल, विवेक खानज़ोडे,	श्री राम मंदिर : बड़े पैमाने की परियोजना के लिए एक फिनटेक समाधान
2	दीप्ती गणपति, जैकलिन गोम्स और गरिमा दुआ	नेट ज़ीरो से नेट हीरो-क्या हम इसे ग्रॉस कर सकते हैं? पार्ट-2
3	दीप्ती गणपति, जैकलिन गोम्स और गरिमा दुआ	नेट ज़ीरो से नेट हीरो-क्या हम इसे ग्रॉस कर सकते हैं? पार्ट-1
4	चारु रस्तोगी, श्रीवर्धिनी के झा, और ऋषिकेश कृष्णन	मायलैब डिस्कवरी सौल्यूशंस: सभी बाधाओं के विरुद्ध नवाचार
5	अभिषेक साहु और देबोलिना दत्ता	उद्योग की दुविधा : ऐथिकल मूनलाइट की अनुमति दें या काम करना बंद कर दें
6	देबोलिना दत्ता और चैतली वेदक	एंटोमो - लोगों को सक्षम बनाना डिजिटल के लिए अनुभव इकाम की दुनिया
7	पद्मिनी श्रीनिवासन और गोपाल महापात्रा	चौराहे पर कैरियर : जुनून या पेशा (बी)
8	पद्मिनी श्रीनिवासन और गोपाल महापात्रा	चौराहे पर कैरियर: जुनून या पेशा? (ए)
9	श्रीनिवासन आर. सत्या नंदिनी ए. और श्रीविद्या वी.	नॉल्स्कैप: परिवर्तन सीखने की गतिशीलता
10	हरिता सरंगा और शैलजा ग्रोवर	शॉल या स्टोल? संसाधन अनुकूलन समस्या परलद्दाख के करघे
11	अंशुमान त्रिपाठी, अवनी मिश्रा, और श्लोक संगोई	अक्षय पात्र: दकोविड-19 महामारी और फिर
12	देबोलिना दत्ता	डॉटिन: मुझे एक प्रतिभा रंग दें!
13	देबोलिना दत्ता	फ़र्स्टकनेक्ट सॉल्यूशंस - गिगलीक को सुलझाने के लिए काम किया जा रहा हैबाल्टी
14	लुड्विंग लेवास्सौर और जैकलिन गोम्स	अभिमान: भूमिकाएँ और निर्णय उद्यमियों की और निवेशकों
15	सौरव मुखर्जी और गोपाल महापात्रा	IOCL में HR फैसिलिटेटर: पुनर्जीवित मानवीय स्पर्श

तालिका 2 : जनवरी – दिसंबर, 2022 के दौरान हजार से अधिक मामले की बेची गई प्रतियों की सूची

क्रं सं.	मामले शीर्षक	लेखक
1	बिगबास्केट पर ग्राहक विश्लेषण-उत्पाद अनुशंसाएं	पॉल अब्राहम, मनरंजन प्रधान, लक्ष्मीनारायण एस, गणेश अय्यर, दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
2	आइडी फ्रेस फूड पर घर जैसे बने फूड की मांग का पूर्वानुमान	रमण नरसिम्हन; अमकदीप सिविया; रे चौधरी; एस.आर. विगनेश वॉरन; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
3	सफोला जर्नी	श्रीनिवास प्रख्या; रोचना पोद्दार
4	स्केलनवर्क्स में एचआर एनालिटिक्स : व्यवहारिक परिवर्तन के लिए भविष्यवाई मॉडलिंग	राहुल कुमार; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन
5	कोट्स इंडोनेशिया: अपरिचित संस्कृति में नेतृत्व की चुनौतियां	अभय ओझा; अरूण बंसल
6	प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया: उत्पाद प्रोटफोलियों में अंतर	सीमा गुप्ता; कंचन मिश्रा, आशिष माहेश्वरी
7	भारत में बॉश ग्रुप: एक अंतरर्ष्ट्रीय संगठन में संक्रमण	अभय ओझा
8	एक जातीय शीतल पेय को कायम रखना - पेपर बोट: ब्रांड पोजिशनिंग और उपभोक्ता व्यवहार	एस. रमेश कुमार; मिथुन शिवगुरुनाथन
9	शोध - अर्थव्यवस्था आवास के लिए बाजार अनुसंधान (ए)	अविनाश जी. मुल्की
10	अब आप इसे देखें, अब आप नहीं देखें: जेट एयरवेज़ और इसका मामला लेखांकन नीतियां	पद्मिनी श्रीनिवासन
11	जीएचसीएल: महामारी से निपटना	देबोलिना दत्ता
12	मशीन लर्निंग का उपयोग करके यूरेका फोर्ब्स में लीड जनरेशन में सुधार करना एल्गोरिदम	नंदिनी सेठ; मनुप्रिया अग्रवाल; मनरंजन प्रधान; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
13	एचसीएल टेक्नोलॉजीज में प्रतिभा अधिग्रहण समूह: गुणवत्ता में सुधार फोकस्ड मेट्रिक्स के माध्यम से किराया	देबोलिना दत्ता; सुशांत मिश्रा; मैथ्यु जे. मनिमला
14	ग्रे से हरित संक्रमण - डालमिया सीमेंट की स्थिरता यात्रा	हरिता सरंगा; शीरिष कुमार गौडा
15	ऐस डिज़ाइनर्स - प्रक्रिया में सुधार के माध्यम से प्रतिस्पर्धा	हरिता सरंगा; रूपाली कौल; कृष्णन आनंद
16	मिशन अस्पताल में पैकेज मूल्य निर्धारण	श्रीराम टीके; शैलजा ग्रोवर, सत्यबाला हरिहरण; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
17	बाधाओं को तोड़ना: सूक्ष्म-बंधक विश्लेषण	जितेंद्र रूद्रवर्मा; नवीन भंसाली; स्वेता मूर्ति; सुतीर्था रॉय; उन्नीकृष्णन दिनेश कुमार (पूर्व में अलग से उल्लेख है)

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

18	इंडियन प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की कीमत	उन्नीकृष्णन दिनेश कुमार (पूर्व में अलग से उल्लेख है); क्षीतिज रंजन
19	ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के लिए रिटेल क्रेडिट स्कोरिंग	सुजॉय रॉयचौधरी; श्रीनिवास प्रख्या
20	एक डीन की दुविधा: एमबीए प्रोग्राम के लिए छात्रों का चयन	धीमंत गणत्र
21	रेशम उत्पादन से डेटा-सक्षम अंतर्दृष्टि: जयलक्ष्मी एग्रो टेक	गिरिराज ए; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
22	Flipkart.Com पर ग्राहक विश्लेषण	नवीन भंसाली; जितेंद्र रूद्रवर्मा; शैलजा ग्रोवर; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
23	WSES में विपणन परिकल्पनाओं का परीक्षण	दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन
24	अपोलो अस्पताल में भोजन की मांग का पूर्वानुमान	सुजॉय रॉयचौधरी; आलोक श्रीवास्तव; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
25	भारतीय परिधान खुदरा विक्रेता के लिए मार्कडाउन अनुकूलन	दीपक जॉर्ज; कार्तिक कुरम; रामालक्ष्मी सुब्रमनियम; सुमद सिंह; दिनेश कुमार उन्नीकृष्णन (पूर्व में अलग से उल्लेख है)
26	सत्व ईटेक: प्रोजेक्ट नेटवर्क में अनिश्चितताओं का प्रबंधन	तरूण जैन; जिशनु हाजरा
27	नीलसन: पैंटीन के लिए बाजार अनुसंधान	सीमा गुप्ता
28	भारत में वोक्सवैगन	सीमा गुप्ता
29	इन्फीडो द्वारा एम्बर: सीईओ का आभासी सहायक क्रांतिकारी कर्मचारी सगाई	देबोलिना दत्ता
30	ज़ोमैटो गोल्ड: प्लेटफ़ॉर्म ओवररीच	आर. श्रीनिवासन; संदीप लक्ष्मीपति; प्रमोथ जोसेफ

तालिका 3 : 2022-23 के दौरान सीटीएल वेबीनार आयोजित

दिनांक	विषय	वक्ता / पैनल वक्ता
18 नवंबर, 2022	उच्च शिक्षा में डिजाइन थिंकिंग	प्रो.गणेश प्रभु (मुख्य वक्ता)
24 जून, 2022	प्रदर्शन कला एकीकृत शिक्षण	श्रीमती गीता धर्मराजन, प्रो. कौस्तुव रॉय, और प्रो. श्रीलता जोन्नलगेड्डा पैनल वक्ता), श्रीमती लोपामुद्रा देवन (मध्यस्थ)
12 ??, 2022	उच्च शिक्षा में सिनेमा एक शिक्षण उपकरण के रूप में	डॉ. एस. सेशाद्री, पूर्व प्रोफेसर, निम्हांस और प्रो. रघुनाथ एस. (पैनल वक्ता), श्रीमती लोपामुद्रा देवन (मध्यस्थ)
23 फरवरी, 2023	भारत के उद्यमियों का मूल्यांकन – उनका दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी पर प्रभाव वॉल के साथ साझेदारी में उद्योग स्ट्रीट जर्नल	प्रो. श्रीवर्धनी झा, श्री विपुल पारेख (आईआईएम बेंगलूर के पूर्व छात्र और बीगबास्केट के सह-संस्थापक), और श्री न्यूली पर्नेल (वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्टर) (पैनल वक्ता), श्री युमिको ओनो (संपादक, समाचार संपादक,एपीएसी, वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्टर) (मध्यस्थ)

तालिका 4: अंग्रेजी में जारी 3 टीटीटी वीडियो की सूची

टीटीटी वीडियो विषय	संकाय सदस्य का नाम
• शिक्षण में चुनौतियां- डिजिटल की दुनिया में एनालॉग शॉट्स समाधान • पेडागोगल्स पढ़ाने पर – केस स्टडी विधि और अन्य विधियाँ • एक अच्छा शिक्षक बनना	प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामथ

तालिका 5: दूसरे भारतीय भाषाओं में जारी टीटीटी वीडियो की सूची

टीटीटी वीडिओ विषय	संकाय सदस्य का नाम
• विस्तृत सत्र योजन का महत्त्व (तमिल में) • महान शिक्षाविद बनने के टीप्स (तमिल में)	प्रोफेसर बी महादेवन
• कक्षा से पहले संकाय की तैयारी और कक्षा में छात्र की भागीदारी पर सुझाव	प्रोफेसर एम एस श्रीराम

तालिका 6: शोधकार्य – सूचना समृद्ध शिक्षण टीप्स पर वीडियो की सूची

अनुसंधान-सूचना समृद्ध टीप्स	संकाय सदस्यों का नाम
शोधकार्य और शिक्षण के बीच अंतर्संबंध	प्रोफेसर जितमित्र देशाई
शिक्षण में शोधकार्य को एकीकृत करना	प्रोफेसर वरूण जिंदल
शिक्षण में शोधकार्य को लाना	प्रोफेस नीलम कौशिक

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

8.7 मिजुहो इंडिया जापान अध्ययन केंद्र (MIJSC)

मुख्य - मुख्य बातें:

- मिजुहो इंडिया जापान अध्ययन केंद्र भारत में जापान को समझने की दूरदृष्टि तथा जापान में भारत को समझने की दूरदर्शिता को बढ़ावा देना रहा है। एमआईजेएससी का प्राथमिक मिशन भारत और जापान के उद्योगों तथा शिक्षा जगत के बीच अंत:संवाद बढ़ाना है जिससे कि भारत और जापान दोनों देशों में शोध अध्ययन प्रोत्साहित किया जा सके। ऐसे अध्ययन से सातत्यपूर्ण बिजनेस बढ़ाने के मार्ग में कारगर संघटकों की पहचान की जा सकी, दोनों देशों के बीच सामाजिक और संस्कृतिक दृष्टि से लोगों के बीच संबंध बढ़े तथा इसके लिए आवश्यक अधिसंरचनात्मक सुविधाएं बढ़े। संसाधनों को लेकर सक्षमता आए जिसके आधार पर केंद्र में नई पहल जारी रखने के लिए संभावना बेहतर हो।
- उपर्युक्त मिशन को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से एमआईजेएससी द्वारा आईआईएम बेंगलूर के अंदर अनेक शोध परियोजनाओं को निधि मुहैया करवाई जा रही है। यह बात भारत और जापान के बीच संबंधों को मज़बूती देती है। एमआईजेएससी द्वारा आठ परियोजनाओं में छह परियोजनाओं का वित्त पोषण तथा प्रायोजन किया जा रहा है। शेष परियोजनाएं केंद्र के साथ मिलकर संपन्न की जा रही हैं और चार परियाजनाओं के बारे में कार्रवाई चल रही है। दो अन्य परियोजना प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। केंद्र द्वारा एक पहल यह रही है कि भारत में अन्य नामचीन संस्थानों से शैक्षित क्षेत्र / उद्योग के विशेषज्ञों को साथ लेने के लिए धन की व्यवस्था अधिक की जाए।
- केंद्र में अन्य बड़ा काम वेबीनार व्याख्यान माला शृंखला रही है जिसकी शुरुआत अगस्त, 2020 में गई थी। यह शृंखला हर महीने या हर दूसरे महीने करना लक्षित थी जिसका नाम "तक-सुजिन-स्पीक" अथवा "एक्सपर्ट स्पीक" रखा गया। इसका उद्देश्य था भारत और जापान के बीच अंत:संवाद में चुनींदा क्षेत्रों के बारे में बहुत अच्छी गुणवत्ता की सूचना और जानकारी प्रदान करना। प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, संस्कृति आदि के क्षेत्रों में मुख्य संकेत को तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी शेयर करना उद्देश्य है। आमंत्रित कार्यों के बारे में जानकारी शेयर करना उद्देश्य है। आमंत्रित किए गए प्रत्येक वक्ता अपने क्षेत्र में नामी और विख्यात होते हैं जो अपने अनुभव तथा ज्ञान से अपने कार्यक्षेत्र में स्थान बनाया होता है। केंद्र द्वारा अब तक 19 वेबीनारों का आयोजन किया जा चुका है।
- नवीनतम तकनीकी सूचना प्रदान करने में कॉलेजों के सामने आनेवाली चुनौतियों का महसूस करते हुए इंजीनियरी कॉलेजों में फ्लो ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर आधुनिकतम और उत्कृष्ट वार्ता का आयोजन किया गया। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए इंजीनियरों की सेवाएं लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) द्वारा ली जा सकती है जब प्लांट लेवल पर ऐसी ज़रूरत हो। विजिनरी लर्निंग कम्युनिटि ऑफ इंडिया (वीएलसीआई) को यह ज्ञात हुआ कि इंजीनियरी कॉलेजों के छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकी की जानकारी देने के लिए एसएमईएस के इंजीनियरों, कॉलेजों के अध्यापकों और इंजीनियरी के योग्य छात्रों का समूह बनाया जा सकता है। वीएलसीआई की कोशिशों से एमआईजेएससी और वीएलसीआई 4·0 के संयुक्त तत्त्वावधान में पुणे और बेलगाम के छह इंजीनियरी कॉलेजों / पॉलिटेकनिक कॉलेजों के संकायों / छात्रों को लेते हुए प्रायोगितक स्तर पर एक समूह बनाया गया। एमआईजेएससी के सहयोग से इंजीनियरी संकायों और छात्रों के लिए प्रमाणपत्र प्रोग्राम शुरू किया जाना है। यह संचालित कक्षाओं को मौसीव ऑनलाइन ओपन कोर्स के रूप में बदलने की योजना है ताकि कार्यक्रम डिलेवरी को मानकृत किया जा सके, गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके और छात्रों को जापान जाने का अवसर मिल सके।
- केंद्र के द्वारा एक न्यूज़लेटर प्रकाशित किया जा रहा है जिसमें संबंधितों के सहयोग से संचालित कार्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी छापी जाएगी। जो कार्यक्रम हो चुके और जो कार्यक्रम आनेवाले महीनों में होनेवाले हैं, दोनों। यह न्यूज़लेटर तिमाही है जिसका नाम सायका रखा गया है। न्यूज़लेटर के पांच संस्करण जनवरी, 2021 से अब तक छप चुके हैं तथा छठे संस्करण का लोकार्पण अप्रैल, 2023 में किया जाएगा।
- भारत-जापान के संबंधों पर अनुसंधान का विषय तय करके एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जनवरी-फरवरी, 2024 में आयोजित किया जाएगा। इसके पीछे भावना है कि शोधकर्ताओं, उस दिशा में काम करनेवालों तथा अनेक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाए जिससे उनके बीच आपसदारी बने, विचारों का आदान-प्रदान हो, तथा संभव समाधान उस विषय पर किया जाए जो उठाए जाएंगे।
- केंद्र के द्वारा संचालित अनेक प्रकार के कार्य-कलापों की जानकारी को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए शैक्षिक और उद्योग क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों और समारोहों को roadshow@MIJSC पर डालने की योजना है। इस रोडशो का प्रयोजन है, एमआईजेएससी के संदेश और उसके ब्रांड को भारत और जापान दोनों देशों के अनेक साझेदारों तक पहुँचाना। विशेषकर ये रोडसो तब तक आधे-अधूरे रहेंगे जबतक इन ग्राहकों, लक्षित समुदायों और साझेदारों को साथ लेकर विचार करनेवालों तक पहुँचाया नहीं जाता। उत्पादों का विज्ञापन करना और उसके लिए तंत्र विकसित करना भी रोडशो का लक्ष्य है। रोडशो का विस्तार भारत और जापान दोनों देशों में किया जाएगा जिसके द्वारा अलग-अलग परियोजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। जिसमें वित्त-पोषित शोध परियोजनाएं भी होंगी। जापानी भाषा को लेकर परियोजनाएं तथा वीएलसीआई परियोजनाएं भी इसी में हैं। हमारी योजना में अधिक धन जुटाना भी शामिल है, ताकि एमआईजेएससी के द्वारा अधिक परियोजनाएं ली जाएं और उनपर काम किया जाए।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- केंद्र द्वारा चूंकि अधिक से अधिक कार्य-कलाप किए जाने हैं, और ऐसी योजनाएं बनी हुई हैं, इसलिए आनेवाले वर्ष में धन के स्रोत जुटाना अस्तित्व के लिए ज़रूरी है। अनेक अवसरों की तलाश जारी है। कार्यपालक शिक्षा प्रोग्राम जैसे कुछ प्रोग्राम हैं जिससे धन की आय हो सकती है, उदाहरण बिजनस संगठन और प्रबंधन कार्यक्रम-जापान (बीओएम-जे) वर्ष 2023-24 में आरंभ किया जाना है। यह समावेशी कार्यक्रम वीएलसीआई के छात्रों और अन्य भारतीय संस्थाओं के छात्रों के लिए संचालित होंगे जिनमें जापान के साझेदार यूनिवर्सिटीज़ का सहयोग रहेगा। इस कार्यक्रम का प्रयोजन जापान, जापानी समाज तथा वहां की संस्कृति की आधारभूत बातों की जानकारी प्राप्त करना है जिसके अंदर जापान में एक सप्ताह जाकर ठहरना और चीजों को समझना शामिल है।
- वार्षिक समारोह के रूप में स्थापना दिवस हर वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाना चलता रहेगा। वर्तमान वर्ष का समारोह सम्मिश्रित स्वरूप का रहा जिसमें दोनों देशों के शैक्षिक क्षेत्र और उद्योग जगत के लोग प्रतिभागी रहे। समारोह में प्रवर्तन भाषण जापान में भारत के राजदूत माननीय संजय कुमार वर्मा द्वारा दिया गया।
- तोशिबा सॉफ्टवेयर से धनराशि रु.10 लाख प्राप्त हुई, इसको छोड़कर वीएलसीआई परियोजना के लिए धनराशि बीपीएल मेडिकल डिवाइस से रु 25 लाख प्राप्त हुए। मिजुहो से तीसरी बार रु.7 करोड़ रखके छोड़ा हुआ है, क्योंकि नए कैंपस में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को लेकर अनिश्चितता है।
- केंद्र निम्नलिखित चुनौतियों को दूर करने के लिए काम कर रहा है:
  - नए कैंपस में केंद्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग हेतु धन प्राप्ति के स्रोत
  - निधि द्वारा संपोषित अनुसंधान परियोजना को विस्तार प्रदान करने के लिए प्रस्ताव जिससे कि आईआईएमबी के बाहर के शैक्षिक संगठनों को शामिल किया जाए
  - जापानी भाषा पाठ्यक्रम रिसर्च स्कोलरों का आदान-प्रदान आदि जैसी अन्य विशेष परियोजनाओं के संबंध में दूसरे जापानी विश्वविद्यालयों से संपर्क साधना।

1. भूमिका :

व्यावसायिक और राष्ट्रीय हितों की मांगों तथा भारत और जापान के व्यावसायिक वातावरण में तेज़ी बढ़ती जरूरतों को देखते हुए आईआईएमबी में शैक्षिक तथा शोध की सक्षमताओं के बल पर भारत-जापान अध्ययन केंद्र स्थापित करने का विचार आया। ऐसा केंद्र दोनों देशों के अकादमिक संकायों, उद्योग संगठनों तथा सरकारी अभिकरणों के मिलकर अच्छा करेंगे, इस भावना से 2017 में आपसी हितों में काम करने के लिए आगे बढ़े। वातावरण सरकारी नीति-निर्माण, नवप्रवर्तन, परियोजना प्रबंधन, स्रोतों की तलाश, टेक्नोलॉजी के स्थानांतरण, विकास और प्रबंधन, निरंतरता, बौद्धिक संपदा अधिकारों, तथा स्थानीय संस्कृति और बिजनस रीति को समझने के लिए प्रयास किए जाएंगे। जिन सेक्टरों पर मुख्य बल दिया जाएगा, उनमें ऊर्जा और परिवहन, तथा लघु और मध्यम उद्यम शामिल होंगे।

वर्तमान में भारत के शैक्षिक संस्थानों, खासकर प्रबंध संस्थानों में ऐसा कोई कार्य-कलाप समर्पित नहीं है जिसके द्वारा भारत-जापान बिजनस के संबंधित क्षेत्रों में ज्ञानार्जन होता हो, उस ज्ञान को आपस में साझा करने और प्रसारित करने के ऊपर ध्यान दिया जाता हो। भारत-जापान अध्ययन केंद्र, आईआईएमबी को नया नाम मिजुहो भारत-जापान अध्ययन केंद्र दिया गया है, जिसके द्वारा अप्रैल, 2021 में मिजुहो बैंक द्वारा दिए गए उदारतापूर्ण अनुदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इस केंद्र को अग्रणी शोध संस्था और नेटवर्किंग हब बनाना लक्ष्य है। यह केंद्र जापान और भारत के बिजनस वातावरण को गहराई से समझने के लिए छात्रों, शोधकर्ताओं, बिजनस मैनेजरों और नीति निर्माण कर्ताओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। बेंगलूरु महानगर में जापान की अनेक कंपनियां अवस्थित हैं, और भारतीय प्रोफेशनल्स हैं। बेंगलूर में नया करने का वातावरण दुनिया में अनेक सर्वोत्तम में से एक है। मिजुहो भारत-जापान अध्ययन केंद्र का उद्देश्य है भारत-जापान के बीच अकादमिक-व्यावसायिक अंत:संवाद के सूत्रों की तलाश करना, उसको बढ़ावा तथा निरंतरा देना।

2. विज़न / मिशन / लक्ष्य :

- भारत-जापान अध्ययन केंद्र (आईजेएससी) के दीर्घ कालीन लक्ष्य के तीन संघटक हैं:
- भारत और जापान के अकादमिक विद्वानों, उद्योग क्षेत्र के प्रमुखों और नीति निर्माण कर्त्ताओं को साथ लाने के लिए मंच बनाना;
- आईजेएससी को एशिया में एक सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्टता केंद्र बनाना; जापान के वैश्विक व्यवसाय को आगे बढ़ाने में भारतीय प्रतिभाओं की स्थिति को रेखांकित करना।

3. चल रहे कार्य-कलाप (शिक्षा क्षेत्र) :

इस सीओई के आरंभ से अबतक अनेक गतिविधियां चल रही हैं जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं :

- एमआईजेएससी द्वारा निधि संपोषित शोध-परियोजनाएं।
- पीजीपी के छात्रों के लिए चयन के विकल्प विषय ये दोनों कार्य-कलाप जारी हैं, और इनमें कुछ सुधार / परिवर्तन किए गए हैं।

बी पी आई एम:

जेआईजे ईएमपीएस कार्यक्रम – उदाहरण के लिए दि बी पी आई एम – जापान प्रोग्राम (प्रो. कृष्णा सुंदर (द्वारा) जो पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के छात्रों के लिए चयनित विषय है। पाठ्यक्रम जापान में एक सप्ताह के लिए रचित है। सन् 2021 में (महामारी का समय) इस प्रोग्राम की की पुनर्रचना की गई और इसे ऑनलाइन इमर्सन प्रोग्राम बना दिया गया जिससे यह काफ़ी सफल साबित हुआ। तथापि सन् 2022 में यह प्रोग्राम नहीं चला। प्रो. शुभाशीष गुप्ता के द्वारा एक अन्य जे-ईएमएसपी चयनित प्रोग्राम के रूप में ऑफ़र किया गया और उसे काफ़ी सफलता मिली।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

प्रायोजित शोध परियोजनाएं:

एमआईजेएससी द्वारा 12 शोध परियोजनाओं को प्रायोजित किया गया है। इनमें से परियोजनाओं पर शोध कार्य पूरा हो गया है और शेष 4 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। तत्संबंधी स्थिति का ब्यौरा संक्षेप में नीचे दिया जा रहा है :



4. प्रारंभ नई गतिविधि / अन्य जो प्रक्रियाधीन है :

- **वेबीनार श्रृंखला :** केंद्र द्वारा संचालित ध्वजपोत कार्यक्रम वेबीनार आधारित व्याक्यान शृंखलाएं हैं जिनके अंदर विभिन्न अध्ययन क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञों को आमंत्रित करके व्याक्यान करवाए जाते हैं, ताकि भारत में जापान तथा जापान में भारत को अच्छी तरह समझा जा सके। इस वेबीनार व्याख्यान मामलों का स्वरूप ऐसा तैयार किया गया है जिससे कि आईआईएमबी और स्थानीय / वैश्विक स्तर के विषय विशेषज्ञों के बीच परस्पर संवाद को संपोषित किया जा सके जो उद्योग शैक्षिक क्षेत्र तथा समाज की अनेक समस्याओं को समझने तथा समझाने में सहायक साबित हो। तात्सुजिन-स्पीक का लक्ष्य प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सूचना और समझ समाज के ज्ञानवान और रुचि रखनेवाले वर्ग में प्रसारित करना है। व्याख्यान माला का फॉर्मेट यानी पैनल चर्चा (मेईजिन संवाद) का दौर शुरू किया है। कुल मिलाकर 12 ऐसे वेबीनार अगस्त, 2020 में पैनल चर्चा का सिलसिला शुरू होने से अब तक संचालित किए जा चुके हैं। वर्तमान स्थिति संक्षेप में दी जा रही है :

- **विज़नरी लर्निंग कम्युनिटी ऑफ़ इंडिया (वीएलसीआई) :–** यह समुदाय जुलाई, 2022 से काम कर रहा है हमलोग हिरोशिमा युनिवर्सिटी के साथ मिलकर वीएलसीआई परियोजना पर काम करने के लिए अवसर तलाश रहे हैं। वर्तमान में हमने एमआईजेएससी ते तत्त्वावधान में वीएलसीआई 4·0 आरंभ कर दिया है जिसके द्वारा उन इंजीनियरों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो उद्योग में काम करने को तैयार नहीं हैं, लेकिन जापान जाने की आवश्यकता उन्हें है। कॉलेजों के स्तर से ही फ्लो ट्रांसफॉर्मेशन पर जोर देना जरूरी था, जिससे हुनरमंद तथा सुप्रशिक्षित इंजीनियरों को लघु मध्यम उद्योगों द्वारा अपने प्लांटों के लिए नए श्रमबल हेतु ले लिया जाता। दूरदर्शी प्रशिक्षु समुदाय यानी वीएलसीआई की अवधारणा इंजीनियरी कॉलेजों के छात्रों को नवीनतम ज्ञान और कौशल से लैश करने के लिए बनी थी ताकि लघु तथा मध्यम उद्योगो, कालेज के शिक्षकों तथा इंजीनियरी छात्रों को लेकर सीखनेवाला वर्ग बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में हमने 2023 में संकायों के लिए प्रशिक्षण शुरु किया। इसका विषय पायलट स्केल रखा गया जिसमें पुणे तथा बेलगाम के छह इंजीनियरी / पॉलिटेक्नीक कॉलेजों को शामिल किया गया। मैन्युफैक्चरिंग साइकिल पर मुख्यत: केंद्रित मॉड्युल 2 पर अंतिम सत्र हमने सफलतापूर्वक संपन्न कर लिए जसमें वैलू स्ट्रीम, मैपिंग, जिडोको, प्रोसेजशीट, मानवीय पहलू, ऐसेंबली लाइन पर केस अध्ययन आदि पर कक्षाएं संचालित की गईं। मई, 2023 के अंतिम सप्ताह में मॉड्युल 3 पर हमारा सत्र संचालित किया जाएगा। इसमें फैक्टरी परिसर के ज्ञान में सॉफ़्ट स्किल संबंधी पहलू मुख्य विषय रहेंगे।

- **एमआईजेएससी का स्थापना :**

  14 सितंबर, 2022 का मनाया गया। यह पहला समारोह था जो हाइब्रीड मोड पर संचालित किया गया जिससे कि इस केंद्र के कार्य-कलापों को प्रचार-प्रसार मिले। इस प्रोग्राम की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

- प्रोग्राम के माध्यम ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों रहे।
- दिए गए प्रस्तुतीकरण के मुख्य अतितियों और उनके विषय निम्नलिखित रहे :

➢ जापान में भारत के राजदूत श्री संजय कुमार वर्मा – मुख्या भाषण
➢ महावाणिज्य दूत, जापान बेंगलूरु श्री नाकाने सोटोमु – जो जापान और भारत के बीच औद्योगिक – अकादमिक संबंध-सूत्रों को बढ़ावा
➢ महानिदेशक, जेटरो बेंगलुरु – भारत-जापान व्यावसायिक संबंध निर्माण
➢ अध्ययन, इंटरनेशनल संबंध, प्रो. तरुण पांडा आईआईटी हैदराबाद – शैक्षिक संबंधों के द्वारा भारत और जापान के बीच मज़बूत रिश्ते का निर्माण
➢ प्रो. प्रभाकर, जे एन यू – भारत – जापान के बीच शोधकार्य द्वारा संबंधों की मज़बूती

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- अध्यक्ष, मिजूहो बैंक –श्री मोसाहिको काटो – एमआईजेएससी के माध्यम से भारत – जापान रिश्तों का निर्माण
- आईआईएम बेंगलूर से अन्य विशिष्ट वक्ताओं के व्याख्यान
- शैक्षिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी, राजनीति, उद्योग और बैंकिंग सेक्टरों के नामचीन लोगों की कार्यक्रम में भागीदारी जिसमें देश और समुदपारीय प्रतिनिधि शामिल।

❖ द्विभाषिक सत्र-संचालन. सभी भाषणों सीधा अनुवाद / भाषांतरण

❖ सभी वीडियो कार्यक्रम के जापानी भाषा में उप-शीर्षक

❖ सत्र - 1 संपर्क का आशय एमआईजेएससी से संबंधित अंशधारकों तक पहुँचना। भारत और जापान दोनों देशों के परिप्रेक्ष्य और संदर्भ की सूक्ष्म बातों की समझ पर प्रकाश

❖ सत्र–2- संभावना तलाशना। एमआईजेएससी में गतिविधियों का सारांश जिसके अंदर विगत 12 महीनों की मुख्य उपलब्धियों पर चर्चा।

❖ सत्र – 3 – अन्य साझेदारों से निकट संबंध बनाने की कोशिस जैसे कि मिजुहो बैंक आईआईएमबी में मिजुहो बैंक से संबंध को महसूस करने की समझ का विकास।

- **पुस्तक लोगार्पण :**

दो पुस्तकों के भाग -2 का लोकार्पण इस कार्यक्रम में हुआ। केंद्र में आयोजित वेबीनारों के सारांश का संकलन। शोधपत्रों को वेबसाइट पर प्रकाशन जो केंद्र की निधि से संपोषित थे; दो पुस्तकों के भाग – 1 इसी तरह सितंबर, 2021 में प्रकाशित और विमोचित किए गए थे।

- **प्रायोजित पुस्तकों का विमोचन :**

भारत में जापान तथा जापान में भारत की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रसार के लक्ष्य से एमआईजेएससी ने श्री इचिरो हाशिनो से अनुरोध किया गया था कि जापान के संबंध में एक पुस्तक लेखन करें। यह पुस्तक पहली बार सितंबर, 2022 में स्थापना दिवस समारोह में इलेक्ट्रॉनिक तरीके से विमोचित हुई थी। इस पुस्तक का शीर्षक – डिस्कवरी ऑफ़ जापान-नेविगेटिंग इंडिया जापान सिनर्जी, एक्सप्लोरिंग स्मार्टलाइफ़ कोलेबोरेशंस एंड चार्टिंग ग्लोबल पीस एंड प्रौस्परिटी। यह किताब मुद्रण के लिए तैयार है तथा इसका प्रकाशन एमआईजेएससी द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा।

- एक न्यूज़लेटर तिमाही आधार पर प्रकाशित किया जाता है जिसका शुभारंभ जनवरी, 2021 में हुआ था। अब तक पांच अंक प्रकाशित हो चुके हैं, जिसमें हाल ही में प्रकाशित सितंबर, 2022 का अंक है।



विवरणिका : एक विवरणिका तैयार करके मुद्रित की गई है। इसमें सीओई द्वारा संचालित कार्य-कलाप और अवसरों के बारे में मुख्य-मुख्य बातें होती हैं। यह विवरणिका अंग्रेजी और जापानी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। विवरणिका नीचे की तस्वीर में देखी जा सकती है :

राजस्व प्राप्ति संबंधी कार्यक्रम

वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखकर कुछ कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है :

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- राजस्व प्राप्ति के लिए कार्यपालक शिक्षा पाठ्यक्रम; जैसे व्यवसाय संगठन तथा प्रबंधन कार्यक्रम- जापान (बोम-जे)
- जापानी भाषा पाठ्यक्रम – संवाद और बातचीत की सक्षमता पैदा करने के लिए विशेष कार्यक्रम जिसके तीन स्तर प्रारंभ से होते हैं,
  - स्तर के 3 : अनिवार्य / अस्तित्व की मांग जापानी भाषा की क्षमता
  - स्तर के2: बुनियादी / आधारभूत स्तर का जापानी भाषा पाठ्यक्रम (प्लस एन5 जेएलपीसी प्रमाण पत्र)
  - स्तर के1 : बुनियादी कोर्स जापानी भाषा (प्लस एन4 जेएलपीसी प्रमाण पत्र)

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :

एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की योजना इसी साल (जनवरी, 2024) के लिए बनी हुई है। इसके लिए शोध विषय भारत-जापान संबंधों के बारे में होगा। विचार है कि अलग-अलग क्षेत्रों के शोधार्थियों, इस विषय को लेकर काम करनेवालों और विशोषज्ञों को एक मंच पर लाकर परस्पर जोड़ना, ज्ञान और जानकारी साझा करना और सामने लाए गए मसलों के लिए संभव समाधान करना सुनिश्चित हो। हमारी कोशिश है कि यह सम्मेलन वर्चुअल नहीं, बल्कि वास्तविक उपस्थिति में ऑफ़लाइन हो। यह केंद्र मिजुहो तथा अन्य जापानी संगठनों को सहायता प्रदान करता रहा है जिसकी प्रमुख बातें निम्नलिखित है :

रोडशो करना : वर्ष 2023-24 में एमआईजेएससी द्वारा रोडशो किए जाएंगे। ये कार्यक्रम क्षेत्र में होनेवाले कार्य-कलाप हैं जिसमें शैक्षिक औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिभागी होंगे जिसमें केंद्र की अनेक गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं दिखाई जाएंगी। उद्देश्य है कि एमआईजेएससी का संदेश और उसका ब्रांड भारत और जापान दोनों देशों में विभिन्न पार्टनरों तक पहुँचाना। विशेष बात करें तो यह समारोह आधे दिन के लिए होगा जिसमें ग्राहकों, संभावित लाभानुभोगियों और साझेदारों को एक मंच पर लाकर विचार करनेवाले, उत्पादन कर्त्ताओं और संबंधितों को मौका दिया जाएगा। ये रोडशो भारत तथा जापान दोनों देशों में किए जाएंगे। इससे विभिन्न परियोजनाओं को प्रचारित करने और लोकप्रिय बनाने में केंद्र को मदद मिलेगी। हमारी योजना यह भी है कि ऐसे रोडशो करने से एमआईजेएससी में चल रही खास-खास परियोजनाओं के लिए अधिक धन प्राप्त किया जा सके।

जापानी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी : हम जापान में अनेक विश्वविद्यालयों से संपर्क साध रहे हैं, जैसे कि मिज़ी यूनिवर्सिटी, हिरोशिमा यूनिवर्सिटी, और एनयूसीबी बिजनेस स्कूल नागोआ। प्रो. कृष्णा सुंदर ने हिरोशिमा यूनिवर्सिटी की यात्रा की ताकि साझेदारी के अवसरों की संभावना पर बातचीत हो सके। ऐसे अवसरों पर आनेवाले महीनों में काम किया जाएगा।

विविध सहायक कार्य-कलाप : इस केंद्र द्वारा मिजुहो तथा अन्य जापानी संगठनों को उनकी ज़रूरतों के मुताबिक सहायता प्रदान की जाती रही है।

5. टीम बनाना

एमआईजेएससी में टीम बनाने की प्रक्रिया अलग पृष्ठभूमि वाले रिसर्च एसोसिएट्स को शामिल करके शुरू की गई थी। इन कार्य-कलापों में संचार और प्रचार की गतिविधियां शामिल हैं जैसे वेबीनार, वेबसाइट्स, सोशल मीडिया पर संवाद आदि, साथ ही वीएलसीआई संबंधित सक्रियताएं। ये सब कार्यालय सहायकों के कामों के अलावा है जो केंद्र में सभी कार्यक्रमों के लिए ऐंकर की भूमिका निभाते हैं। एमआईजेएससी में कुछ पोस्ट डॉक्टरेट संकायों की भर्ती की जानी है जो केंद्र में शोधकार्य की गति देंगे।

6. निधियों की प्राप्ति

- केंद्र को मिजुहो से 7-7 करोड़ की दो किश्ते प्राप्त हुई जिसका प्रयोग केंद्र में कायिक निधि बनाकर रखने के लिए किया जा रहा है। इसके बावयूद सीएसआर विनियमों के कारण मिजुहो से मिलनेवाली 7 करोड़ रुपए की अगली किश्त अस्थगित हो गई। मिज़ुहो से जैसी चर्चा हुई थी, इस राशि में से रु 4 करोड़ अधिक संरचनात्मक विकास के लिए अगल रखे गए तथा शेष बची योग राशि केंद्र में प्रचालन खर्चों के लिए इस्तेमाल की जानी है। एमआईजेएससी / आईआईएमबी द्वारा मिजुहो को धन के व्यय का ब्यौरा दिया जाना अनिवार्य है ताकि वर्ष 2023-24 के लिए अपेक्षित धन नए कैंपस में भवन निर्माण के लिए मांगी जा सके और मिजुहो द्वारा वह धन अवमोचित किया जा सके।
- **एमआईजेएससी को वर्तमान:** तीसरे वर्ष भी तोशिबा सॉफ्टवेयर सिस्टम्स इंडिया से रु. 10 लाख की राशि प्राप्त हुई है। यह राशि वर्ष 2022-23 के लिए एमआईजेएससी में प्रचालन व्यय पूरे करने के लिए खर्च की जा रही है।
- बीपीएल मेडिकल डिवाइस की ओर से वीएलसीआई परियोजना के वास्ते 25 लाख की धन राशि प्रदान की गई है। एमआईजेएससी का निर्णय है कि संकाय सदस्यों और छात्रों – दोनों के लिए एमओओसीएस टाइप प्रोग्राम आयोजित करने के लिए धन राशि खर्च की जाए, यह प्रोग्राम फ्लो फंडामेंटल्स पर हों। यह परियोजना आशानुसार दिसंबर, 2023 में पूरी हो जाएगी।

7. चुनौतियों पर कार्रवाई

क. नए संसाधनों का विकास :

सबसे बड़ी चुनौती है नए परिसर में नई अधिसंरचना का समय पर निर्माण करना। मिजुहो से फ्रेश फंड आकस्मिक निधि के रूप में प्राप्त हुई है जो कि हमारे इस आश्वासन पर मिली है कि हम इससे भवन का निर्माण करवाएंगे।

ख. जापानी विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन :

एमआईजेएससी की इच्छा है कि जापान के विश्वविद्यालयों के साथ इस बात पर चर्चा की जाए कि कतिपय प्रमुख क्षेत्रों में जैसे कि समावेशी कार्यक्रम जापानी भाषा शिक्षण, उद्यम / व्यवसाय की प्रमुख हस्तियों के लिए संयुक्त भारत-जापान

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

लीडरशिप कार्यक्रम, तथा जापान के उद्योगों में प्रशिक्षुता के लिए अवसरों की तलाश करना (जापानी यूनिवर्सिटीज के माध्यम से भारत के इंजीनियरी छात्रों के लिए), दो संस्थाओं के संकाय सदस्यों के बीच विशेष अध्ययन क्षेत्र में शोध परियोजनाओं पर काम किया जाए। ये सब वर्तमान करारनामा में उल्लिखित विषय नहीं है। जापानी विश्वविद्यालय जैसे कि मिजुहो, हिरोशिमा, नागोया के द्वारा उपर्युक्त क्षेत्रों में अध्ययन कार्यक्रम के लिए मिलकर काम करने हेतु रुचि जाहिर की गई है। समर्पित होकर काम करने के वास्ते जापानी विश्वविद्यालयों के साथ संवाद को इससे बल मिलेगा, ताकि मौजूदा समझौता ज्ञापन में शामिल सभी क्षेत्रों में निरंतरतापूर्ण संबंध बन सके।

ग. **एमआईजेएससी में विदेशी मूल के शोध-छात्रों की भर्ती करना:** विदेशी अभ्यर्थियों को पद देने की कार्यविधि अस्पष्ट बनी हुई है। एमआईजेएससी ने परियोजनाओं से जुड़कर काम करने के वास्ते अभ्यर्थियों को लेने के बारे में आनाप्ति मांगने के लिए प्रस्ताव भेजा है। ऐसी परियोजनाएं एमआईजेएससी के लिए पासंगिक होंगी तथा बाद में उन परियोजनाओं को कार्यशील दस्तावेज़ बनाया जाएगा– ये शर्त होंगी। ये कार्य एमआईजेएससी द्वारा प्रकाशित करवाए जाएंगे अथवा / और बाद में किसी जर्नल में छपवाने का प्रयास किया जाएगा। उपर्युक्त अभ्यर्थी अपने संबंध सूत्रों के आधार पर जापान और भारत दोनों देशों में एमआईजेएससी को उद्योग, शिक्षा, व्यवसाय, तथा नीति निर्माण कर्त्ताओं से जोड़ेंगे।

घ **शोध कार्य हेतु निधि की उगाही को विस्तारित करना :** भारत – जापान के बीच संबंध को ध्यान में रखते हुए शोध कार्य हेतु निधि की व्यवस्था के स्रोत को विस्तारित करना एमआईजेएससी की आवश्यकता है। शोध परियोजनाओं में अन्य संस्थानों के संकाय सदस्यों को जोड़ा जाएगा जिसमें आईआईटीएस / एमआईजेएससी की कोशिशों से उद्योग जगत के विशेषज्ञों को शामिल करने का प्रस्ताव बनाया जाएगा जो शोध अध्ययन के निष्कर्षों को शैक्षिक साझेदारों के साथ बांट सकेगा।

8.8 एनएसआरसीएल (NSRCEL):

एनएसआरसीएल में लगभग 400+ कार्य वित्त वर्ष अप्रैल 22 से मार्च 23 में व्यापक कार्यक्रमों के तहत किए जाने हैं

विगत दो दशकों से ज्यादा समय हो गए, उद्यमिता का मुख्य केंद्र होने के कारण एनएसआरसीएल अनेक सेक्टरों में अपने चाहने वालों की नब्ज पहचानता है तथा उनकी जरूरतों और उसके वक्त को जानता है। इकोसिस्टम के मीटअप कार्यक्रमों, अतिथि वक्ता के व्याख्यान सत्र, पूर्व छात्रों संबंधी समारोह की हलचलों तथा सबसे बढ़कर एनएसआरसीएल द्वारा रूचि दिखानेवाले संकायों तथा उद्यमों को उचित मंच देने के कारण अच्छा वातावरण बना है। उन्हें जाकर अपनी बात कहने का मौका देने से अनेक बाधाएं समाप्त हुईं और समय के साथ मजबूती आई।

वित्त वर्ष 2022-23 में एनएसआरसीएल द्वारा सब कुछ डिजिटल करने में व्यय किया गया जिसके कारण उच्च गुणवत्ता सेंटरों का डिजिटल और प्रत्यक्ष मॉडेल विकसित किया गया और देश के 20 राज्यों में उद्योगों को इसका फायदा हुआ है।

एनएसआरसीएल द्वारा देश में उद्यमिता का वातावरण बनाने के वास्ते साझेदारी के दायरे का विस्तार भी किया गया जिसमें 14 अन्य प्रतिभा संपोषण केंद्र और चार शोध संस्थाएं शामिल हैं। वर्ष 2022 में एनएसआरसीएल के पास 86 से अधिक अध्यापक और व्याख्यान कर्त्ता थे जो कार्पोरेट सेक्टर के प्रतिभावान उद्यमियों और सफल कार्यपालकों का पूल है। साथ ही 80 से अधिक उत्पाद और सेवा प्रदाता अनुभवी लोग हैं जो स्टार्टअप बिजनेस के लिए लोगों को उत्साहित करते हैं।

वित्त वर्ष 2022 में एनएसआरसीएल अपने दायरे में और कार्पोर्ट पार्टनरों को लेकर आया। ये पार्टनर प्रायोजन कदमों के स्तंभ हैं जैसे कि कोटक महिंद्रा बैंक लि., आईसीआईसीआई सेक्युरीज़ एंड ऐक्युमेन फंड, तथा स्टार्टअप इंडिया सीड फंड आदि। इनके साथ-साथ कैपजेमिनि, गोल्डमैन सैच, मारुति सुजुकी, दि माइकेल एंड सुसान डेल फाउंडेशन, अटल इनोवेशन मिशन तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंध को मजबूती दी गई है। नए कार्यक्रमों के बारे में अपडेट्स।

नए कार्यक्रमों की स्तिथि

8.8.1 वेलोसिटी – एनएसआरसीएल में संकेंद्रण कार्यक्रम :

इस वर्ष एनएसआरसीएल में वेलोसिटी के तीन कॉहार्ट की शुरूआत की गई – सेक्टर वार गहन संकेंद्रण कार्यक्रम। 60 की संख्या में नए-नए स्टार्टअप – जो विभिन्न व्यवसाय क्षेत्रों में काम करनेवाले हैं, जैसे फिनटेक, कृषि, वांतरिक्ष, पेट केयर, क्लीन टेक, ब्युटी, हेल्थ केयर, एडटेक और अनेक दूसरे। एनएसआरसीएल की नज़र आगे और जा रही है जिनमें संभावनाओं से लैश उद्यम – क्षेत्र हैं।

8.8.2 इम्पैक्ट ऑर्बिट- ऑर्बिट-2:

मार्च 2024 में एनएसआरसीएल द्वारा कैपजेमिनी की साझेदारी में इम्पैक्ट ऑर्बिट प्रोग्राम का कॉहार्ट 2 शुरु किया गया। इसमें अनेक व्यवसाय क्षेत्रों में क्रांतिकारी नयापन आने की हलचल है ये सोशल इंपैक्ट वाले 13 मुख्य कार्यक्षेत्र हैं – जो आजीविका और रोजगार के अवसर सृजित करेंगे – स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी का विकास, शिक्षा तथा वित्तीय समावेशन आदि। इनके द्वारा नया दृष्टिकोण लाया जा रहा है।

8.8.3 गांवों में संकेंद्रण:

एनएसआरसीएल के अंदर गांवों में उद्यमिया को संकेंद्रित करने का आइडिया चल रहा है जिससे कि उद्यमिता का क्षेत्र तेज हो, उसमें गति आए और वह मजबूत भी बने। स्टार्टअप के लिए गांवों में परिवेश का अनुकूलन हो। इसके पीछे भावना है – संतुलित और समावेशी विकास जिससे कि सामाजिक – आर्थिक मोर्चे पर व्याप्त खाई को पाटा जा सके। इस संकेंद्रण कार्यक्रम का बल है दूरवर्ती गांवों में निर्भरता संभव आजीविका का सृजन करना, स्व-रोजगार

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

के अवसरों को बढ़ावा देना। इसके लिए ग्रामीण आजीविका पैदा करके सामाजिक -आर्थिक प्रभाव उत्पन्न करना लक्ष्य है। - नौ ग्राम-आधारित उद्यमिता क्षेत्र है जिसकी पहचान एनएसआरसीएल के तहत की गई है।

8.8.4 निरंतरतापूर्ण पलायनरोधी संकेंद्रण कार्यक्रम:

एनएसआरसीएल द्वारा आल्सटॉम की साझेदारी में उन उद्यमों की सहायता की जा रही है जो निरंतरतापूर्ण पलायनरोधी संकेंद्रण के क्षेत्र में आनेवाली समस्याओं का निदान कर रहे हैं। यह कार्यक्रम सस्टेंनेबल मोबिलिटी को संकेंद्रित करता है।

इस कार्यक्रम के ज़रिए विकास की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है और टेक्नोलॉजी के माध्यम से समाधान का बाजार बनाया जा रहा है। ऐसा करके अपदूषित गैसों का निकलना कम किया जा रहा है, ऊर्जा की नई आवश्यकता सृजित की जा रही है। अप-पदार्थों को रि-साइकिल करना कम हो रहा है।

8.8.5 मोबिलिटी संकेंद्रण कार्यक्रम- कॉहार्ट 2:

सितंबर 2022 में एनएसआरसीएल द्वारा दूसरा कॉहार्ट प्रोग्राम जोर-शोर से शुरू किया गया। इसमें मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड अपने 25 स्टार्टअप कंपनियों के साथ शामिल हुआ जिसके कारण मोबिलिटी के स्पेस में अनेक एरिया पर महत्त्वपूर्ण असर हुआ। इलेक्ट्रॉनिक वाहन और संबंधित अन्य चीजें इसके अंदर आती हैं, जैसे कि शेयर वाली मोबिलिटी, डिजिटल सोल्युसन, वित्त और स्वायत मोबिलिटी।

8.8.6 डिजिटल मार्केटिंग को रहस्यों के बाहर लाना– बूटकैंप 2022:

एनएसआरसीएल द्वारा दिनांक 11-12 नवंबर, 2022 की अवधि आईआईएमबी के परिसर में डिजिटल मार्केटिंग का रहस्यों के धुंध से बाहर लाने की संकल्पना पर फाउंडरों को प्रमुखता देते हुए बूट कैंप आयोजित किया गया। गोल्डमैप सैच से 170 से अधिक महिला उद्यमी, 10,000 महिलाएं, उद्योगों के एक्सपर्ट, और गोल्डमैन सैच से वरिष्ठ लीडरशिप एक मंच पर आए। इस बूटकैंप का उद्देश्य ऐसे प्रोग्राम के पूर्व-प्रतिभागियों के अनुभवों का बाँटा जाना था जिससे प्रतिभागियों के संगठनों में डिजिटल मार्केटिंग की ओर कदम बढ़ाने हेतु सामने आ रही चुनौतियों से बाहर निकला जा सके। इस दो – दिवसीय बूट कैंप से स्टार्टअप कंपनियों के संस्थापकों को पता चला कि सोशल मीडिया के ज़रिए ब्रांड बनाने, यथापेक्षा विषय सामग्री सृजित करने, प्रगति के मापन के वास्ते मार्केटिंग निष्पादन का यूस करने में छोटी-छोटी कौन-सी समस्याएं समझनी चाहिए। पुनश्च विपणन तकनीकों में प्रभाव डालने वाले संघटकों आदि अनेक बातें कैसे समझी जाए।

बूटकैंप में आमंत्रित प्रमुख वक्ताओं के नाम नीचे दिए जाते हैं:

- पूजा ढ्रिगरा, संस्थापक, ली 15 चेन ऑफ पैटिसिसीज़ एंड केफ़स
- रणवीर इल्लाहवादिया, संस्थापक, बीयर बाइसेप्स
- प्रह्लाद कक्कर, ऐड गुरु, निदेशक, जेनिसिस फिल्म प्रोडक्शन
- शरण हेडगे, फाइनेंस क्रिएटर, फाइनेंस विद शरण
- प्रकाश सुब्रमणियन, अध्यक्ष ग्रोथ मार्केटिंग, रिलायंस ब्यूटी
- विराज सेठ, सह-संस्थापक और सीईओ, मोंक इंटरटेनमेंट

एनएसआरसीइएल बूटकैंप:

एनएसआरसीएल की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों में आए 80 से अधिक उद्यमियों का स्वागत किया गया जो आईआईएमबी में दिसंबर, 2022 को दो दिवसीय बूटकैंप में भाग लेने के लिए आए थे।

इस बूटकैंप का उद्देश्य कंपनी संस्थापकों को अपनी बुनियाद को समझने तथा आगे कैसे और क्या करना है, इस हेतु छोटी-छोटी समस्याओं पर निरंतर ध्यान देने के लिए सक्षम होना है। साथ ही उपार्जित होनेवाले धन का आकलन करना, सेल्स टीम हायर करना, विश्वास कमाना, निधि प्राप्त करने के सर्वोत्तम परिपाटी अपनाना और बहुत कुछ समझने में सक्षम होना शामिल है। यह मल्टी-सेक्टर बूटकैंप अपनी तरह का अकेला उद्यम की सीमा से निर्बंध कार्यक्रम था जिसके अंदर संकेंद्रण प्रोग्राम शामिल थे।

उद्यमी निर्माण हेतु समारोह 2023:

एनएसआरसीएल द्वारा देशभर के साझेदार संस्थानों का स्वागत किया गया जो आईआईएमबी परिसर में 19 से 21 जनवरी, 2023 में उद्यमी निर्माण समारोह में पधारे थे। इस प्रोग्राम में 10 संस्थाएं एक मंच पर एकजुट हुईं जहा महिला स्टार्टअप प्रोग्राम, एनएसआरसीएल में कॉहार्ट 4 में साझेदार थे।

यह समारोह प्रोग्राम संकेंद्रण पार्टनर्स के प्रशिक्षण को लेकर एक कदम के तौर पर आयोजित किया गया। इसमें व्यावहारिक और उद्यम से जुड़ा अनुभव लोगों ने साझा किया, विगत 20 वर्षों से संकेंद्रण कार्यक्रम संचालित करने का ज्ञान और समझ बांटी गई। इस तरह समन्वय के लिए पोषक वातावरण और गति का इकोसिस्टम परस्पर साझा किया गया।

समारोह में आनेवाले सहभागी संस्थान में निम्नलिखित शामिल थे

- आईआईटी गुहाटी टेक्नोलॉजी संकेंद्रण विभाग
- आई-क्रिएट
- आईआईएम जम्मू–उद्यमिता, नवोन्मेष तथा कशौल विकास फाउंडेशन
- मिज़ोरम यूनिवर्सिटी इंक्यूबेशन सेंटर
- आईआईएम इंदौर इंक्यूबेशन फाउंडेशन
- फाउंडेशन ऑफ इनोवेशन एंड इंटरप्रीनियोरशिप डेवलपमेंट
- केरला स्टार्टअप मिशन
- आईआईएम विशाखापट्टनम– फाउंडेशन फॉर इंक्युबेशन इंटरप्रीनियोरल लर्निंग एंड डेवलपमेंट
- एआईसी –एसएमयूटीबीआई
- अनुसंधान इनोवेशन इन्युबेशन डिज़ाइन लेबोरेटरी फाउंडेशन

महिला स्टार्टअप प्रोग्राम इन्कुबेशन का आरंभ और सान्थे 2023:

एनएसआरसीईएल द्वारा इन्कुबेशन की शुरुआत और सान्थे मार्च 2023 में प्रारंभ किया गया। इस प्रोग्राम में 274 उद्यमियों का स्वागत इन्कुबेशन फेस में किया गया। यह महिला स्टार्टअप प्रोग्राम

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

सीएसआर की पहल से कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड द्वारा संपन्न किया गया। ये महिला उद्यमी ग्राहकों की आवश्यकताओं को भारत के 24 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के 19 सेक्टरों को ताकत दे रही हैं, तथा प्रोत्साहित कर रही हैं।

स्टार्टअप कंपनियों संबंधी पहल की कहानी मेटवी:

हॉस्टल फंड द्वारा फंड राउंड प्री-सीरिज में अघोषित राशि एनएसआरसीईएल के इन्कुबेशन निवेशक दी गई। मेटवी कृत्रिम आसूचना प्रणाली द्वारा चालित नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म है जिसका इस्तेमाल व्यक्तियों तथा संगठनों द्वारा किया जा सकता है जो अपने यूज़र्स को एंड टू एंड नेटवर्किंग सेवाएं निरंतर प्रदान करने में सक्षम है।

अमागी:

अमागी एनएसआरसीईएल का एलुमनी है जिसकी फंडिंग कैपिसिटी अमरीकी डालर 100 मिलियन से अधिक हो चुकी है जिसको संचालित करनेवाली कंपनी जेनरल अटलांटिक है। अमागी एक बिजनस आइडिया लेकर शुरू हुई और अपना रूपांतरण मीडिया तथा प्रसारण फर्मों में करके आश्चर्यजनक काम किया। आज अमागी अग्रणी कंपनी है जो क्लाउड-आधारित विज्ञापन और प्रसारण की प्रौद्योगिकीय समाधान सेवाएं देश और देश से बाहर प्रदान करती है।

अभिनवा रिज़ेल:

अभिनवा रिज़ेल एनएसआरसीईएल के अंदर संकेंद्रित स्टार्टअप है जिसकी पूंजी अमेरीकी डॉलर में 250 लाख तक पहुँच गई है जिसमें एमएम फॉर्निंग्स लिमिटेड ने निवेश किया है। यह कंपनी बीयूएन मधु, कार्तिक डॉनथुला और शिवम भाटिया द्वारा संस्थापित है, अभिनवा रिज़ेल उच्च क्षमता वाले मोटर्स का विकास करता है जिसके कारण ऊर्जा की कम खपत होती है, इस तरह ऊर्जा की सक्षमतापूर्ण खपत का लाभ मिलता है।

टू एसेस्टीव टेक्नोलॉजी:

एनएसआरसीईएल के तहत टू एसेस्टीव टेक्नोलॉजी एक स्टार्टअप कंपनी है जो मोबिलिटी इन्कुबेशन प्रोग्राम का हिस्सा है। यह कंपनी एसेस्टीव टेक फाउंडेशन सम्मान समारोह में जुलाई महीने का च्वाइस अवार्ड जीती। यह समारोह एम्पावर 2022 कार्यक्रम का हिस्सा था। एसेस्टीव टेक सम्मेलन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास में आयोजित किया गया था।

अपने द्वारा प्रदत्त सहायता- समर्थन कार्यक्रमों के ज़रिए टू एसेस्टीव टेक्नोलॉजी का लक्ष्य उच्चतम सक्षमता का नया उत्पाद विकसित करना है जो अक्षम कंपनियों को जोड़ते हुए समावेशी पर्यावरण को संपोषित करता है। इस उद्यम के द्वारा परिवहन क्षेत्र में बदलाव करता है। इस उद्यम के द्वारा परिवहन क्षेत्र में बदलाव दर्ज किए गए जो पहुँच के अंदर संभव और समावेशी है।

जोजेनी:

जोजेनी, गोल्डमैन सैच द्वारा स्थापित उद्यम है जिसमें 10,000 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। जोजेनी ने सफलतापूर्वक मारवाड़ी उद्योग पतियों के नेतृत्व में काफ़ी धन प्राप्त किए है जिसकी राशि अघोषित है।

जोजेनी अनुकूलित मार्केट प्लेस है जिसमें बच्चों के खेल-खिलौने वाले टॉयज़, गेम्स और बुक्स तैयार किए जाते हैं। एनएसआरसीईएल के तहत यह स्टार्टअप कंपनी प्ले आधारित लर्निंग उत्पादों के लिए बढ़ती मांग को पूरी करती है। ऐसा करके बच्चे के विकास यात्रा में खेल और क्रीड़ा के महत्त्व को उजागर करती है।

फॉनोलॉजिक्स:

एलिजावेथ जीन थॉमस जो फॉनोलॉजिक्स, एक स्टार्टअप कंपनी की संस्थापक है। यह स्टार्टअप एनएसआरसीईएल के अंतर्गत महिला स्टार्टअप कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे महिला उद्यमी सम्मान 2023 में वर्ष के लिए सोशल उद्यमिता हेतु एडिटर्स च्वाइस सम्मान प्राप्त हुआ है।

यह स्टार्टअप कंपनी अच्छी क्वालिटी वाली स्पीच थेरेपी की सुविधा बड़े पैमाने पर दे रही है। फिर संप्रेषण को लेकर जो विकृति और प्रतिकूलता तथा देरी बच्चों में हो जाती है, उसका समाधान छोटी उम्र में संभव करना महत्त्वपूर्ण जनसेवा है। इस क्रम में कंपनी द्वारा नवोन्मेषी तरीके एवं विशिष्ट डिजिटल प्लेट फॉर्म अपनाए जा रहे हैं।

कोल-लर्न:

कॉल-लर्न की संस्थापक सृष्टि जैन वीमेन राइजिंग स्टार ऑफ़ दि इयर पुरस्कार की विजेता रहीं जो उन्हें महिला उद्यमी सम्मान समारोह 2023 में प्रदान किया गया।

कोल-लर्न एनएसआरसीईएल के अंतर्गत एक स्टार्टअप कंपनी है जिसकी स्थापना वीमेन स्टार्टअप प्रोग्राम के तहत हुई है। यहां कौशल विकास कार्यक्रम हर आयु वर्ग के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम लाइव, ऑनलाइन, चर्चा-परिचर्चा आधारित और एक-दूसरे को सहयोजित करते हुए संचालित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य होता है – इक्कीसवीं शताब्दी में अपने-अपने क्षेत्र में टॉप स्थान पाओ।

श्रोता हाउस और टू एसोस्टीव टेक्नोलॉजी:

श्रोता हाउस और टू एसेस्टीव टेक्नोलॉजी उन टॉप तीन स्टार्टअप कंपनियों में थे जो डेमो दिवस में शामिल हुए। डेमो दिवस दि गेन इलिवेट वीमेन प्रोग्राम द्वारा आयोजित किया गया तथा जिसमें के-टेक एंड स्टार्टअप कोलकाता का सहयोग प्राप्त था। श्रोता हाउस वीमेन स्टार्टअप प्रोग्राम के अंतर्गत एनएसआरसीईएल की एक स्टार्टअप कंपनी है। इसने शुरुआती उम्र में संगीत शिक्षा को लेकर भारत में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

ड्रोने अड्डा:

ड्रोने अड्डा, एनएसआरसीईएल कंपनी है जिसकी शुरूआत लौंच पैड की है। दो साल में एक बार होनेवाले एयरशो एरो इंडिया-2023 तथा वैमानिकी प्रदर्शनी जिसका आयोजन रक्षा प्रदर्शनी संगठन, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है, में आईडेक्स पेविनियन के मंच से सैन्य कार्मिकी और उद्योग के

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

विशेषज्ञों को साथ लेते हुए किया गया। इस कार्यक्षेत्र में जो मुख्य इकोसिस्टम लाभानुभागी वर्ग है, उन्हें नवोन्मेषी विमानन सेवा में विकसित प्रौद्योगिकी दिखाई गई।

ड्रोन अड्डा आधुनिकतम वैमानिकी प्रणाली के विकास के क्षेत्र में काम कर रहा है। यह प्रणाली देशी संसाधनों से सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता पर जोर देती है। ड्रोन अड्डा यूएवी उद्योग के अंदर प्रमुख संगठन बनने और दिखने की कोशिश कर रहा है। इसकी ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं कि उच्च कोटि की नई सुविधाएं वैमानकी परिचालन में पैदा की जाएं।

वोलर अल्टा-ड्रोन टेक सोल्युशंस:

नीहारिका कोल्टे अलेकर, वोलर अल्टा ड्रोन टेक सोल्युशेस को वीमेन डू वाच ग्लोबल अवार्ड 2022 समारोह में स्पाइट उद्यमिता सम्मान जीतने का अवसर मिला जो लॉस वेगास में सीईएस प्रौद्योगिकी उत्सव में संभव हुआ। वीमेन स्टाटअप प्रोग्राम द्वारा एनएसआरसीईएल की यह स्टार्टअप कंपनी दोहरी सुविधावाला मार्केट प्लेस बना रही है। साथ ही गंभीर किस्म की चिकित्सकीय जरूरत के तत्काल और शीघ्र परिवहन के वास्ते एन्ड टू एन्ड 24 x 7 लॉजिस्टिक्स सुविधा प्रदान कर रही है।

डीपफ्लो प्रौद्योगिकी सुविधाएं:

डीपफ्लो टेक्नोलॉजीज मिस्टईओ से संयुक्त तत्त्वावधान में एक क्लाइमेंट फिनटेक कंपनी है जो मोबाइल अप्लीकेशन से चालित प्रायोगिक परियोजना है जिसका वित्त संपपोषण राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा किया जाता है। इस परियोजना का लक्ष्य मौसम संबंधी नवीनतम भविष्यवाणी करना है और राज्य के किसानों को अग्रिम चेतावनी देनी है जिससे कि उनकी उत्पादकता बढ़े और वित्तीय स्थिरता अधिक हो।

डीपफ्लो टेक्नोलॉजीज एनएसआरसीईएल एलुमनी कंपनी है। यह कृषि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करता है और सही फसल का विकल्प चुनने और कृषि उत्पादन का प्रबंधन दुरस्त करने में किसानों की सहायता करता है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके तथा कृषि उत्पाद उन्नत बन सके।

आर्यव:

आर्यव एनएसआरसीईएल की एक स्टार्टअप कंपनी है जिसने वर्ल्ड इकोनॉमिक फॉरम, डाबोस, स्विटजरलैंड में भारत की ओर से एक लांचपैड था जिसमें इंडियन पैविलियन को डिजिटल बनाया गया था।

आर्यव का प्रोडक्ट–दि आर्यव AWG–एक डिवाइस है जिसके द्वारा कमीयुक्त हवा से पानी प्राप्त किया जाता है। वायुमंडल के जलवाष्प को घनीभूत करके पानी प्राप्त किया जा सकता है। वायुमंडल (AWG) से इस प्रकार प्राप्त पानी अत्यंत शुद्ध और सुरक्षित पेयजल होता है जो सीधा हवा से प्राप्त किया जाता है।

माइल्ड केयर–जिनोकप:

माइल्ड केयर– जिनोकप NSRCEL के अंदर एक स्टार्टअप कंपनी है जो नए व्यवसाय के अवसर इन्कुबेशन प्रोग्राम का अंग है। इस व्यवसाय में धन का निवेश करनेवाले काफी हैं। ड्रेपर परिवार द्वारा संचालित निवेश कार्यक्रम सह रियल्टी शो–मिलिए ड्रेपर चालित उद्यम से – काफी जाना माना है। यह उद्यम दुनिया भर के करीब 2000 स्टार्टअप से शॉटलिस्ट किया गया है।

संदीप व्यास और रचना व्यास द्वारा स्थापित माइल्ड केयर क्रमश: वेलनेस और आरोग्यता की ओर अग्रसर है। भारत में करीब 40 करोड़ महिलाएं इस वेलनेस यानी मासिक धर्म से संबंधित केयर की जरूरत समझती हैं और वेलनेस प्रोडक्ट खरीदना चाहती हैं।

केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर NSRCEL का स्टार्टअप है।

अगली बार जब आप केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुँचेंगे, फाई कॉमर्स और मिट्टी केफे की सेवाएं बाजाप्ता प्राप्त होगी।

फाई कॉमर्स – NSRCEL की स्टार्टअप कंपनी जो फिनटेक इन्कुबेशन प्रोग्राम का हिस्सा है, एयरपोर्ट प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं में साझेदार होगी। फाई कॉमर्स द्वारा विमान यात्रियों को सर्वसुलभ भुगतान चैनल से अनोखी सुविधा के रूप में जोड़ देगा।

मिट्टी केफे- NSRCEL की स्टार्टअप कंपनी है जो NSRCEL सोशल प्रोग्राम के तहत काम करेगा। इसके आउटलेट का उद्घाटन हाल ही में केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बेगलूर में हुआ है। यह भी अपने तरह की बिल्कुल नई पहल है।

शार्क टैंक इंडिया सीज़न-2 संबंधी NSRCEL की स्टार्टअप कंपनी डबल प्लेआर्ट:

NSRCEL के इन्कुबेशन प्रोग्राम के एक पूर्व छात्र ने डब्बल प्लेआर्ट शुरू किया है जो शिशु से 6 वर्ष की उम्र तक बच्चों के लिए टॉक्सिन मुक्त वस्तुओं की सप्लाई तथा आर्टकिट मुहैया करवाता है। इसकी स्थापना कारेन साल्डान्हा और नेहा बज़ाज ने की है। डब्बल प्लेआर्ट के पीछे अद्‌भुत कल्पना शक्ति सक्रिय है जो संपूर्ण भारत के लिए बच्चों में कला अभिरुचि पैदा करने में समर्थ है। यह उत्पाद त्वचा के लिए किसी भी तरह हानिकार प्रभाव नहीं डालता तथा कोमल त्वचा सर्वथा सुरक्षित रहती है। इस कंपनी को 10 प्रतिशत शेयर बेचने से रु.15 लाख तथा रु. 35 लाख ऋण के रूप में मिले हैं। यह कंपनी शार्क अमन गुप्ता (जो सह-संस्थापक और मुख्य विपणन अधिकारी हैं।) द्वारा निर्देशित है।

पाराडाई:

नया-नया उभरता उपभोक्ता ब्रांड प्रोग्राम से जुड़ा पाराडाई का मिशन एक प्रोडक्ट च्वाइस बनकर आगे आने का है। वर्तमान युग शीघ्र निर्णय कर आगे बढ़नेवालों का है जो खुद पर काफ़ी भरोसा रखते हैं। पाराडाइ बालों को रंगने के कारोबार में शिरकत कर रहा है। भारत में एक वर्ग सा उभर रहा है जिसके लिए बालों के रंग बोलते हैं, और इन रंगों के वे दीवाने हैं और बहुत मस्त भी हैं। पाराडाई ने 65 लाख रुपए की फंडिंग 2 प्रतिशत शेयर बेचकर प्राप्त की – यह शेयर शार्क अमन गुप्ता (सह-संस्थापक और मुख्य विपणन अधिकारी बोट) तथा विनीता सिंह (मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा सह-संस्थापक, सुगर कॉस्मेटिक) द्वारा लिया गया।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

बी-यूनिक:

गोल्डमैन सैच 10,000 महिलाएं की ओर से बी-यूनिक ने दिखाया – अनोखी यात्रा पूरी हो गई; समुदाय चालित मंच जो LGBTQR द्वारा समर्थित है, चापू है। LGBTQR क्रेयटर और उद्यमी है। बी यूनिक ऐसी ज़रूरतें पूरी करता है, जो लाइफ़ स्टाईल उत्पाद है और अनोखी उद्यमिता द्वारा रचित है, जिसके लिए प्रेरक वाक्य है – आप हैं, इसलिए और आप हटकर हैं, इसलिए यह उद्यमिता अनोखेपन से काम करनेवाले गैर सरकारी संगठन (NGOs) को मुनाफ़े का एक हिस्सा दान करती है, जो अनमेल लोग भिन्न-भिन्न चुनौतियों से जूझते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रयत्नशील हैं, उन्हें भी साझेदार बनाती है।

हेचेक्सप्रेशन:

महिला स्टार्टअप प्रोग्राम की ओर से हेचेक्सप्रेशन ऐसी कंपनी है जो प्राकृतिक आपदाओं तथा मानव-निर्मित आपदाओं से प्रभावित वर्ग को सहायता पहुँचाती है। इस सहायता में स्थायी आश्रय देनेवाले निरंतरतापूर्ण और मोडुलर आप्शंस शामिल हैं।

महिला स्टार्टअप प्रोग्राम की ओर से चालू यह कंपनी लोगों को सक्षम और शक्ति संपन्न बनाने के लिए काम कर रही है जिसमें प्रशिक्षण देना तथा कौशल विकास करना शामिल है जिससे कि निराश्रितों के लिए घर और गरिमापूर्ण जिंदगी संभव हो सके।

लीफ़ीअफेयर:

आगे आते और नए उपभोक्ता ब्रांड बनकर उभरते हुए इन्कुबेशन प्रोग्राम के सहभागी सबको परस्पर जोड़ रहे हैं। लीफ़ीअफेयर समय बाधा से मुक्त वानस्पतिक अनुसंधानों को परस्पर जोड़ रहे हैं और वानस्पतिक भंडार को साथ ले रहा है। प्रकृति प्रेरित ज्वेलरी की बड़ी शृंखला को फ़ैशन की जरूरत मान रहा है।

पैड केयर लैब्स:

अजिंया धारिया द्वारा संस्थापित पैड केयर लैब्स इस मिशन के लिए काम कर रहा है कि मासिक धर्म जनित हेल्थ केयर प्रोडक्ट भारत में सर्वोत्तम स्तर का उपलब्ध हो तथा समाज में इस दृष्टि से उत्तमता और निरंतरता का माहौल बने। पुनश्च उक्त प्रकार के प्रोडक्ट रि-साइकलिंग टेक्नोलॉजी से साधित हो। ऐसे टेक्नोलॉजी द्वारा 5500 से अधिक बिन्स तथा रक्षित लगभग 1800 मिलियन लीटर लैंडफिल एरिया हेतु बनाया जा चुका है। पैड केयर 4 प्रतिशत शेयर बेचकर 1 करोड़ की पूंजी पर ठहर गया और ये शेयर शार्क अमन मित्तल, नमिता थापर, विनीता सिंह और पीयूस बंसल को बेचे गए।

अमृतम:

अग्निम गुप्ता और स्तुति गुप्ता द्वारा संस्थापित अमृतम द्वारा ऐसा वैश्विक समुदाय बनाया जा रहा है जिसके आयुर्वेदिक तथा क्रूरताहीन लाइफ स्टाइल के उपायों से प्राकृतिक स्वस्थता चाहिए। अमृतम N5RCEL का एक स्टार्टअप हैं जो अनेक प्रकार के स्वास्थ्य रक्षा और पर्सनल केयर सोल्युसंस मुहैया कराता है जिसके लिए वैदिक अध्ययन सहायक होता है। ये सारी चीजें कुदरती, स्वच्छ और आयुर्वेदिक जीवन शैली की तरफ उन्मुख करती है।

स्विचड:

गाड़ियों के शौकिन लोग इलेक्ट्रिक वाहनों का फायदा उठाएं, साथ ही उन्हें ऑनरशिप के झंझट से छुटकारा प्राप्त हो जाए– स्विचड एक उद्यम के रूप में सामने आया है। इसका स्रोत है सस्टेंनेबल मोबिलिटी इन्कुबेशन प्रोग्राम जिसके द्वारा सर्व-समाहित इलेक्ट्रिक वाहन का सब्सक्रिप्सन दिया जा रहा है।

स्विचड का लक्ष्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के सिलसिले को बढ़ाना है। इस उद्योग के अंदर हर चीज शामिल है जो वाहन, बीमा, सर्विसिंग, फ्री चार्जिंग तथा अन्य सुविधाओं तक व्याप्त है। इस प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों के शौकीन इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर उससे जुड़ी सारी सुविधाएं और सहुलियतें बगैर किसी झंझट के प्राप्त कर लेते हैं।

मेट्रोराइड:

सार्वजनिक परिवहन आम जनता एक-एक व्यक्ति के लिए सस्ता, वहनीय और निरंतरतापूर्ण हो, इस मिशन के साथ मेट्रोराइट प्रतिदिन यात्रा करनेवालों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। मेट्रोराइड निरंतरतापूर्ण मोबिलिटी इन्कुबेशन प्रोग्राम से संबंधित उद्यम है जिसके अंदर सिंगल ऐप के ज़रिए एक-एक मील की यात्रा कनेक्ट हो पाई है। यह सहभागी यात्रा व्यवस्था, इलेक्ट्रिक वाहनों सिंगल औरट कृत्रिम आसूचना प्रणाली से संभव हुई है।

वीएसनेपु:

वीएसनेपु डांट कॉम फोटोग्राफी सेवाओं के लिए पूरी दुनिया के वास्ते टेक्नोलॉज़ी प्लेटफॉर्म है। वीएसनेपु के द्वारा फोटोग्राफ़ी उद्योग को सुगठित किया जा रहा है। इस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के चलते फ्रीलैंस फोटोग्राफर्स, वीडियोग्राफ़र्स, फूट स्टाइलर्स और सिनेमेटोग्राफ़र्स परस्पर जुड़ चुके हैं। यह उद्यम लगभग 100 नगरों और 28 देशों में अंजाम मिल चुका है।

होमस्ट्रैप:

होमस्टोरेज एंड ऑर्गेनाइजेशन, फर्निचर, तथा आई एंड क्राफ्ट जैसी श्रेणी में ब्रांड सेलिंग प्रोडक्ट के लिए ई-कॉमर्स प्रमुख मार्केट प्लेस सन् 2013 में स्थापित होम्सट्रैप एक स्टार्टअप है। यह उद्यम अच्छी डिज़ाइन को लेकर उत्साह से आगे बढ़ा था जिससे जुड़कर लोग अपने घरों को बेहतरीन तरीके से सुसज्जित करना चाहने लगे थे।

होम्सट्रैप को काफ़ी गर्व इस बात के लिए है कि इसने घरों को सुंदर और सुव्यवस्थित दिखाने हेतु महत्त्वपूर्ण काम किया है। इस उद्यम ने सुविचारित और सुचिंतित तरहीके से निर्मित उत्पादों के लिए ग्राहक वर्ग बनाए जिसमें सदा नवोण्मेषी दिमाग दिखता है, ग्राहकों के फीडबैक से सीखना दिखता है। इस वेंचर में शार्क अनुपम मित्तल नै रु.50 लाख का निवेश किया और इसके बदले 7 प्रतिशत शेयर खरीदे; साथ ही 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर 20 लाख रुपए का ऋण लिया गया।

गोदेसी:

गोदेसी का उद्देश्य क्षेत्रीय और देसी उत्पादों को ग्राहकों में प्रचारित करके उसकी ग्राहकता बढ़ाना है, साथ ही गुणता और असलीपन

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

सुनिश्चित करना है। इस उद्यम की भविष्य दृष्टि में देसी फूड वाली चीजों को जोरदार तरीके से बढ़ावा देवा शामिल है, और इसके मार्ग में आनेवाली अड़चनों को दूर करना सम्मिलित है। इस प्रयोजन के लिए विस्तारित ग्राहक और उन तक पहुँचने की कोशिश करनी शामिल है। इस प्रक्रिया में कंपनी ने चलनेवाला ब्रांड बनाया है जिसमें बड़ी बात है जीरो कैपिटलिज़्म का होना- नतीजतन निवेशको का अधिकतम लाभ।

8.9 सप्लाई चेन मैनेजमेंट सेंटर (SCMC):

आपूर्ति शृंखला प्रबंधन केंद्र का उद्देश्य काम करनेवालों, आईआईएमबी के संकायों तथा छात्रों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि कार्यक्षेत्रों की पहचान, दस्तावेजीकरण, शोधकार्य, और विकासात्मक कार्यकलापों को सप्लाई चेन से जोड़ा जाए। सबसे अच्छी गतिविधि की जानकारी को प्रचारित किया जाए। आपसी संवाद शुरू करने के वास्ते और आपूर्ति शृंखला से संबंधित विषयों पर बातचीत के लिए SCMC काम कर सके। यह केंद्र उद्योग तथा शिक्षा के क्षेत्र में जरूरी समाधान प्रस्तुत करता है। सप्लाई चेन प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाने, प्रबंधन के छात्र समुदाय के ज्ञान को अद्यतन बनाने तथा कार्यरत कार्यपालकों को प्रशिक्षित करने में SCMC भूमिका निभाता है। पुनः यह केंद्र शोध सप्लाई चेन प्रबंधन संबंधी सिद्धांत और कार्य-कलाप को महत्त्वपूर्ण तरीके से बल मिलता है।

यह केंद्र अपने लक्ष्यों की दिशा में प्रगति कर रहा है तथा निम्नलिखित कार्य-कलाप वर्ष 2022-23 में महत्त्वपूर्ण रहे हैं।

8.9.1 अनुसंधान और परामर्श:

केंद्र द्वारा सरकारी और निजी क्षेत्र में अनुसंधान और परामर्श सेवा संबंधी कार्य सक्रियतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

वर्ष 2022-23 के दौरान निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन पूरा किया गया। कुल कार्यों में प्रगति जारी है

भारत का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई):

राष्ट्रीय राजमार्ग विकास में किए गए निवेश के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव के मूल्यांकन हेतु शोधकार्य के प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के प्रभाव की जानकारी प्राप्त की जा रही है। ऐसे प्रभाव सामाजिक और आर्थिक मोर्चे पर दृष्टिगोचर हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) और भारतमाला परियोजना के आसपास के क्षेत्रों में विकासात्मक प्रभाव वहां के लोगों के जीवन और आजीविका पर परखना जरूरी है। यह अध्ययन भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग विकास के समग्र पर्यावरणिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पर केंद्रित रहा है।

वर्ष के दौरान पोस्ट डॉक्टेरिअल अनुसंधान के शोधछात्र तथा रिसर्च एसोसिएट्स की टीम इस परियोजना के लिए काम करने के लिए नियुक्त की गई है। इस परियोजना के तहत 10,000 प्राथमिक सर्वेक्षण / सूचना एकत्र की गई। इन सर्वेक्षणों में से आधे इस वर्ष के अंत तक पूरे किए गए। अलग-अलग स्रोतों से मध्यम श्रेणी के डेटा एकत्र किए गए और उनका विश्लेषण जारी है। अगले अकादमिक वर्ष के दौरान अनुसंधान निष्कर्षों को ठोस रूप दिया जाएगा तथा एनएचआईए को प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा-1) कर्नाटक, बेंगलूरु का कार्यालय:

इस परियोजना का लक्ष्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीडीडीएस) की आपूर्ति शृंखला प्रणाली का गहन अध्ययन करना है। इस प्रणाली में भंडारण तथा परिवहन नेटवर्क से संबंधित मामले आते हैं ताकि इसमें गड़बड़ी और अव्यवस्था ज्ञात हो और ऐसी बातें किस हद तक हो रही है, यह पता चल। पंजीकरण कम हो तथा बाधाएं दूर हों। इस परियोजना में विभाग के द्वारा लागू की गई एंड टू एंड आईटी प्रणाली की प्रभावकारिता का सक्षमता समझी जाए जिसमें प्रणाली के मॉनीटरन से चूकों को दूर करना प्रमुख है।

लक्षित सार्वजिनक वितरण प्रणाली के अंदर सुधार लाने के लिए अनेक महत्त्वपूर्ण सिफारिशें प्रस्तावित की गई हैं। इनमें हरेक जिले के लिए एक भंडारण स्थल बनाने के साथ वर्तमान भंडारण नेटवर्क का पुनर्गठन शामिल है। परिवहन संविदा नए सिरे से तैयार करना, परिवहन व्यवस्था निष्पादन को नया स्वरूप देना, भारतीय खाद्य निगम के मार्ग-निर्देशों के अनुसार भंडारण कार्यविधि का नया रूप देना तथा आईटी प्रक्रिया को प्रभावकारी बनाने के उद्देश्य से नए कदम उठाना उक्त प्रस्तावों में शामिल है। अगर प्रस्तावों पर अमल किया जाए तो कर्नाटक राज्य में प्रणाली संबंधी लागत खर्च कम हो जाएगा, साथ ही कर्नाटक में टीपीडीएस की आपूर्ति प्रणाली का समूचा इको-सिस्टम काफी सक्षम, न्यूनतम लागतवाला और संबंधि विनियमों के अनपालन में प्रभावी बन सकता है। यह सब कुछ पर्यावरण अनुकूल, प्रौद्योगिकी साधित, लाभ प्राप्त करनेवालों के हक में, सक्षम मॉनीटरन में सक्षनम तथा देश के बाकी हिस्सों के वास्ते रोल मॉडल बन सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC):

यह स्वीकार किया गया काम दिल्ली और राजधानी क्षेत्र में एनसीआरटीसी द्वारा कार्यान्वित आम जनता को परिवहन की शहरी सुविधा तथा क्षेत्रीय द्रुत परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) से संबंधित है। इस तरह के योजना निर्माण तथा कार्यान्वयन के कारण विकास, दस्तावेजीकरण, सूचना का प्रसार और जानकारी में बढ़ावा संभव हुआ है। उपर्युक्त बातों को शामिल करते हुए छह केस अध्ययन तथा एक पुस्तक के रूप में संकलन तैयार किया जा रहा है। वर्ष के दौरान एनसीआरटीसी और आईआईएमबी ने जारी किया। इस काम को पूरा करने के लिए दो पोस्ट डॉक्टर डिग्री रिसर्च एसोसिएट्स नियुक्त किए गए है।

इनटेल- सप्लाई चेन आपूर्तिकर्ता इको-सिस्टम आसूचना : क्विक टर्न रिसर्च:

इस परियोजना का उद्देश्य विश्लेषणपरक और अन्वेषी रिसर्च कार्य को आगे बढ़ाना है। यह कार्य भारत के सेमी-कंडक्टर से जुड़े सप्लायरों और उनके स्थानीय इकोसिस्टम से संबंधित है। इंटेल के पास भारत के स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम और इसमें विस्तृत

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

संभावना की कोई जानकारी नहीं थी। अनुसंधान का विशेष बल भारत के परिदृश्य पर रहा जिसमें इस देश के अंदर इंटेल द्वारा साधित आसूचना तंत्र को सशक्त बनाना रहा है।

उपर्युक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा ढांचा तैयार किया गया जिसके तहत अनेक कार्यक्रम संचालित किए गए; जैसे कि जानने की उत्सुकता, वेब स्क्रैपिंग और एनएलपी जो विभिन्न तरह के डाटासेट्स और वेबसाइटों को खंगालने से संभव हुए। इससे सप्लायरों के बारे में सभी संभव हुए। इससे सप्लायरों के बारे में सभी संभव सूचना प्राप्त हो सकी। सप्लायरों की रैंकिंग किस तरह निर्धारित करें, इसे वास्ते जरूरी सूचना लेकर काम पूरा किया गया जिससे सप्लायरों की साख और छवि ज्ञात हुई। इस प्रकार एक ऐसा ढांचा तैयार हुआ जिसका इस्तेमाल करके इंटेल ने ऐवाईएमएल अल्गोरिथम सृजित किया जिसके द्वारा सप्लायरों का चयन और रैंक निर्धारण हो सका जिसमें भारत के सप्लायर्स अभिज्ञापित है।

यूरोपिअन बिजनस और प्रौद्योगिकी केंद्र (EBTC):

भारत में भंडारण उद्योग संबंधी एक श्वेत पत्र ईबीटीसी और आईआईएमबी ने मिलकर तैयार किया है। यह श्वेतपत्र बताता है कि भारत में भंडारण उद्योग का विकास कैसे हुआ, इस उद्योग के सामने कौन-कौन सी मुख्य चुनौतियां आई और इससे संबंधि विशेष और मोटी बातें कौन-सी रहीं तथा भंडारण उद्योग उत्तरोत्तर कैसे विकसित हुआ। इस श्वेतपत्र में विशेष ध्यान दिया गया कि इस उद्योग के अंदर प्रौद्योगिकी प्रयोग और ऑटोमेशन नहीं था। भंडारण उद्योग के वास्ते बेहतरी के सुझाव भी दिए गए हैं।

इस श्वेतपत्र में निष्कर्ष के तौर पर कहा गया है कि भारत में भंडार उद्योग के अंदर विस्तृत संभावनाएं हैं। जो इसमें ऑटोमेशन, प्रौद्योगिकी के प्रयोग तथा आईटी साधित सुविधाओं को अपनाने तथा कार्यान्वित करने से संबंधित है।

भारतीय मानक ब्यूरो:

यह केंद्र वर्तमान में परिवहन सेवाएं अनुभागीय समिति का सक्रिय सदस्य है। यह समिति भारत में लॉजिस्टिक्स सेवाओं के लिए मानकता स्तर तय करने के लिए जिम्मेदार है। वर्ष के दौरान इस केंद्र द्वारा भारत में बंद-बॉडी वाहनों से परिवहन सेवाओं के संबंध में 22 पृष्ठों का मानक शर्तों संबंधी प्रस्ताव बनाकर उक्त समिति को प्रस्तुत किया गया है जिसकी समीक्षा कर आगे की कार्रवाई समिति द्वारा की जानी है।

समकालीन विचारणीय मुद्दे और अध्ययन (सीसीएस):

एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र सामयिक चुनौतियों (सीसीएस) पर परियोजना कार्य लेते हैं। इन अध्ययन पर होनेवाले व्यय का वहन प्रायोजन कर्त्ता संगठन द्वारा मिलकर किया जाता है। प्रायोजित करनेवाला संगठन व्यवसाय की समस्या से संबंधित अध्ययन और शोधकार्य करवाता है। अध्ययन और शोध कार्य आईआईएमबी के छात्र संगठन की ओर से शून्य लागत पर पूरा कर देते हैं।

उपर्युक्त अध्ययन / परियोजना कार्य आईआईएमबी के संकाय सदस्य के निर्देशन में पूरा किया जाता है तथा छात्रों / शोधकर्ताओं को अवसर प्रदान किया जाता है कि वे सप्लाई चेन को गहराई से समझने में अपनी रुचि दिखाएं। दूसरी ओर छात्र/ शोधार्थी बिजनेस से जुड़ी समस्याओं में अपने ज्ञान का उपयोग करने के लिए अवसर प्राप्त करते हैं।

एक दशक से अधिक हुआ, समसामयिक चुनौतियों (सीसीएस) को लेकर नई परियोजनाएं केंद्र द्वारा सफलतापूर्वक पूरी की गईं। वर्ष 2022 में केंद्र द्वारा 31 सीसीएस परियोजना कार्य / व्याक्यान संचालित किए गए, तथा वर्ष 2023 की अवधि में 37 परियोजनाएं आवंटित की गई हैं जिसके ऊपर काम चल रहा है।

क्र.सं	कंपनी का नाम	परियोजना का शीर्षक
1	एचपीसीएल	विक्रेता निष्पादन प्रबंधन का विकास / रेटिंग प्रणाली
2	एचपीसीएल	मांग एकत्रीकरण सहित एचपीसीएल रिफाइनरीज़ के लिए केंद्रीय प्रापण
3	एचपीसीएल	एचपीसीएल भंडारण स्थल पर इंवेंटरी प्रबंधन
4	एचपीसीएल	एचपीसीएल के मध्यम प्रापण प्रक्रिया में हरित आपूर्ति शृंखला अपनाना
5	ब्रिटेनिया इंडिया	स्कोप-3 उत्सर्जन के मानिटरण और घटौतरी के लिए तंत्र स्थापित करना
6	सिंडलर इलेक्ट्रिक	आईएसओ 26000 (सतत विकास) का मूल्यांकन, सिंडलर इलेक्ट्रिक का नीतिगत आपूर्तिकर्ता
7	माइक्रोसॉफ्ट एज्योर	आसूचना डेटा एक्सचेंज तथा मैपिंग मॉडेल
8	माइक्रोसॉफ्ट एज्योर	क्लाउड सप्लाई चेन में सेवा व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धी विश्लेषण
9	बॉश इंडिया	रिक्तता प्रबंधन की ट्रैकिंग
10	बॉश इंडिया	भंडारण प्रबंधन – गुम स्टॉक
11	बॉश इंडिया	तैयार मालों का पुराना पड़ना
12	बॉश इंडिया	ईकेनबैन तरीका अपनाकर सप्लायरों के साथ खिचना प्रणाली स्थापित करना।
13	हर्बल लाइफ़ इंडिया	स्थापित करके भरण दर और सेवा स्तर में सुधार करें एक मजबूत तैनाती योजना प्रक्रिया
14	हर्बल लाइफ़ इंडिया	ग्राहक संतुष्टि स्कोर और टीएटी में सुधार करें आपूर्ति श्रृंखला की प्रतिक्रिया और समाधान के लिए संबंधित ग्राहक शिकायतें
15	वेदांता फॉक्सोकोन्न प्रोजेक्ट	घटक की स्थापना के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट भारत में 1 विनिर्माण
16	वेदांता फॉक्सोकोन्न प्रोजेक्ट	घटक की स्थापना के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट भारत में 2 विनिर्माण
17	मैक्डोनाल्ड इंडिया	रेस्तरां प्रबंधक समय अनुकूलन
18	मैक्डोनाल्ड इंडिया	क्रू श्रम अनुकूलन
19	मैक्डोनाल्ड इंडिया	रेस्तरां के लिए एक इष्टतम इन्वेंट्री मॉडल का निर्माण
20	एलएंडटी	विनिर्माण विक्रेताओं की क्षमता का आकलन और युक्तिकरण

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

21	बज़ाज़ इलेक्ट्रिकल्स	सोर्सिंग में स्थिरता
22	बायोकॉन लिमिटेड	आपूर्ति श्रृंखला डिजिटलीकरण ढांचा
23	डेल लिमिटेड	सामग्री सोर्सिंग रणनीति
24	डेल लिमिटेड	क्रमबद्ध घटकों की ट्रैसेबिलिटी बढ़ाएँ
25	डेल लिमिटेड	गतिशील सोर्सिंग और रूटिंग
26	डेल लिमिटेड	इंटेलिजेंट इन्वेंटरी सुलह प्रणाली
27	ईमामी लिमिटेड	बहु चरणों, बहु उत्पादों का निर्धारण विनिर्माण में इष्टतम दक्षता
28	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	समेकित करने के लिए गणितीय मॉडल क्या है? समर्थन के लिए 3PL परिप्रेक्ष्य से इन्वेंट्री एफएलएफ उद्योग
29	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	क्या सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम 3PL द्वारा चलता है कंपनियों के बहीखातों में P&L लाभ हैं हिसाब किताब?
30	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	एक 3PL कंपनी कैसे सुधार कर सकती है? उनके गोदाम में जनशक्ति उत्पादकता, विशेषकर एफएलएफ व्यवसाय में
31	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	वितरण शृंखला की वर्तमान स्थिति क्या है? एफएमसीजी उद्योग और इसकी चुनौतियों के लिए?
32	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	संगठन और आपूर्ति श्रृंखला पर शोध करें बड़ी फ़ैशन खुदरा कंपनियों की स्थापना और इन संरचनाओं का पालन करने का औचित्य
33	होलिसोल लॉजिस्टिक प्रा.लि.	हाइपरलोकल पूर्ति - कौन से उद्योग खंड क्या इस नए बिजनेस मॉडल को अपनाएंगे?
34	आईआईएम बेंगलूर में स्पलाई चेन सस्टैनबिलिलि	एक वृत्ताकार प्रदर्शन माप का निर्माण भारत के लिए उपकरण
35	आईआईएम बेंगलूर में स्पलाई चेन सस्टैनबिलिलि	श्वेत पत्र - भारत को कम करने का रोडमैप परिवहन उत्सर्जन तीव्रता एचएएल द्वारा
36	ईमामी लिमिटेड	हमारे संगठन का भौतिकता मूल्यांकन
37	सचेन्दर इल्कट्रिक	ISO 26000K - इको वाडिस रेटिंग में सुधार भारतीय आपूर्तिकर्ता का

8.9.2 विशेष आयोजन और सेमीनार:

विचाराधीन वर्ष के दौरान केंद्र में निम्नलिखित आयोजन संचालित किए गए :

प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए नष्ट होनेवाली खाद्य वस्तुओं की आपूर्तिशृंखला में सुरक्षा और गुणवत्ता अनुरक्षण:

"नष्ट होनेवाली वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला में सुरक्षा और गुणवत्ता अनुरक्षण " विषय पर जुलाई 20, 2022 को आईआईएमबी में सेमीनार का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का संचालन और वित्त-पोषण सप्लाई चेन प्रबंधक केंद्र द्वारा किया गया जिसमें टैगबॉक्स सोल्युशन प्रा.लि. तथा नासाकॉम साझेदार थे। टैगबॉक्स आईओटी सोल्युशन के जरिए सप्लाई चेन को अधिक सुचारु और विश्वसनीय बनाने के लिए संगठनों की सहायता करता है। नासाकॉम एक अग्रणी व्यापार संघ तथा भारत में आईटी उद्योग के वास्ते चेंबर ऑफ़ कॉमर्स है। यह काफी आग्रह से आयोजित समारोह था जिसमें एफएसएसएआई, एनसीसीडी, आईआईएमबी के एक प्रोफेसर और अनेक निजी क्षेत्र संगठनों के वरिष्ठ एससीएम तथा टेक्नोलॉजी लीडर्स अपने वास्तविक और कार्य स्थान के अनुभवों को साझा किया, ताकि नष्ट होनेवाली खाद्यवस्तुओं की आपूर्ति शृंखला की निष्पादन क्षमता सुधारी जा सके। अनेक प्रस्तुतियों और पैनल के विशेषज्ञों के साथ चर्चा परिचर्चा के क्रम में इस समारोह में यह विमर्श हुआ कि संगठनों द्वारा ऐसे उत्तम कार्यक्रम संपन्न करवाने के लिए प्रयास किस प्रकार करने पड़ेंगे।

अभिकल्पना : नष्ट होनेवाली खाद्य वस्तुओं के लिए उत्पादन केंद्र से उपभोक्ताओं तक आपूर्ति शृंखला की अभिकल्पना हेतु किन-किन बातों पर विचार करना आवश्यक है ?

मापन : नष्ट होनेवाली वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला हेतु गुणवत्ता और सुरक्षा का स्कोर कार्ड किस तरह का होना चाहिए ? मापन कब-कब किया जाए ?

विनियम : एफएसएसएआई के विनियमों में किस प्रकार के बदलाव अपेक्षित हैं जिससे कि गुणवत्ता नियंत्रण का कठोरतापूर्ण अनुपालन हो सके।

लेखापरीक्षा : आंतरिक लेखापरीक्षा का स्वरूप कैसा हो जिससे कि उत्तरोत्तर आधार पर गुणवत्ता के मामलों बेहतरी और रोक संभव हो।

प्रौद्योगिकी : प्रौद्योगिकी के ज़रिए किस प्रकार नष्ट होने लायक वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिल सकती है ?

कुल मिलाकर इस कार्यक्रम में 11 व्याख्यान कर्त्ताओं का भाषण हुआ और 100 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

आपूर्ति शृंखला में महिलाएं जिनके अपने समूह हों" विषय पर केंद्रित वेबीनार:

एससीएमसी द्वारा एक पैनल चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय आपूर्ति शृंखला में महिलाएं जिनके अपने समूह हो रखा गया था। इस चर्चा-परिचर्चा में शामिल विद्वान वक्ताओं के नाम नीचे दिए जा रहे हैं :

- सुश्री उषाश्री तिरुमाला – वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा महाप्रबंधक, मनहद्दन एसोसिएट्स

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- सुश्री मीनाक्षि अरूण सुब्रमणियन, निदेशक, रणनीति और रूपांतरण, एज्योर क्लाउड आपूर्ति शृंखला, माइक्रोसॉफ्ट
- सुश्री सीमा मोहांती, ग्लोबल सप्लायर प्रबंधक, बेयर
- प्रो. हेमा स्वामीनाथन, आईआईएम बेंगलूरु

नामसूची के सभी वक्ताओं ने आपूर्ति शृंखला के क्षेत्र में महिला व्यावसायिक के रूप में अपने महत्व अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में उनकी यात्रा कैसी रही, उनके सामने किस तरह की चुनौतियां उपस्थित हुईं तथा उन्होंने इस तरह के अनुभवों से क्या सीखा। इस वेबीनार में आईआईएमबी की अनेक महिला छात्राओं ने पूरे दिलो दिमाग से शिरकत की जिनमें अन्य प्रबंधन संस्थानों की छात्राएं शामिल हुईं। ये छात्राएं आपूर्तिशृंखला में करियर बनाने और ऑपरेटर बनने को उत्सुकस दिखीं।

8.9.3 आपूर्ति शृंखला संधारणीयता लैब:

वर्ष 2016 में पेरिस जलवायु समझौता में सभी देशों के वैज्ञानिक इस हेतु सहमत हुए कि वैश्विक ऊष्मन 1·5 डिग्री तक सीमित रहना चाहिए और दुनिया को 2050 तक कार्बन निष्प्रभावन शुन्य तक लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई तथा भारत ने सन् 2070 तक इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए समय मांगे। भारत सहित लगभग पूरी दुनिया के बड़े कार्पोरेट आनेवाले 15-20 वर्षों में कार्बन निष्प्रभावन शून्य तक लाने के वास्ते अपनी संकल्पशीलता व्यग्र की। किसी भी संगठन के अंदर कुल उत्सृजन को लगभग दो तिहाई मात्रा आपूर्ति शृंखला में आती है। केंद्र की भावना है कि आपूर्ति शृंखला में कार्बन का रोधन कार्पोरेट जलवायु को प्रभावित करने में काफी परिवर्तनकारी गेम चेंजर हो सकता है। जो कंपनियां सीधे-सीधे ग्राहकों के साथ व्यवसाय करती हैं, उनके वास्ते एंड टू एंड उत्सर्जन (स्कोप-3) काफी अधिक होता है, वनिस्पत उनके अपने ऑपरेशन में डायरेक्ट उत्सर्जन की स्थिति से (स्कोप – 1 और स्कोप – 2 उत्सर्जन श्रेणी) स्कोप – 3 में आनेवाले उत्सर्जन घटाने के लिए कंपनियों के लिए बुनियादी बात है कि वे उल्लेखनीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन के वास्ते प्रतिबद्ध हों।

वर्ष 2022-2023 के दौरान सेंटर द्वारा संगठनों की सहायता के लिए लैब स्थापित किया गया है, ताकि स्कोप-3 के तहत आनेवाले उत्सर्जन में कमी लाकर इसे शून्य तक पहुंचाने की यात्रा में कंपनियों की सहायता की जा सके।

लैब का प्रयोजन:

- संधारणीय सप्लाई चेन के कार्य, संबंधितों तक सूचना पहुंचाने और उसकी आवश्यकता बताने हेतु लैब का पहला और भारत का प्रमुख उत्कृष्टता केंद्र बनना।
- विभिन्न संगठनों और सप्लाई चेनों के लिए संधारणीय निदान उपलब्ध करवाना, ताकि उन उपायों का बड़े पैमाने पर अमल हो तथा संबंधितों को उसका लाभ प्राप्त हो।
- संधारणीय सप्लाई चेन प्रबंधन की जानकारी उन्नत बनाना और वह जानकारी संबंधितों तक पहुंचाना।
- संधारणीय सप्लाई चेनों को अभिज्ञापित करने और उससे संबंधित अच्छे कार्यों पर दुगना बल देना और शोधकार्य संचालित करना।
- देश के अंदर और देश के बाहर समान उद्देश्यों को लेकर अन्य संगठनों को सहयोग और समन्वय सुविधाएं प्रदान करना।

लैब का कार्पोरेट प्रायोजन :

चालू वर्ष में सेंटर ने लैब के कार्पोरेट प्रायोजन हेतु निम्नलिखित दो संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है :

भारतीय परिवहन निगम (टीसीआई) :

ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (टीसीआई ग्रुप) जिसके द्वारा राजस्व की अर्जित स्थिति रु.4300 करोड़ है, भारत की प्रमुख कंपनी है जो समेकित रूप से मल्टीमॉडल लॉजिटिक्स और सप्लाई चेन के क्षेत्र में सर्विस देती है। अपने कार्यक्षेत्र में इसकी विशिष्टता छह दशकों से स्थापित तथा इसकी अधिसंरचना का विस्तार 1400 से अधिक कंपनी कार्यालयों में, 120 लाख वर्ग फीट के भंडारण स्थान में, 6000 से अधिक प्रशिक्षण-प्राप्त कर्मचारियों की टीम में देखा जा सकता है। टीसीआई की बुनियाद काफ़ी मज़बूत है जो मल्टीमॉडल परिवहन सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करता है जो कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों तक फैला हुआ है।

टीसीआई ने 10 वर्षों की अवधि के वास्ते प्राप्य कुल 2·5 करोड़ रुपए तय की है। उपर्युक्त समझौता ज्ञापन पर अगस्त, 2022 में हस्ताक्षर किये गए थे और उनसे पहली किश्त सितंबर, 2022 में प्राप्त हुई थी।

हर्बालाइफ़ इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (HPIIL) :

हर्बालाइफ़ इंटरनेशनल ऑफ अमेरिका, आईएनसी अमेरिका की ग्लोबल न्यूट्रिशन कंपनी है जो 40 वर्षों से अधिक पुरानी है, इसकी स्थापना 1980 में हुई थी। इस कंपनी के उत्पाद 90 से अधिक देशों में भेजे जा सकते हैं। एचपीआईआईएल की भारत में बड़ी साख है जो 21 वर्षों से भी अधिक समय से व्यापार कर रही है। हर्बालाइफ़ न्यूट्रिशन अनेक प्रकार की उत्पादनों की बिक्री करती है जो दैनिक पोषाहार के अनुपूरक होते हैं। यह शेयर काफ़ी लोकप्रिय है। वर्ष 2022 में हर्बालाइफ़ न्यूट्रिशन ने अपने उत्पादों की प्रोफाइल बढ़ाकर उसके अंदर आयुर्वेद – आधारित उत्पादों को शामिल किया।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

एचपीआईआईएल ने तीन वर्षों के लिए लैब को प्रायोजन प्रदान किया है जिसके अंदर उक्त अवधि वास्ते कुल रु. 45 लाख की प्रायोजित राशि तय की गई है। उक्त प्रायोजन संबंधी कारनामे पर दिसंबर, 2022 में हस्ताक्षर किए गए। प्रायोजित राशि की पहली किश्त जनवरी, 2023 में प्राप्त हुई।

लैब द्वारा संचालित कार्य-कलाप

1. रिसर्च संबंधी नई पहल:

लैब का मिशन है संधारणीय सप्लाई चेन के प्रबंधन के सिद्धांत और कार्य में प्रगति के लिए शोध-कार्य करवाना। TCI -SCSL एक तंत्र विकसित करना चाहती है जो भारत के निगमित उपक्रमों के अंदर अकार्बनीकरण संबंधी काम को आगे बढ़ाए। लैब की योजना है कि परिवहन, सर्कुलर इकोनॉमी ग्रीन पैकेजिंग, उत्पाद की उपयोगिता अवधि वृद्धि के प्रबंधन, संधारणीय प्रमाण तथा अन्य संबंधित एससीएम विषयों के क्षेत्र में अकार्बनीकरण को लेकर शोध कार्य संचालित किए जाएं। लैब का लक्ष्य भारत में परिवहन, संबंधित विनिमयों तथा अन्य एसएससीएम विषयों के बारे में श्वेतपत्र का प्रकाशन किया जाए। भारत के विभिन्न संगठनों में जारी सर्वोत्तम कार्य-प्रणाली की जानकारी एकत्र की जाए तथा उनका दस्तावेज़ीकरण हो जिससे बेहतर से बेहतर कार्य प्रणाली का उपयोग बढ़ाया जाए, यह काम लैब के लक्ष्यों में शामिल है। लैब का इस्तेमाल निरंतर सप्लाई की चेन संबंधी शिक्षा के लिए केस स्टडी करवाने के लिए किया जा सकता है।

कार्य में प्रगति:

विगत छह महीने में लैब द्वारा कार्य में निम्नलिखित प्रगति हासिल की गई है :

टूल का निर्माण :

(भारत में परिवहन इमिशन संगणकर और कैलकुलेर) परिवहन तंत्र वैश्विक स्तर पर ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) इमिशन का सबसे बड़ा कारण है जो विश्व स्तर पर ऊर्जा से संबंधित CO_2 उत्सर्जन का लगभग 24 प्रतिशत हिस्सा है। यह इंटरनेशनल ऊर्जा अभिकरण (आईईए) द्वारा दिया गया आँकड़ा है। भारत में ग्रीन हाउस गैस इमिशन में परिवहन क्षेत्र का उत्सर्जन मात्रा काफ़ी अधिक है जो 2020 में देश के कुल उत्सर्जन का लगभग 18 प्रतिशत था जो ग्लोबल कार्बन परियोजना के डेटा के अनुसार है। इस उत्सर्जन का अधिकांश सड़क परिवहन से उत्पन्न होता है, उसके बाद वायु परिवहन और रेल परिवहन आता है।

केंद्र द्वारा सभी ट्रांसपोर्टरों और पोत-परिवहन ऑपरेटरों के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे कि कुल जीएचजी इमिशन की गणना की जा सके। टूल का इस्तेमाल करनेवाले उत्पत्ति, लक्ष्य, गूगल दूरी, बैक हॉल यात्राओं की संख्या जैसे विस्तृत विवरण प्राप्त करना चाहते हैं, ताकि कुल इमिशन की गणना की जा सके। इन टूलों से पीडीएफ फॉर्मेट में जीएचजी इमिशन के द्वारा परिवहन के रोड, रेल, वायु, समुद्र और साथ ही मल्टीमॉडेल माध्यम भी अपनाए जाते हैं।

इंडिया ट्रांसपोर्ट इमिशन संघटक:

परिवहन / वाहन इमिशन संघटक जिसके आँकड़े भारत में उपलब्ध हैं, अपूर्ण होते हैं, तारीख तक सीमित होते हैं। लैब में भारत आधारित परिवहन इमिशन संघटक तैयार किया जा रहा है जिसका उपयोग विभिन्न व्यावसायिक संगठनों द्वारा किया जा सकेगा जिससे कि वे परिवहनों से होनेवाले उत्सर्जन / इमिशन की रिपोर्ट तैयार कर सकें। टूल निर्माण में कोशिश की जा रही है कि सभी प्रकार के परिवहन/वाहनों के अंदर समस्या ज्ञात हो जिसमें वाहन के हर प्रकार के लिए अलग-अलग हालात में उत्पन्न होनेवाली समस्या शामिल होगी।

एमएसएमई जीएचजी इमिशन कैलकुलेटर:

एमएसएमई सेक्टरों में खासकर विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में काम करनेवाले बहुत सारे छोटे संगठन हैं, जिनके पास कार्बन उत्सर्जन की मात्रा बतानेवाला कोई तंत्र उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने ग्राहकों और विनियमों का अनुपालन करें। लैब ने एमएसएमई से संबंधित अनेक बिजनेस संगठनों के लिए स्कोप-1, 2 और 3 आधारित ग्रीन हाउस गैसों के इमिशन का मापन करने के वास्ते ऑनलाइन टूल विकसित कर दिया है। इन ऑनलाइन टूल के यूज़र से अपेक्षित है कि वे अपने ईआरपी से लेकर एक समयावधि के लिए कार्य-कलाप संबंधी डेटा प्राप्त कर लें और उसे इमिशन की गणना के लिए ऑनलाइन कैलकुलेटर में इंटर कर दें।

शोधपत्र:

लैब ने शिपिंग इन इंडिया के महा निदेशक के लिए एक शोधपत्र तैयार करवाया है जिसका शीर्षक है - " भारत के अंतर्राष्ट्रीय समुद्र व्यापार के बारे में मार्केट आधारित मेकैनिज्म (एमबीएम) के प्रभाव का अभिज्ञापन और मूल्यांकन।" इस शोधपत्र में विभिन्न एमबीएम का अभिज्ञापन और मूल्यांकन करके भारतीय परिवेश में सबसे अच्छे परिवेश की सिफारिश की गई है। इस पत्र में फोर ट्रेडलेंस के बारे में बंकर लेवी का प्रभाव मूल्यांकन विस्तृत विवरण के साथ किया गया है। साथ ही शोध पत्र में एमबीएम पद्धिति के जरिए आईएमओ द्वारा प्राप्त की गई धनराशि के उचित वितरण के लिए तरीके सुझाए गए हैं।

विषय विशेष अध्ययन:

लैब में स्लेडर इलेक्ट्रिक (एसई) के बारे में अनेक सप्लायर निरंतरता कार्यक्रम की सफलता पर विशेष अध्ययन किया जा रहा है। एसई यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ विशेष कार्य पद्धित और नीतियों का पालन करता है जिसके कारण उनके सप्लायर अपने काम में विशेष प्रकार के निरंतरतापूर्व मानदंड अपनाकर चलते हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य पूरी आपूर्तिशृंखला जारी रखने में सुधार लाया जाए जिसमें सामग्री, उत्पाद और सेवाएं शामिल हैं जो कंपनी के आपूर्तिकर्ताओं के जिम्मे का कार्य होता है। इस कार्यक्रम के अंदर मसले आते हैं, जैसे कि ऊर्जा का यूस, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन, अपपदार्थों की मात्रा में कमी लाना, श्रमबल से संबंधित आचार, मानवधिकार और सामुदायिक समभागिता।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

श्वेतपत्र:

लैब के अंदर डबल्यूआरआई के साथ मिलकर एक श्वेत पत्र तैयार किया जा रहा है जिसका शीर्षक विषय है : सन 2030 तक परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन की मात्रा घटाकर आधी करने के कार्य का समग्र स्वरूप। यह बात भारत के सीओपी 26 संबंधी प्रतिबद्धता के अनुरूप है कि आर्थिक क्रिया कलाप के क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन 2005 के स्तर से घटाकर 2030 में 45 प्रतिशत तक लाना है। परिवहन/ वाहन सेक्टर में उत्सर्जन की मात्रा घटाना जलवायु परिवर्तन पर इमिशन का असर कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत के वास्ते 2030 तक उपर्युक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोडमैप के अंदर अनेक रणनीति अपनाना जरूरी है जिसमें विद्युत चालित वाहनों की संख्या बढ़ाना, बायोफ्यूल और हाइड्रोजन फ्यूल जैसे वैकल्पिक इंजन के ऊपर जोर देना, तथा परिवहन माध्यम के रूप में अन्य विकल्पों की तरफ ध्यान देना शामिल है। इमिशन की मात्रा घटाने संबंधी रोडमैप के अंदर उननीतियों और विनियमों को लागू करना शामिल है जिनके द्वारा हानिकारक गैस के अल्प उत्सर्जन करनेवाले वाहनों को प्रोत्साहित करने, वाहनों के वास्ते इमिशन मानक तय करने तथा इंजनों में सुधार तथा कार्बन मूल्य-व्यवस्था पर विचार जैसे काम हो सकें।

उत्सर्जन घटाने के कदमों में निरंतरता विषय को केंद्र में रखकर लैब द्वारा अंतर-कॉलेज श्वेत पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों से यह अपेक्षित था कि वे भारत को ध्यान में रखकर आलेख प्रस्तुत करें जिसमें अधिकतम 5000 शब्द हों। श्वेतपत्र लेखन 10 संभावित विषयों पर केंद्रित हों। प्रतियोगिता सभी आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और अन्य जान-माने प्रबंध संस्थानों के लिए खुली रखी गई थी। कुल एक लाख रुपए की राशि पुरस्कार के लिए तय करके रखी गई थी। अच्छे प्रबंध संस्थानों और इंजीनियरी संस्थानों से 17 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं जिसके ऊपर फिलहाल काम हो रहा है ताकि बेहतर विषय- अध्ययन सामने आ सके।

2. परामर्श

एससीएसएल का उद्देश्य है सरकार और निजी सेक्टर के संगठनों को सहायक करना ताकि वे जलवायु परिवर्तन नीतियों का निर्माण कर सकें। बने हुए कानूनी प्रावधानों को समझाएं और उनका अनुपालन करवाएं, ग्रीन हाउस गैस के इमिशन को घटाने के लिए कदम उठाएं, निहित जोखिमों का विश्लेषण किया जाए और इसके लिए उचित अवसर उपलब्ध किए जाएं। लैब चाहता है कि कार्बन-संबंधित अनेक सेवाएं उसके द्वारा प्रदान की जाएं जिसमें मैपिंग करना, आवश्यक कदम उठाना, घटोतरी लाना और प्रबंधन व्यवस्था शामिल है।

कार्य में प्रगति:

लैब हर्बलाइफ़ इंडिया नामक कंपनी के साथ मिलकर तत्परतापूर्वक उनके जीएचजी उत्सर्जन के मापन का काम स्कोप-1, 2, और 3 के रूप में कर रहा है। विकसित टूल्स उस कंपनी को दिए गए हैं, तथा उत्सृजित जैसे के मापन हेतु डेटा संग्रह किया गया है। इसके बाद आनेवाले समय उत्सर्जन घटाने की रणनीति की पहचान की जाएगी। लैब हर्बलाइफ़ के साथ भी काम कर रहा है जो उनकी वर्धित, प्रोड्यूसर उत्तरदायित्व (ईआरआर) नीति को लेकर है। यह नीति प्लास्टिक अपपदार्थ प्रबंधन नियम, 2016 के तहत और तदनंतर सुधारों के अनुपालन में बनाई गई है। नॉन-बायोडिग्रेडेबल विकल्पों की परख लैब में की जा रही है जिसके लिए उत्पादों की अंतिम तौर पर पैकेजिंग हेतु चलने सकनेवाले विकल्पों को देखा जा रहा है। आगे सहायक उद्योगों में प्लास्टिक पैकेजिंग मैटीरिअल्स के दुबारे उपयोग के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री को रि-साइकिल करना क्या संभव है, यह भी पता किया जा रहा है तथा इस्तेमाल किए जा चुके पैकेजिंग सामग्री को पुनः रिवर्स लॉजिस्टिक्स नेटवर्क शामिल किया जा रहा है।

3. मूल्यांकन और प्रमाणन:

सीआई-एससीएसएल की योजना कतिपय उपाय करना है जिनमें सप्लायरों को जारी उपायों का मूल्यांकन करवाना, कंपनी के सप्लायरों को निरंतरता के निष्पादन की संभाव्यता मालूम कर बिजनेस को सुचारू बनवाना, तत्संबंधी मानक निर्धारित करना। सर्वोत्तम कार्य पद्धति की जानकारी देना तथा सुधार के लिए सुझाव प्रदान करना शामिल है।

कार्य में प्रगति:

लैब में एचपीसीएल के साथ मिलकर उनकी मुंबई रिफ़ाइनरी के लिए उनके मुख्य आपूर्तिकर्ताओं के यूनिटों में कार्बन इमिशन घटाने के वास्ते जोर-शोर से काम चल रहा है जिससे कि सप्लायरों और उनके कार्पोरेट के यहां अधिक पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल करके इंपुट मैटीरिअल्स बदला जा सके। लैब में उत्पादों की एक श्रेणी उनके वास्ते पहचान करते हुए अच्छी प्रगति दिखाई गई है।

4. सहयोगी संगठनों की पहचान:

लैब का प्रयास है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अभिकरणों के साथ साझेदारी की जाए जिसमें जलवायु परिवर्तन और परिवहन व्यवस्था में बेहतरी के लिए मंत्रालय स्तर से सहयोग प्राप्त किया जाए। साथ ही साझेदारी की जाए। साथ ही अन्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से मिलकर उक्त क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाए। यह केंद्र उद्योग जगत के निकायों से गठजोड़ करना चाहता है ताकि उद्योग के स्वरूप को देखते हुए सुधार और समाधान सुझाए जा सकें।

कार्य में प्रगति:

लैब की कोशिशों से वर्ल्ड रिसोर्सेज़ इंस्टीच्यूट (डब्ल्यू आर आई) के साथ करार पत्र हस्ताक्षर किया गया है जिसका उद्देश्य उत्सर्जन रोकनेवाले विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर नई शोधकार्य संबंधी पहल की जाए। वर्ल्ड रिसोर्सेज़ इंस्टीच्यूट (डब्ल्यू आर आई)

(www.workingorg) वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन है जिसकी स्थापना 1982 की गई थी। डब्ल्यू आर आई के कार्य-कलापों में सात विभिन्न क्षेत्रों में ध्यान देना शामिल है जिनमें खाद्य वस्तुएं, वन-संसाधन, जल, ऊर्जा, नगर क्षेत्र की समस्याएं, जलवायु और समुद्री संबंधी शोध आते हैं।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

संगठन का मिशन है पर्यावरण की निरंतरता, आर्थिक अवसर और मानव स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य करना। डब्ल्यू आर आई स्थानीय और देश स्तर पर सरकारों, निजी कंपनियों, नीति आधारित निगम कार्यालयों तथा अन्य गैर-सरकारी संगठनों से साझेदारी करके अनेक प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है जिनमें विश्व स्तर पर जलवायु परिवर्तन के मसले, निरंतरतापूर्ण विपणन व्यवस्था, इकोसिस्टम की अनुकूलता का संरक्षण एवं पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित करनेवाली जिम्मेदार सरकारी सेवाएं शामिल है।

8.9.4 व्याख्यान देने के लिए विशिष्ट अवसरों और सम्मेलनों में भागीदारी:

अध्यक्ष और केंद्र के सीओ ने अनेक सम्मेलनों और सीआईआई, ईबीटीसी, प्रबंध संस्थानों, एआईसीटीई, एटीएएल, ईडीपी तथा निजी संगठनों द्वारा आयोजित विशिष्ट कार्यक्रमों में व्याख्यान प्रस्तुत किए जिनके विषय आपूर्ति शृखंला के अलग-अलग विषय रहे, जैसे कि डिजिटल सप्लाई चेन, स्रोत पता लगाने और प्रापण में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, वैश्विकर सप्लाई शृंखला में निरंतरता, भंडारण निष्पादन प्रबंधन, ब्लॉकचेन साधित आपूर्ति तथा अन्य विषय।

8.9.5 एससी एमसी का अग्रसरण:

केंद्र ने निम्नलिखित दो क्षेत्रों की पहचान की है जिसके अंदर आनेवाले समय में अपनी शक्ति और संसाधन लगाया जा सकते हैं तथा इनमें प्रभाव सृजित किया जा सकता है :

I. निरंतरतापूर्ण आपूर्तिशृंखला

ii. आपूर्तिशृंखला का डिजिटलीकरण

8.9.6 आपूर्तिशृंखला में निरंतरता लाने के लिए लैब:

केंद्र के अंदर तीन स्तरीय उत्सर्जन के वास्ते संगठनों की सहायता के लिए समर्पित लैब स्थापित किया जा रहा है तथा इमिशन का स्तर शून्य पर लाने के लिए कंपनियों की मदद करना विचारों में शामिल है।

लैब का प्रयोजन:

- निरंतरतापूर्ण आपूर्तिशृंखला के कार्य, इससे संबंधित सूचना के विस्तार और प्रोत्साहन कार्यों में भारत में प्रमुख उत्कृष्टता केंद्र बनकर उभरना।
- संगठनों के लिए उत्सर्जन कम करने के लिए निरंतरतापूर्ण समाधान और पर्याप्त फायदा प्राप्त करना।
- निरंतरतापूर्ण आपूर्ति शृंखला प्रबंधन संबंधी ज्ञान बढ़ाना और उसका प्रचार-प्रसार करना।
- निरंतरतापूर्ण आपूर्तिशृंखला के वास्ते उपायों की पहचान करके शोधकार्य करवाना और अच्छी कार्य प्रणाली अपनाना।
- समान उद्देश्य और लक्ष्यों के लेकर चलनेवाले अन्य ऐसे संगठनों की सहायता और उसके साथ समन्वय रखना जो चाहे देश के अंदर हो अथवा देश के बाहर हो।
- केंद की योजना है कि अगले वित्त वर्ष से लैब का ऑपरेशन शुरू हो।

सम्मेलन, कार्यशालाएं और विशेष कार्यक्रम:

लैब के द्वारा निरंतरतापूर्ण आपूर्तिशृंखला संबंधी मामलों, कार्यों और समाधान के लिए उद्योग, सरकार, अकादमिक संगठनों और ऐसी अन्य संस्थाओं से चर्चा और विमर्श के लिए केंद्र से संपर्क साधा जाएगा। लैब द्वारा ऐसे विशेष कार्यक्रों का आयोजन किया जाएगा जिसमें उद्योगों के विशेषज्ञ अपना ज्ञान और अनुभव साझा करेंगे। एससीएसएल की योजना है कि सरकारी अभिकरणों और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसके कारण जिसके कारण सूचना के आदान-प्रदान के द्वारा सद्भाव निर्मित किया जाएगा। इससे आगे बढ़कर आपूर्तिशृंखला की निरंतरता को लेकर सूचनात्मक वार्ताओं के लिए जगह बनेगी।

कोचिंग और ज्ञान प्रसार:

एससीएसएल की चाहत है कि निरंतरतापूर्ण आपूर्तिशृंखला के संबंध में सूचना प्रसार के लिए काफी बड़े पैमाने पर लाभानुभोगियों तक पहुँच बनाई जाए। लैब की योजना है कि राष्ट्रीय स्तर के स्किल काउंसिलों के साथ मिलकर काम किया जाए जिसमें पर्यावरणिक निरंतरता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होगा। इसमें सप्लाई चेन की निरंतरता एक विषय के रूप में पढ़ाई जाएगी। सरकारी, अधिकारियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्मिकों तथा निजी सेक्टर के व्यावसायिकों के लिए कार्यकलाप प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं। सरकारी और निजी क्षेत्र अभिकरणों की आवश्यकताओं के मद्देनज़र प्रतिभागी केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे।

कार्य में प्रगति:

कार्यपालकों के लिए अल्पावधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सितंबर, 2023 में आयोजन किया जाएगा जिसका शीर्षक विषय " आसन्न जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में ईएसजी की भूमिका रहेगा। केंद्र इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संकाय सदस्यों के बारे में मार्गदर्शन करेगा।

8.9.7 निष्कर्ष:

आपूर्ति सारणी प्रबंधन केंद्र के लिए वर्ष 2022-2023 सफल समयावधि रही जिसके दौरान विगत की अपेक्षा अनुसंधान परियोजनाओं के वास्ते बेहतर निधि व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस प्रबंध केंद्र ने संगठन के हित में अनेक परियोजनाओं को हाथ में लिया जिसमें अनुसंधान परियोजनाएं तथा समकालीन ज्वलंत विषयों (सीसीएस) पर अध्ययन शामिल रहे। इस केंद्र ने उद्देश्योन्मुख एक विशेष लैब भी स्थापित किया जो सप्लाई चेन की त्रुटियों को दूर करते हुए समस्या को शून्य स्तर दिलाने के लिए सहायता कर सके। यह विशेष लैब सप्लाई चेन की निरंतरता और उसमें सुचारू प्रतिपूर्ति एवं भारत में ऐसी व्यवस्था हेतु अपनी तरह का प्रथम और प्रमुख केंद्र बनकर उभर सके। इस आपूर्ति शृंखला प्रबंध केंद्र का उद्देश्य कारोबारी क्षेत्र में आपूर्ति व्यवस्था को उन्नत और प्रभावी बनाने के लिए प्रमुख भूमिका निभाने की है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृश्य:

आईआईएम बेंगलूर में अंतर-राष्ट्रीय कार्य कलाप के लिए कार्यालय (ओआईए) है जिसके अध्यक्ष कोई वरिष्ठ संकाय सदस्य होते हैं। उनकी देखरेख में संस्थान के क्रिया-कलाप संचालित होते हैं। उनके द्वारा ओआईए की सभी गतिविधियों के बीच समन्वय और सुव्यवस्था सुनिश्चित की जाती है तथा वे संस्थान के नीति -निर्देशों के अनुपालन में सुनिश्चित की जाती है। आईआईएमबी के निदेशक वैश्विक स्तर पर संस्थान के कार्य-कलाप को प्रचारित करने तथा पहुँचाने में काफी सक्रियता से काम करते हैं जिसमें विदेश के अन्य संस्थानों /स्कूलों एवं कंपनियों के साथ संपर्क विकसित करना शामिल है।

अंतर-राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया संस्थान के प्रत्येक प्रोग्राम कार्यालयों तथा केंद्रों में सतत उपलब्ध है। ओआईए के अलावा विभागों द्वारा यद अंतर-राष्ट्रीय महत्व का नया काम लिया जाता है तो उन विभागों को संस्थान के संबंधित प्रभागों से अधिशासी प्रक्रिया अपनानी पजडती है और समन्य करना पड़ता है। OIA द्वारा डीन कार्यालयों और निदेशक के बीच कार्यहित में सब कुछ देखना पड़ता है, ताकि संपबंधित सरणी/ चैनल उन बातों से अवगत रहें। संभावानशील तथा सहभागिता चाहने वाले संस्थानों से पूछताछ और सूचना मांगी जाने पर आगे सकारात्म कदम उठाने के लिए ऐसा करना आवश्यक होता है। इसतरह का विचार OIA द्वारा अथवा किसी संकाय सदस्यों द्वारा भी लेकर आया जा सकता है।

2022-2023 में OIA से संबंधित निर्णय शैक्षिक कार्यक्रमों के डीन प्रो. राहुल डे. तथा OIA की कमीटी के उन दो संकायों सदस्यों द्वारा लिए गए जिनके नाम प्रों श्रीवर्धिनी झा तथा प्रो. अभिनव आनंद है।

OIA द्वारा ही अंतर-राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की साझेदारी में संचालित कार्यकलापों की गुणता का मानदंड लिया जाता है जिसमें निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है;

- प्रश्नाधीन संस्थान अथवा विश्वविद्यालय की साख और ख्याति कैसी है, जो अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर मान्य रैंकिंग बताता है तथा इंटरनेशनल बिजनेस वीक, फिनांसियल टाइम्स अथवा एडुनिवर्सल दर्ज़ होता है।
- जिन मामलों में किसी इंटरनेशनल सर्वे द्वारा स्कूलों/संस्थानों के रैंक उस देश को लेकर नहीं हो, फिर भी भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर के लिए उनकी सहभागिता का महत्व हो तो उनके प्रस्ताव को स्वीकार किया जा सकता है, बेहतर हो जब वह संस्थान स्थानीय स्तर पर अच्छा रैंक वाला हो।
- ऐसे संस्थानों का प्रस्ताव मान्य हो सकता है जहां के छात्र पिछले 15 वर्षों से आईआईएम बेंगलूर में आते रहे हों और यहां के छात्र उन संस्थानों में विनिमय के तौर पर जाते रहे हों, अथवा उक्त संस्थान की लोकप्रियता और नाम से आईआईएम बेंगलूर के ग्रेजुएट कोर्स के छात्रगण परिचित हों तथा वहां पर 15 वर्षों से छात्रगण विनिमय कार्यक्रम के तहत जाते-आते रहे हों।
- निकट समय में तथा मध्य अवधि में सहभागी कार्यक्रम के लिए संभावना मानी जा सकती है।

साझेदारी का दायरा ओआईए के साथ-साथ विचार अथवा अवसर लेकर आनेवाले व्यक्ति को देखकर तय किया जाता है। जिन मामलों में ओआईए ने अवसर निर्मित किए हैं, उनमें उक्त कार्यालय द्वारा ही विचार को कार्यान्वित किया जाता है। इसके साथ यह सुनिश्चित होता है कि सहभागी कार्य-कलाप की शुरुआत करनेवाला "मालिक" मंडल के साथ तत्संबंधी प्रक्रिया से जुड़ा रहता है।

एक बार जब कोई संभावनाशील साझेदार संस्थान सही पाया जाता है तब ओआईए द्वारा करारनामा (समझौता ज्ञापन) तैयार कर उसके ऊपर हस्ताक्षर किया जाता है जिसके अंदर साझेदारी की शर्तें शामिल होती हैं। सहयोग से संबंधित करारनामे की शर्तों पर अंतिम निर्णय निदेशक अथवा विभागों के अध्यक्ष करते हैं। समझौते की शर्तों के विषय में, यथा-आवश्यकता, निदेशक द्वारा बड़े संकायाध्यक्ष संदर्भित किए जाते हैं।

वर्ष 2022-23 के दौरान भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर द्वारा साझेदारी के करारनामे अंतर-राष्ट्रीय 12 बिजनेस स्कूलों के साथ नवीकृत किए गए तथा एक नए साझेदार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।

निम्नलिखित संस्थानों / स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापनों का नवीकरण किया गया:

क्र.सं	स्कूल का नाम	स्थिति	क्षेत्र
1.	झेजिंग विश्वविद्यालय अंतर-राष्ट्रीय बिज़नेस स्कूल	न्यू पार्टनशीप	चीन
2.	स्टर्न बिज़नेस स्कूल, न्यूयोर्क विश्वविद्यालय	नवीनीकरण	यूएसए
3.	एचईसी पैरिस	नवीनीकरण	फ्रांस
4.	बोकोनी विश्वविद्यालय, इटली	नवीनीकरण	इटली
5.	ईडीएचईसी बिज़नेस स्कूल	नवीनीकरण	फ्रांस
6.	कोपेहंगम बिज़नेस स्कूल, डेनमार्क	नवीनीकरण	डेनमार्क
7.	ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय में साउडर स्कूल ऑफ बिज़नेस	नवीनीकरण	कनाडा
8.	स्मिथ स्कूल ऑफ बिज़नेस, किंगस्टोन में क्वीन्स यूनिवर्सिटी	नवीनीकरण	कनाडा
9.	कोलोगं विश्वविद्यालय	नवीनीकरण	जर्मनी
10.	ग्रुप केज बिज़नेस स्कूल	नवीनीकरण	फ्रांस
11.	अर्थशास्त्र एवं बिज़नेस संकाय, कू ल्यूवेन	नवीनीकरण	बेलजीअम
12.	जॉ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ	नवीनीकरण	स्वीटज़रलैंड
13.	वासा विश्वविद्यालय	नवीनीकरण	फिनलैंड

आईआईएम बेंगलूर के पार्टनर विश्वविद्यालयों की एक सूची विवरण 15 पर बतौर परिशिष्ट दी गई है।

9.1 छात्र विनिमय कार्यक्रम:

छात्र विनिमय कार्यक्रम आईआईएम बेंगलूर के अंदर अंतर-राष्ट्रीय कारण को लेकर एक प्रमुख पहल है। यह कार्यक्रम 15 वर्षों से भी अधिक समय से चलता आ रहा है। विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईएम बेंगलूर में आनेवाले छात्र ऐसे विकल्प का चयन करते हैं जिसमें द्वि-वर्षीय एमबीए, एक वर्षीय एमबीए या कार्यपालकों के लिए एमबीए (पार्ट) के रूप में पढ़ाई करने का मौका मिलता है।

इसी तरह समुद्रपारीय विश्वविद्यालयों में जानेवाले आईआईएमबी के छात्रगण समान संख्या के क्रेडिट घंटों के लिए पढ़ाई करते हैं जितना उन्हें भाप्रसंबें में अध्ययन अवधि पूरी करने के लिए बिताने पड़ते। छात्रों को चयनित पाठ्यक्रम में उत्तीर्णता ग्रेड प्राप्त करने का साक्ष्य प्रस्तुत करना वांछनीय है। प्रोग्राम कार्यालयों द्वारा यह सुनिश्चित करना होता है कि पाठ्यक्रम का चयन और नहीं तो भाप्रसंबें के अंदर कठोर शर्तों के अनुरूप कोर्स वर्क को (समतुल्य) हो। विनिमय कार्यक्रम अतएव यह लक्ष्य रखता है कि क्लास रूम में विविधता हो तथा छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक वातावरण से जुड़ाव हो, खासकर जब वे भाप्रसंबें के उच्च एकेडमिक मानकों का प्रदर्शन कर रहे हों।

क्षेत्र/ वर्ष	2022-23	
	आईबी(IB)	ओबी(OB)
अफ्रीका	0	1
एशिया	1	11
आस्ट्रेलिया	0	0
यूरोप	91	146
दक्षिण अमेरिका	0	4
लैटिन अमेरिका	0	0
उतरी अमेरिका	1	3
कुल	93	165
इंटरप्राइजेज प्रबंध में पीजी प्रोग्राम		7
बिज़नेस एनालाइसिस में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम		10
मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम		148

(नोटः तालिका में IB का आशय इनबॉड OB का तात्पर्य आउटबॉड है।)

9.2 दो डिग्रियों वाला कार्यक्रम :

प्रबंधन की पढ़ाई में द्वि-वर्षीय पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम (PGP) के छात्रों को वर्तमान में दो डिग्रियां प्राप्त करने का अवसर है जिसके लिए उन्हें दोहरी डिग्री प्रोग्राम का विकल्प लेना अपेक्षित है।

क्र.सं	पार्टनर संस्थान	वर्ष	आईबी	ओबी
1.	बोकोनी विश्वविद्यालय, इटली	2022-23	3	4
2.	ईएससीआर, पैरिस	2022-23	0	2

दोहरी डिग्री वाले विनिमय प्रोग्राम पूरा करते हुए चुनिंदा छात्र प्रथम शैक्षिक वर्ष में अपनी गृह संस्था में अध्ययन करते हैं तथा शैक्षिक अवधि के दूसरे वर्ष में मेज़बान शिक्षण संस्था में स्थानांतरण लेते हैं। दो संस्थानों के बीच ऐसा सहयोग उन छात्रों को दो डिग्रियां प्राप्त करने की सुविधा देता है जो दोहरी डिग्री प्रोग्राम का विकल्प लेते हैं जिसके वास्ते उन्हें दोनों संस्थानों द्वारा निर्धारित अकादमिक मानदंड के अनमुरूप सफलता प्राप्त करनी पड़ती है।

अकादमिक वर्ष 2021-22 के लिए दोहरी डिग्री कार्यक्रम संबंधी अंतर्वाह और वरिर्वाह आँकड़े निम्नलिखित हैः

9.3 उन्नत प्रबंधन हेतु वैश्विक नेटवर्क:

आईआईएम बेंगलूर 2012 में उन्नत प्रबंधन हेतु वैश्विक नेटवर्क का सदस्य बना। नेटवर्क में येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए, एचईसी पेरिस, एनयूएस सिंगापुर एवं यूनएएसडब्लू बिज़नेस स्कूल ऑस्ट्रेलिया सहित विश्वभर के 32 शीर्ष प्रबंध स्कूल शामिल हैं। वैश्विक नेटवर्क पार्टनर संस्थान के छात्रों को डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रयोग के माध्यम से अन्य पार्टनर स्कूलों द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों के चयन सुलभ कराता है। इसी प्रकार यह संकाय सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय कक्षा को पढ़ाने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सदस्य स्कूलों के छात्र शामिल होते हैं।

आईआईएमबी वैश्विक नेटवर्क पाठ्क्रमों हेतु एक सक्रिय साझेदार बना रहा और इन पाठ्यक्रमों में आईआईएमबी के अनेक छात्रों का नामंकन किया गया। आईआईएमबी संकायों द्वारा साझेदार स्कूलों के लिए एक लघु नेटवर्क खुला पाठ्यक्रम (एसएनओसी) संचालित किया गया। पुनः आईआईएमबी द्वारा दो वैश्विक नेटवर्क सप्ताह (जीएनडब्लूएस) की मेजबानी की जिसमें आईआईएमबी एवं विभिन्न साझेदार स्कूलों के छात्र शामिल हुए।

वैश्विक नेटवर्क सप्ताह और पाठ्यक्रम:

वर्ष	अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्होंने आईआईएमबी में आयोजित वैश्विक नेटवर्क सप्ताहों में भाग लिया	आईआईएमबी के छात्र जिन्होंने साझेदार संस्थानों में आयोजित वैश्विक नेटवर्क सप्ताहों में भाग लिया	अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्होंने आईआईएमबी में एसएनओसी पूरा किया।	आईआईएमबी के छात्र जिन्होंने लघु नेटवर्क मुक्त पाठ्यक्रम पूरे किए
2022-23	34	120	0	30

आईआईएमबी के संकायों द्वारा संचालित वैश्विक नेटवर्क सप्ताह

क्र.सं	दिनांक	शीर्षक
1	13-17 जून, 2022	भारत में और भारत के लिए उद्यमिता
2	13-17 जून, 2022	बेहतर निर्णय लेने के लिए मानव व्यवहार को समझना
3	17-21 अक्टूबर, 2022	प्रबंधकों के लिए कृत्रिम आसूचना तथा अनुप्रयोग
4	13-17 मार्च, 2023	विपणन अभिकल्प; विपणन क्षेत्र में उभरते परिपेक्ष

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

10.1 संपदा:

संपदा विभाग द्वारा निम्नलिखित रिपोर्ट दी गई है:

- परिसर के दक्षिणी हिस्से में छात्रावास का नए ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और वह चालू है। इस नए हॉस्टल ब्लॉक में 530 कमरे हैं जिसमें पीजीपी और कार्यपालक पीजीपी छात्रों को आवास सुविधाएं दी जा सकती हैं। कुल मिलाकर 70 कार्यपालक टाइप कमरे हैं जिससे वाशरूप लगा हुआ है। इसमें कार्यपालक पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के छात्रों को रखा जा सकता है और छात्रों को वर्ष 2009 से परिसर के बाहर रखवाना पड़ रहा था। इस नए हॉस्टल ब्लॉक में विशेष डाइनिंग स्पेस, चर्चा कक्ष, आधुनिकतम सुविधाओं से लैश कमरे बनाए गए हैं जो विशेष योग्यता वाले छात्रों के वास्ते भी अलग से हैं। मौजूदा भवन शिल्प के डिज़ाइन सहित सम्मिश्रित वास्तुकला के अनुरूप कमरे विश्व स्तर के हैं। इसके शिल्पकार विख्यात वास्तुविद् डॉ बीवी दोशी हैं।
- भाप्रसं बेंगलूरु के जिगनी परिसर में एमडीसी ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिसमें एक्सक्यूटिव कमरे, क्लासरूम किचेन और डाइनिंग रूम हैं। यह भवन चालू है जिसका उद्घाटन 1 मार्च, 2023 को महामहिम उपराष्ट्रपति द्वारा किया गया था।एमडीसी ब्लॉक में 84 एक्सक्यूटिव कमरे हैं। सभी में वाशरूम भी है। ये पूरी तरह उपस्करों से युक्त कमरे हैं जिसमें दो बड़े कक्ष विशेष सुविधा प्राप्त विशिष्ट योग्यता वाले छात्रों के वास्ते जरूरी अधिसंरचना से युक्त बनाए गए हैं। यहां तीन क्लास रूम आधुनिक ऑडियो-विजुअल उपकरणों वाले हैं, एक में 80 तथा अन्य दो कमरों में 40-40 लोगों के वास्ते बैठने की जगह है। इस भवन में अतिरिक्त सुविधाओं के रूम में चर्चा कक्ष, अध्ययन स्पेस और साथ ही इन्डोर स्पोर्ट्स के लिए हॉल और फिटनेस केंद्र है। इस भवन से बन्नरघट्टा वनक्षेत्र दिखता है। इस नए भवन का वास्तुशिल्प बन्नरघट्टा रोड वाले कैंपस से मिलता – जुलता और ब्लेंडेड शिल्प से युयुक्त है।

10. 2 छात्रावास:

10. 2.1 छात्र कल्याण ट्रस्ट:

भाप्रसं बेगलूरु पीजीपी स्टुडेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट की स्थापना 2022 में की गई थी जिसके तीन प्रयोजन है: व्यामता स्वायत्तता (लेकिन जिम्मेदारी रहेगी) छात्र संस्थाओं को देना, अनेक क्लब बनाना तथा पाठ्येत्तर और पाठ्यचर्चा के अंगीभूत कार्य-कलापों और कार्यक्रम संचालित करने के वास्ते सोसाइटीज बनाना, प्रायोजन पाने के लिए तथा विभिन्न समारोहों के लिए अनुदान प्राप्त करने हेतु सक्षमता सुधारने में स्वतंत्र और अलाभकारी संगठनों से मांगना। इस प्रयोजन के लिए भाप्रसंबें के लार्जर लेखा विवरण से छात्र संस्थाओं का अलगाव सुनिश्चित करना, भाप्रसंबें का ब्रांड नाम फिर भी रहेगा।

यह ट्रस्ट एक न्यासी समूह द्वारा संपूर्णत: शासित है जिसमें पीजीपी के अध्यक्ष शामिल होते हैं और वे ही ट्रस्ट के भी अध्यक्ष होते हैं। SAC के अध्यक्ष और SAC के खजांची दोनों प्रबंध न्यायी होते हैं।

10.2.2 महामारी के बाद छात्रावास जीवन:

उत्तर-महामारी युग में भाप्रसंबें के अंदर कुछ परिवर्तन और परिस्थितियों की अनुकूलता के छात्रवास जीवन पुन:प्रारंभ हुआ है जिसके पीछे भावना है छात्रों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए कामना।

स्वस्थता के लिए बेहतर व्यवहार:

भाप्रसंबें की ओर से हॉस्टल के अंदर स्वस्थता के कड़े मानक लागू किए गए हैं। लॉज, किचेन और वाशरूमों समेत आवाजाही के सामान्य क्षेत्रों को नियमत रूप सैनिटाइज किया जाता है छात्रों को हिदायत है कि वे व्यक्तिगत स्तर पर स्वस्थता का ध्यान रखें, जैसे कि बार-बार हथेलियों को धोना तथा हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करना।

टीकाकरण और हेल्थचेक:

छात्रों की सुरक्षा में टीकाकरण का अत्यंत महत्त्व है। भाप्रसंबें की अपेक्षा है कि हॉस्टल में ठहरने आने से पहले छात्रों को टीका लगवा लेना है। नियमित हेल्थचेक करवाना है जिसमें शरीर के तापमान की स्क्रीनिंग और लक्षणों का अनुवीक्षण शामिल है।

1.2.3 छात्रावास में समारोह और कार्य-कलाप:

चूंकि कोविड से संबंधित स्थितियों में सुधार हो रहा है,भाप्रसंबें द्वारा छात्रावास में समारोह और कार्य-कलापों के अवसर धीरे-धीरे खोले जा रहे हैं। आउटडोर की गतिविधियां और मिलना-जुलना भाप्रसंबें की संस्कृति के अंग रहे हैं।

क. रिजनल डिनर:

छात्रावास कार्यालय और हॉस्टल मेस समिति की ओर से समय-समय पर विशेष क्षेत्रीय पसंद वाले रात्रिभोज (डिनर) आयोजित किए जाते रहे हैं, ताकि सामुदायिक भावना का विकास हो और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माहौल निमित हो। छात्रों में देश की विविधता का अहसास मज़बूत हो। उक्त डिनर के आयोजन से अलग-अलग क्षेत्रों या राज्यों से आनेवाले छात्रों को अवसर प्राप्त होते हैं कि वे अपनी भोजन परंपरा की बातें आपस में शेयर करें और इस प्रकार छात्रगण बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक सौहार्द महसूस करें। सांस्कृतिक दृष्टि से क्षेत्रीय गाने और संगीत कभी-कभी चयनित करके आयोजित किए जाते हैं जिससे समारोह सुंदर और रंगीन बनते रहे हैं।

ख. खेलकूद की गतिविधियां:

खेलकूद के अवसर भाप्रसं बेंगलूर की संस्कृत में अनिवार्य पहलू है जिससे शारीरिक स्वस्थता और चुस्ती के लिए प्रतिस्पर्धी वातावरण बनता है। भाप्रसंबें में छात्रों के वास्ते ऐसी आधारभूत संरचना उपलब्ध है ताकि छात्रगण अलग-अलग प्रकार के खेलकूद और क्रीड़ा में शिरकत कर सकें।

उद्घाटन के पहलू के रूप में दौड़ का आयोजन:

संस्थान के परिसर में ही एक छोटा मैराथन आयोजित किया गया ताकि अति व्यस्त और गत्यात्मक फिटनेस गतिविधियों के साथ दौड़ आयोजित की गई जिसमें पहला विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। दूसरा मैराथन स्नातकोत्तर प्रोग्राम – 1 के छात्रों के स्वागत में परिसर के अंदर आयोजित की गई।

झिझक दूर करना:

स्नातकोत्तर प्रोग्राम 1 के छात्रों के लिए विशेष रूप से आइसब्रेकर यानी झिझक खत्म करनेवाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सात सेक्शनों के छात्र शामिल किए गए और खेलकूद के 10 कार्यक्रम संचालित किए गए। इस खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य ऐजेंडा टीम भावना का

निर्माण करना था। साथ ही छात्रों के लिए ऐसा वातावरण बनाना था जिसमें वे अपने क्लासमेट से जुड़ावमहसूस करने लगें।

संग्राम का आयोजन:

संग्राम इंटर भाप्रसं कार्यक्रम होता है जिसमें चार भाप्रसं संस्थान भाग लेते हैं जिनके नाम है; भाप्रसं बेंगलूर, भाप्रसं त्रिचि, भाप्रसं कोझिकोड और भाप्रसं विशाखापट्टणम। पिछले साल संग्राम – 22 आयोजित किया गया था जिसका आतिथ्य भाप्रसं के कैंपस में किया गया था। इस समारोह में चैंपियन होने का अवसर भाप्रसं बेंगलूर को प्राप्त हुआ, क्योंकि 26 स्वर्ण पदकों में से 12 स्वर्ण पदक अकेले भाप्रसं बेंगलूर को मिले।

स्पर्धा:

स्पर्धा समारोह स्नातकोत्तर प्रोग्राम – 2 के छात्रों की विदाई के अवसर पर फरवरी महीने में आयोजित किया गया। यह खेलकूद प्रतियोगिता ऐसा अवसर प्रदान करती है जिसके द्वारा जुनियर और सीनियर बैच के छात्रों में अपनापन और परिचय बढ़ता है।

भाप्रसं बेंगलूर प्रीमियर लीग:

भाप्रसं बेंगलूर के छात्रों के लिए एक प्लेट फॉर्म बनाया गया है – भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलूर में प्रीमियर लीग (IIMPL) जिसमें खेलकूद से जूड़े कार्य-कलाप आयोजित किए जाएंगे। एक क्रिकेट प्रतियोगिता को अंजाम दिया गया जिसमें पीजीपी छात्र और इस संस्थान के एलुमनी भाग लिए।

स्थापना दिवस:

स्थापना दिवस कप प्रतियोगिता दूसरी बार आयोजित की गई ताकि संस्थान का दिवस (28 अक्टूबर) उत्साह के साथ मनाया जा सके। इस प्रतियोगिता के पीछे की भावना है - भाप्रसं बेंगलूर के समुदाय के सदस्यों को अनौपचारिक PhD, PGPEM, EPGP और विनियम प्रोग्राम के छात्रों की सभी टीमों, संकाय सदस्यों, अफसरों तथा स्टाफ (जिसमें हॉस्टल तथा मेस, एमडीसी और सिक्योरिटी टाम) के लोगों ने प्रतिवर्ष सात प्रतियोगिताएं आयोजित की।

फिटनेस प्रोग्राम:

अनेक फिटनेस तथा हेल्थ प्रोग्राम्स चलाए जाते हैं जैसे कि फिटने जिम सेंटर्स, योग और जुम्बा क्लासेज जहां प्रमाणपत्र प्राप्त प्रशिक्षक आदि होते हैं। भाप्रसं बेंगलूर में तैराकी तथा अन्य खेलकूद की कोचिंग छात्रों के लिए चलाई जाती है।

ग. सांस्कृतिक त्यौहार:

छात्रावास कार्यालय और स्टुडेंट्स एफेयर काउंसिल पूरे वर्ष अनेक सांस्कृतिक त्यौहार मनाए गए जिसमें अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के छात्रगण हिस्सा लेते हैं, उन्हें मिलने-जुलने का मौका मिलता है। फेस्टिवल्स के प्रतिभागी अपनी सांस्कृतिक विरासत एक-दूसरे से शेयर करते हैं जिनमें दिवाली, होली, ओणम, पोंगल अन्य त्यौहर शामिल हैं।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

BMST टीम के साथ मिलकर भाप्रसं बेंगलूर द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। कुल 154 लोगों ने रक्तदान किया जिनमें छात्र, स्टाफ़ और संकाय सदस्य शामिल थे।

10.3 पुस्तकालय:

भाप्रसंबें लाइब्रेरी अपने संरक्षकों के हक में नया बना है और इसके अंदर हाईब्रिड मॉडेल अपनाया गया है। इसमें ऑनलाइन सेवा उपलब्ध है और व्यक्तिगत रूप से एक ही शॉट में संवाद स्थापित किया जा सकता है। संदर्भ सामग्री प्राप्त की जा सकती है। पिछले वर्ष सभी प्रोग्रामों के छात्रों के लिए – जिनमें नियमित और अंशकालिक छात्र शामिल थे – पुस्तकालय में 19 वन-शॉट ओरिएंटेशन सेशन चलाए गए। ऐसी सेवाएं एक समय में तादात्म्यपूर्ण और गैर- तादात्म्यपूर्ण दोनों हो सकते हैं यूजर्स के लिए। रेफरेंस और इन्फॉर्मेशन डेस्क के लोग अलग-अलग डाटाबेस से जुड़ने के लिए सहायता करते हैं। पुस्तकालय की तरफ से छात्रों को निर्देश दिए जाते हैं जो परियोजना कार्य और अन्य रिसर्च कार्य-कलाप के वास्ते रिसोर्स की मांग करते हैं। पहले से चली आ रही सेवाएं जैसे कि सर्कुलेसन, इंटर-लाइब्रेरी-लोन, फोटो प्रतियां निकालकर देना, शोध सामग्री हेतु अनुरोध तथा इलेक्ट्रॉनिक पर उपलब्ध सामग्री पाने में सहायता आदि जारी हैं। अन्य सेवाएं प्रतिलिपि अधिकार सहायता, दूरस्थ सामग्री पाने में मदद, ईमेल अलर्ट भेजना, डाटाबेस के वास्ते प्रत्यक्ष और सीधा प्रशिक्षण देना, वेबबुलेटिन और न्यूजलेटर्स के उपयोग की सुविधाएं प्रदान की जाती है। पुस्तकाल. में 161 ऑनलाइन गाइड्स की सुविधा तैयार कर दी गई है और इस प्रयोजन के लिए 2,42,477 व्यूज़ / फोटो उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में 77248 वर्चुअल फूटफॉल्स रिकार्ड करके रखा हुआ है, सिंगल रिसर्च इंडिन का इस्तेमाल 99731 बार किया जा चुका है।

लाइब्रेरी में डिजिटल केंटेंट्स के नए टेक्स्ट जोड़कर इस समृद्ध बनाया गया है। विभिन्न पत्रिकाओं से 473976 सामग्री / लेख लेकर यूसेज़ के सत्र में वृद्धि की गई है। बिजनस इंफॉर्मेशन डाटाबेस से लिए हुए कुल लगभग 32,42,442 (डाउनलोड्स / हिट्स) मार्च, 2023 के अंत तक हो चुके थे। लाइब्रेरी में नए 3798 जर्नल्स हो गए हैं जिसके वास्ते छह पैकेजसोर्स भाप्रसं कन्जॉर्टियम से लिए गए हैं जिसके लिए रु. 310.12 लाख खर्च किए गए हैं। 741 पत्रिकाओं के शीर्षक / नाम जोड़े गए हैं। 26000 से अधिक कंफेरेंस के कार्य-कलाप सीधे देखे जा सकते हैं जिसके लिए प्रकाशकों और एजेंड़ा की सहायता लेने के मद में 101.62 लाख रुपए व्यय हुए हैं। ग्राहकता के साथ 115 डाटाबेस लिया हुआ है जिसके ऊपर 772.04 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इसमें नए जोड़े हुए नौ रिसोसेज हैं –

अंतर्राष्ट्रीय जर्नल के मामलों में लाइब्रेरी के अंदर इंटरैक्टीव मार्केटिंग संबंधी जर्नल मंगवाना शुरू किया गया है, अपने प्लेटफॉर्म को POP से POP ऑल (एक्सेस ऑफ़ 26000 प्लस सम्मेलन की कार्रवाई) पढ़िए और प्रकाशित कराइए, योजना के अंतर्गत CUP HSS कलेक्शन (अतिरिक्त 16 जर्नल्स प्लस गोल्ड OA आर्टिकल्स) तथा कैपटेबल्स EBA संग्रह के अंतर्गत 407 ई-बुक्स और 2628 पुस्तकों के कारण ई-बुक्स का भंडार हो गया है। लाइब्रेरी में लगभग 31.74 लाख रुपए मूल्य के दो डाटासेट्स खरीदे गए हैं।

पुस्तकालय में शोध और अध्ययन की ज़रूरतें पूरी करनी एक प्रतिबद्धता है जिसे मजबूत किया गया है।

- निर्देश और रेफरेंस सेवाएं देकर पुस्तकालय मदद पहुँचाता है
- पुस्तकालय भंडार को समृद्ध करना
- परिवर्तनकारी समझौतों की संभावना देखते हुए ओपन एक्सेस और APC को बढ़ावा देना
- पुस्तकों का पुरातात्त्विक भंडार और संरक्षण व्यवस्था को मज़बूत करना
- सहकर्मियों के बीच तुलना और प्रतिस्पर्धा पैदा करके संग्रह बढ़ाना, संगोष्ठी आयोजित करके ग्राहकता की संख्या बढ़ाना। सूचना समृद्ध निर्णयों के आधार पर आँकड़े संग्रह करना
- नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल्स का यूस करते हुए डिजिटल कंटेंट्स को सुनियोजित और सर्व सुलभ -विस्तार दिया जाता है।

संग्रह स्नैपसॉट:

क्र.सं.	दस्तावेज	संख्या
1.	किताब	1,65,898
2.	ई-बुक्स	5310
3.	बाउंड वॉल्यूम	43,178
4.	वर्किंग पेपर्स	5,543
5.	शोध / लघु शोध	1627
6.	प्रोजेक्ट रिपोर्ट	13,208
7.	ए वी रिसोर्सेज़	1,428
8.	प्रिंट न्यूज़पेपर	20
9.	ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़पेपर	07
10.	ऑनलाइन राष्ट्रीय/ देशी न्यूज़पेपर	04
11.	माइक्रो डक्यूमेंट्स	20138

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

12.	शोध सिंधु और कंप्लिमेंट्री एक्सेस सहित सदस्यता प्राप्त पत्रिकाएं	8,765
13.	ऐग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर पत्रिकाएं उपलब्ध	16051
14.	इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस	115
15.	ई-शोध सिंधु द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस प्रायोजित	3
16.	पत्रिकाएं	21
17.	प्रिंट पत्रिकाएं	42
18.	इंडेन ऑनलाइन पत्रिकाएं	65

महत्त्वपूर्ण लाइब्रेरी मेट्रिक्स

प्रतिलिपि अधिकार सहायता			
विस्तृत	2020-21	2021-22	2022-23
एचबीएस केस और दूसरी सामग्री	2588	2334	2407
एचबीआर, एमआईटी एसएमआर और दूसरी पत्रिकाएं / लेख	393	425	597
यूसेज के आँकड़े			
विस्तृत	2020-21	2021-22	2022-23
एकल खोज मंच के माध्यम से ऑनलाइन खोज	20072	108582	99731
डाउनलोड			
क.जर्नल यूसेज	115800	173924	473976
ख.डाटाबेस यूसेज	1648361	3876349	3242442
ग.ई-बुक्स यूसेज	8563	6476	35731
परिचालन ट्रांजेक्शन			
विस्तृत	2020-21	2021-22	2022-23
चेक-ईन किए गए आइटमों की संख्या	1240	2779	4404
चेक-आउट किए गए आइटमों की संख्या	958	2236	4205
वर्चूअल फूटबॉल			
विस्तृत	2020-21	2021-22	2022-23
लाइब्रेरी में विज़िटर्स	1466	8990	23506
लाइब्रेरी वेबसाइट यूसेज़	98114	91832	
रिमोट एक्सेस यूसेज़	91604	57771	32141
जुड़ाव			
विस्तृत	2020-21	2021-22	2022-23
ओरिएंटेशन सेशन	14	14	19
लिब गाइड्स	222935	200488	242477
क्यैरिस /संदर्भ (ई-मेल, चैट, इन-परसन, ऑनलाइन	1112	2680	2662

10.4 कैंपस कंप्यूटर सेंटर

- न्यू IT-FMS वेंडर खोला हुआ है जिसमें सभी प्रकार की IT सेवाएं उपलब्ध है और ये सेवाएं दोनों कैंपसों में मौजूद हैं।
- नए हॉस्टल (क्यू एंड आर ब्लॉक) में SDN आधारित वाई-फाई नेटवर्क उपलब्ध है, और यह नेटवर्क नए कैंपस के अन्य एरिया में भी काम करता है।
- बैन्नरघट्टा कैंपस और साथ ही नए कैंपस में फायरवाल का अपग्रेडेशन कार्य पूरा हो गया है।
- BSNL का 100 Mpbs, JIO का 50 Mpbs और JIO का ही साइट टू साइट MPLS 50 Mpbs स्थापित कर दिया गया है।
- फिंगरप्रिंट द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना। सभी छात्रों के लिए जरूरी है।
- क्लाउड आधारित ऐपस्ट्रीम इन्वायरोन्मेंट – ऑन डिमांड सॉफ्टवेयर अप्लीकेशन एक्सेस – क्लाउड साधित ही – उपलबध।
- VAPT ऐक्टिविटी के लिए नेटवर्क सुविधा - 2023 में सर्वर का प्लेटफॉर्म चालू हुआ।
- LMS प्लेटफॉर्म अपग्रेड किया गया – वर्जन 3.4 से 4.2
- NKS इंटरनेट बैंडविथ अपग्रेडेट 10G तक
- सभी क्लास रूमों (सं. 42) में नया प्रोजेक्शन लगाया जा रहा है – जिसमें शॉर्टथ्रो लेज़र प्रोजेक्टर्स लगे हैं- जिसकी समय सीमा बेहतर है और शैक्षिक

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

11.1 भूमिका:

भाप्रसं बेंगलूरु में संचार व्यवस्था से जुड़ी टीम को आउटरीच के नए अवसर मिले हैं। नियमित कार्य-कलापों के साथ सोशल जुड़ाव सुनिश्चित करना महामारी के बाद आवश्यक हुआ है। छात्रों द्वारा संचालित कार्य-कलापों के साथ-साथ प्रत्येक विभाग और प्रोग्राम कार्यालय सामान्य रीति से काम करने लगा है। तात्पर्य है कि ज्यादा समारोह, आयोजन और क्रिया-कलाप होने लगे हैं।

संचार कार्यालय के दैनिक कार्य बढ़कर अनेक विषयों से जुड़ गए हैं, जैसे कि लाइव स्ट्रिमिंग, पॉडकास्ट और वीडियो बनाना, साथ-साथ संकाय सदस्यों के शोधकार्य दिखाना, अलग-अलग प्रोग्राम कार्यालयों और केंद्रों द्वारा सामाजिक अभियान दर्शाना। संस्थान का कार्यालय विवरणिका, पोस्टरों, फ्लायरों, मैनुअलों, प्लेसमेंट रिपोर्ट्स और सम्मेलन रिपोर्ट्स में दी गई सूचना के अनुसार ही विभिन्न विभागों और प्रोग्रामों के लिए काम करता है, फिर भी सभी गतिविधियां आजकल डिजिटल हैं। सभी समारोहों/कार्यक्रमों के लिए ई-बुक और फ्लिप वर्सन हैं। सिर्फ़ वार्षिक प्रतिवेदन अनुपालन की अपेक्षाओं के वास्ते प्रिंट करवाए जाते हैं।

11.2 दीक्षांत समारोह तथा सुविधा सेवाएं:

भाप्रसं बेंगलूरु 2022 के छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह तथा तीन दिनों के लिए 2020 और 2021 के बैच के लिए अन्य सुविधा सेवाएं संचालित की जाएंगी जिसमें PGP, PGPPM, EPGP तथा डॉटरल प्रोग्राम के छात्र शरीक होंगे। इनसे संबंधित वीडियो की शूटिंग, उसको सुंदर बनाने और सामग्री की एडिटिंग के काम हुए और साथ ही मुख्य अतिथि और कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा के लिए संदेशों की रिकार्डिंग तथा उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था की गई।

11.3 जन संपर्क (PR) और मीडिया आउटरीच

जन संपर्क टीम के लोगों की भूमिका का समन्वय सूचना संचार वाले लोग किए। मीडिया आउटरीच अच्छा हो, इसका भी ध्यान रखें।

वीडियो संबंधी कार्य और संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति निकालना तथा मुख्य धारा मीडिया के वास्ते विशेष फीचर लेख तैयार किए गए हैं :

- MGNF–फेस 2 के लिए भारत सरकार (कौशल विकास मंत्रालय)
- नेशनल स्किल नेटवर्क (NSN)
- भारतीय परिवहन निगम (SCMC)
- बीबीसी (MILES – PGP छात्रों के लिए मोटरबाइक परियोजना)
- आदिवासी विकास और समाज कल्याण मंत्रालय (कर्नाटक सरकार)
- मुख्यमंत्री कार्यालय – असम (EEP)
- ओरैकल (ERP)
- एकेडमिक साझेदार संस्थान (IIMB)
- वर्ल्ड रिसोर्सेज इंशटीच्यूट ऑफ़ इंडिया (SCMC
- कारगिल इंडिया (डाटा सेंटर और एनालिटिक्स लैब)
- टौलॉस बिजनेस स्कूल (वैमानिकी तथा वातांरिक्ष का भविष्य – सम्मेलन)
- भारत के उप राष्ट्रपति तथा कर्नाटक के राज्यपाल IIMB के दौरे पर आए, IIM के जिगनी कैंपस में MDC बलॉक का उद्घाटन था (भारत सरकार / कर्नाटक सरकार
- युवा संगम – एक भारत श्रेष्ठ भारत, पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार

11.4 भाप्रसं बेंगलूर के लिए:

- प्रेस विज्ञप्ति : 72
- संकाय द्वारा लिखित आलेखों की प्लेसिंग : 54
- उद्योग की स्टोरिज में भागीदारी : 40
- लंबे साक्षात्कार (अखबारों, पोर्टलों, पत्रिकाओं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए) : 16
- क्राइसिस कम्युनिकेशंस
- CPP द्वारा असमानता पर वार्ताएं
- वीडियो, प्रेस विज्ञप्ति और ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस (आजादी का अमृत महोत्सव) के लिए एक विशेष श्रृंखला
- साकारात्मक प्रभाव रिपोर्ट 2022 के लिए सामग्री निर्माण (भाप्रसंबें वेबसाइट पर फिल्प बुक के रूप में उपलब्ध)
- स्थापना दिवस 2022
- दीक्षांत समारोह 2023 (स्वर्ण पदक विजेताओं के सोशल मीडीया वीडियो और कार्यक्रम की मीडिया विज्ञप्ति)
- स्वर्ण जयंती लोगो (वीडियो) और विशेष पोर्टल लॉन्च जो इंडिया पोस्ट है(वीडियो और मीडिया)

11.5 वेबसाइट सुधार:

- www.iimb.ac.in के ऊपर डाले गए सभी वेब पृष्ठों का पृष्ठ-वार ऑडिट जो पिछले 60 महीनों की अव दि से संबंधित है। इस कार्य हेतु प्रोग्राम / केंद्र / प्रशासनिक कार्यालय के साथ समन्वय; विषय सामग्री अपडेट किया गया अथवा तारीख वाले कंटेंट्स और लिंक हटा दिए गए।
- फिलहाल SEO – अनुकूल है वेबसाइट
- DCAL, CCMRM, CCGC और RERI के माइक्रोसाइट्स जो अब तक चालू थे, फिलहाल कार्यालय के अपने वेबसाइट पर अंतरित कर दिए गए हैं। इन्हें नया रंग-रूप दिया गया है, कुछ बाहर के भी आवश्यक कंटेंट डाले गए हैं। इन सबके कारण संस्थान के केंद्रों के लागत-व्यय काफ़ी कम हुए हैं
- सेंकॉम (Cen Comm) बनाया गया है, ये माइक्रेसाइट्स संस्थान के लिए खुशी के विषय हैं।
- छात्रों तथा क्षेत्रवार संकाय सदस्यों से सामग्री प्राप्त करके वीडियो कंटेंट्स बनाने का कार्य शुरू किया गया है। (34 वीडियो स्लॉट हैं) PhD प्रोग्राम पेज को फिर से अभिकल्पित किया गया है।
- भाप्रसं बेंगलूर के मुख्य वेबसाइट पर कंटेंट्स को नियमित और समय की मांग के अनुसार अपडेटेड किया जाता है, साथ ही दृष्टि 2022 के लिए माइक्रोसाइट्स तैयार किए जाते हैं जो PGPEM कन्वोकेशन 2022 और EPGP बिजनेस कार्यक्रम तथा कतिपय अन्य से संबंधित हैं।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

- भाप्रसं बेंगलूर डाइजेस्ट कंटेंट तैयार करना, क्युरेशन और एडिटिंग।
- CMS के वास्ते अपडेटेड प्लग-इन लोड करना,
- वेबसाइटों पर बदलकर अपडेटेड सर्वर लगाना,
- मोबाइल ऐप्प / लैपटॉप / डेस्कटॉप के लिए कैलेंडर तैयार करना
- गूगल API इंग्रेट करना
- सर्वर से ऐप्प लोकल कचे को जोड़ना
- भाप्रसं बेंगलूर वेबसाइट को रिडिज़ाइन करने के लिए टीम काम कर रही है। यह कार्य 15 जून, 2023 तक पूरा हो जाएगा।

11.6 प्रमुख संचार सूचना:

- आनेवाले सभी बैचों के छात्रों के लिए संचार तथा सोशल मीडिया संबंधी उन्मुखी कार्यशालाओं का आयोजित होना।
- EEP (डिजिटल मार्केटिंग एवं सोशल मीडिया मैनेज़र), हिंदी विभाग (हिंदी अधिकारी), MGNF (कंटेंट लेखक) तथा भाप्रसंबें के आंतिरक स्टाफ पदोन्नति (ADC) के लिए साक्षात्कार पैनल (आंशिक) का बनाया जाना।

11.1 सोशल मीडिया:

साइट	लिंक	प्रोफाइल का नाम	फॉलोअर्स (नवंबर, 2021)	फॉलोअर्स (दिसंबर, 2021)	फॉलोअर्स इनक्रिज़
फेस-बुक	https://www.facebook.com/IIMB Official/	IIM Bangalore	38,975	41,815	2,840
लिंक्ड-इन	https://www.facebook.com/IIMB Official/	Indian Institute of Management Bangalore	2,40,567	2,67,145	26,558
यू-ट्यूब	https://www.youtube.com/channel/UCZAWa1--	IIM Bangalore	1,03,220	1,34,000	30,780
ट्वीटर	https://www.twitter.com/iimb official/	IIMB Official	8,529	11,664	3,135
इंस्टाग्राम	https://www.instagram.com/iimb official/	IIM Bangalore	9,671	15,481	5,810

11.1 स्वर्णजयंती कार्यक्रम:

स्वर्णजयंती वर्ष 2023-24 के लिए विषय निर्वाचन समिति के अंग के रूप में संचार समूह:

1. व्यावसायिक संप्रतीक बनाकर स्वर्णजयंती लोगों का बनाया जाना, इस वास्ते विशेष शुभारंभ वीडियो बनाकर दर्शाया जाता–आंतरिक और बाहरी उपयोगकर्ताओं द्वारा लोगों के इस्तेमाल हेतु ब्रांड मार्ग-निर्देशिका का विकसित किया जाना।
2. सभी वेब पृष्ठों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को दुरुस्त और बेहतर बनाना जिसमें EEP, NSRCEL और लाइब्रेरी के बाहरी पृष्ठ शामिल हैं, उद्देश्य – स्वर्णजयंती प्रतीक चिह्न यानी लोगों का दिखाया जाना।
3. स्वर्णजयंती संबंधी वस्तु-सामग्री की खरीद के लिए स्टोर विभाग के सा समन्वय-संपर्क कार्य।
4. स्वर्णजयंती समारोह के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा, तारीख और समय निर्धारण को अंतिम रूप देना।
5. स्वर्णजंयती वृत्रचित्र के लिए साक्षात्कार और अन्य सामाग्री की शूटिंग करना, उनमें संशोधन और सुधार करना।
6. स्वर्णजयंती वर्ष के लेकर समर्पित रूप से डिजिटल प्रस्तुति का नियमित, संतुलित और सुंदर स्वरूप निर्माण।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

12. विपणन:

विपणन समूह भाप्रसंबें वर्ष 2014 में स्थापित हुआ था जिसका उद्देश्य था – संभावनाशील घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उपयोगकर्त्ताओं और आवेदकों तक पहुँच को प्रभावी बनाना। सभी प्रोग्रामों जो डिग्री प्रमाणपत्र प्रदान करते हैं, के लिए आवेदनपत्रों का प्रतिस्पर्धात्मक पूल बनाना। तब से लेकर विपणन समूह द्वारा दुबई, सिंगापुर, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, यूएसए तथा देश के सभी बड़े महानगरों में अपने संचार तंत्र को विस्तारित किया गया है। इसके साथ ही विपणन समूह MBA फेयर में भाग लेता है। GMAC, GRE तथा दूसरे टेस्ट प्रेप-एजेंसियों की साझेदारी में समारोह तथा कार्यक्रम आयोजित करता है।

वर्ष 2022-23 की अवधि में लीडरशिप टीम ने विपणन समूह को यह निर्देश दिया कि तीन मार्केटों पर विशेष ध्यान देना है – बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल। मार्केटिंग टीम उक्त दिशा में काम कर रही है, बांग्लादेश का दौरा भी कर चुकी है। भारत सरकार द्वारा मार्च में "भारत में अध्ययन करो" अभियान चलाया गया था जिसमें विपणन समूह भी साझेदार था। इस दौरे के समय आउटरीच करते हुए अनेक संस्थानों के साथ मिलकर नेटवर्क बनाया गया जैसे कि टेस्ट-प्रेप स्कूल्स, बिजनेस प्रतिष्ठान और संबंधित देश की सरकारों के साथ।

विपणन समूह पहला था जिसने शुरू-शुरू में टेक्नोलॉजी को अपनाया, वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए नियमित रूप से वेबिनारों का आयोजन किया। इन कार्य-कलापों के कारण विपणन समूह को बहुत लाभ हुआ, खासकर जब महामारी का समय चल रहा है। इस समूह ने डिजिटल माध्यम को अपनाया और उसी के बल पर अपने कार्यक्रमों को अंजाम दिया, आउटरीच कार्य-कलाप चलाए, किंतु साथ ही साथ गुणवत्ता का स्तर भी बरकरार रखा। इन डिजिटल माध्यमों में प्राप्त विशोषज्ञता के बल पर आउटरीच कार्यक्रम की भूमिका विपणन अभियान में अंत्यंत महत्वपूर्ण रही।

विगत वर्षों में विपणन समूह ने अपने आउटरीच कार्यक्रमों में पारंपरिक तरीकों को अलविदा कह दिया है, और डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर कदम बढ़ाया है जो लक्षित वर्ग तक पहुँचने में काफी मददगार है. सोशल मीडिया मार्केटिंग की संभावना संस्थान में इन-हाउस भी काफ़ी ज्यादा है जिससे प्रभाव का आकलन करना आसान है, चाहे मामला पहुँच के पैमाने का हो या लागत खर्चे का। विपणन समूह की कोशिश है कि कंज्यूमर डाटा का अधिकाधिक उपयोग किया जाए जिसमें सोशल मीडिया प्रमुख हैं, आनेवाले वर्ष में सोशल मीडिया से जुड़े दर्शक और उपयोगकर्त्ता महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले हैं।

वर्ष 2022-23 में (जून, 2022 से जनवरी, 2023) आठ महीने से अधिक समय के दौरान विपणन समूह ने 11 ओपन हाउस और 37 वेबिनारों का आयोजन किया, चार एडुकेशन फेयरों और उद्योग सेमीनारों में भाग लिया ताकि अति संभावनाशील प्रतिभागी आवेदक मिलें। इस हेतु प्रति माह लगभग छह मार्केटिंग समारोहों का आयोजन किया गया।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृश्य:

एल्युमनी संबंध कार्यालय काफ़ी सक्रियता के साथ पूर्व छात्रों से रिश्ते को मज़बूत बनाने के प्रयास करता रहता है जिसके वास्ते कार्य-कलाप आयोजित किए जाते हैं, ताकि नए विचारों और नई आइडिया के साथ काम किया जाए। इसके पीछे भावना यह है कि पूर्व-छात्रों और संस्थान में जुड़ाव और संपर्क सतत् बना रहे। दूसरी ओर भाप्रसंबें – एल्युमनी एसोसिएशन (IIM-AA) की ओर से नेटवर्क और समन्वय पर जोर दिया जाता है।

वर्ष 2022-23 में कतिपय अति महत्त्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की गईं जिनका संक्षिप्त उल्लेख निम्नलिखित है:

13.1 पूर्व-छात्रों के लिए मंच और समारोह

वेबसाइट:

एल्युमनी संबंध कार्यालय द्वारा 25000 से अधिक पूर्व-छात्रों का ऑनलाइन डाटाबेस बनाकर रखा गया है। यह कार्यालय एल्युमनी पोर्टल तथा एल्युमनी एसोसिएशन का प्रबंधन देखता है। यह पोर्टल सभी पूर्व - छात्रों को ऑनलाइन पोर्टल मुहैया कराता है जिसके ऊपर विविध विषयों के बारे में अपने विचार तथा अनुभव एसोसिएशन से जुड़े लोग शेयर करते हैं, जैसे उद्यमिता, करियर्स, व्यावसायिक कौशल, जॉब्स, चर्चा-परिचर्चा और अनुवर्ती पहल एवं कार्य। पिछले वर्ष इस पोर्टल का नवीकरण किया गया जिसमें एल्युमनी ऐप्प का लांच करना शामिल है।

सोशल मीडिया

सोशल मीडिया एल्युमनी कार्यालय द्वारा विभिन्न व्यावसायिक तथा व्यक्तिगत तथा सोशल मीडिया समूहों में सक्रियता दिखाई जाती है; इनमें लिंक्डइन, फेसबुक, यू-ट्यूब और ट्विटर शामिल है। इन माध्यम से 8500 से अधिक एल्युमनी संस्थान के बारे में अपडेट्स प्राप्त करते हैं; साथ ही एल्युमनी समूह से अपने खास और खुशी देनेवाली उपलब्धियां शेयर करते हैं।

एल-स्क्वायर

LSQUARE एल्युमनी पूर्व छात्रों के लिए मासिक ई-न्यूजलेटर है जिसमें भाप्रसं परिसर में आयोजित समारोहों के बारे में सेक्शन-वार सामग्री दी जाती है। इसी में पूर्व-छात्रों की उपलब्धियां और साक्षात्कार, संबंधित बैच के एल्युमनी मिलन कार्यक्रम, एल्युमनी लेखकों, एल्युमनी के उद्यमों आदि के बारे में जानकारी छपती है। चालू वित्त वर्ष के दौरान LSQUARE के 12 अंकों का विमोचन हुआ।

वेबीनारों का आयोजन

एकाधिक बैचों के पूर्व-छात्रों के समागम और मिलन कार्यक्रम की पहल के अंतर्गत इस मंच से वैसे मुख्य अतिथि बुलाकर वार्ताएं और व्याख्यान कराए जाते हैं जो पूर्व में भाप्रसं के छात्र रहे तथा वर्तमान में अपने विषय क्षेत्र के विशेषज्ञ बन चुके हैं। अपनी रुचि के विषय पर व्याख्यान उक्त प्रकार के अतिथि वक्ता देते हैं तथा अपनी विशेषज्ञता और अनुभव शेयर करते हैं। निम्नलिखित वेबीनार एल्युमनी कार्यालय द्वारा आयोजित किए गए:

- "ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ONDC" विषय; दिनांक 07 अक्टूबर, 2022; व्याख्यान श्री थंपी कोशी, PGP 1989 तथा ONDC को मुख्य कार्यकारी अधिकारी CEO।
- " सोशल इम्पैक्ट स्पेस के बारे में मिड-करियर परिवर्तन की संभावना तलाशना" विषय; 18 जनवरी, 2023 सविता शर्मा कुकरेजा, PGP 2000, रुचिरा राज, PGP 1999 तथा अनुराग ओक, PGP 2012 – ऑनलाइन ग्रीष्मकालीन प्रोग्राम।

13.2 ऑन कैंपस पूर्व – छात्रों की भूमिका

भाप्रसंबें के पूर्व-छात्र नामांकन–साक्षात्कार की प्रक्रिया के अभिन्न अंग होते हैं जिसकी जद में सारे एकेडमिक प्रोग्राम आते हैं – PGP, PGP – BA, PGP – EM और EPGP साक्षात्कार के पैनल में संकाय सदस्य और एल्युमनी दोनों रखे जाते हैं, जो प्रोग्राम के अनुसार तय किया जाता है। एल्युमनी ऐसी प्रक्रिया में अपने कार्यक्षेत्र और अनुभव के आधार पर साक्षात्कार में भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार एल्युमनी संस्थान प्रभावी ध्वजवाहक होते हैं।

- PGP : साक्षात्कारों के लिए समय फरवरी और मार्च, 2023 में रखा गया था। 61 पूर्व-छात्र नामांकन साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हुए।
- PGP BA : साक्षात्कारों के लिए फरवरी, 2023 का समय निर्धारित था और इस प्रवेश संबंधी साक्षात्कार की प्रक्रिया में 13 पूर्व-छात्रों ने भाग लिया।
- PGP EM : फरवरी, 2023 में साक्षात्कार के वास्ते समय रखा गया था और इस प्रवेश संबंधी साक्षात्कार की प्रक्रिया में 12 पूर्व-छात्रों ने भाग लिया।
- E PGP : साक्षात्कार के वास्ते फरवरी, 2023 की तारीख तय थी और 10 पूर्व-छात्रों ने प्रवेश साक्षात्कार प्रक्रिया – PGP अभिमुखी कार्यक्रम में भाग लिया।
- PGP के लिए अभिमुखी कार्यक्रम 27 जून, 2022 को आयोजित किया गया। इस अवसर के लिए 2019- PGP कक्षा के एल्युमनी को आमंत्रण पत्र भेजे गए थे।
- भावना बिंद्रा (जो PGP 2001 से थी) कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।
- अभिमुखी कार्यक्रम में 19 पूर्व-छात्रों की भागीदारी रही।

PGP अभिमुखी कार्यक्रम:

नए PGP बैच के लिए अभिमुखी कार्यक्रम 13 जून, 2022 को आयोजित हुआ। विभिन्न बैचों के पूर्व-छात्रों को आमंत्रण पत्र भेजे गए थे। इस PGP अभिमुखी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएस कन्नन थे जो PGP 2001 बैच के छात्र रहे थे। छात्रों के वास्ते आयोजित इस अभिमुखी सत्र में विभिन्न बैचों के 8 पूर्व – छात्र भाग लिए।

पुनर्मिलन कार्यक्रम:

संस्थान के परिसर में विशेषत पुनर्मिलन कार्यक्रम पूर्व-छात्रों में जुड़ाव और संपर्क मजबूत करने के लिए आयोजित किए जाते हैं।

निम्नलिखित PGP बैचों के पूर्व-छात्र पुनर्मिलन कार्यक्रम के लिए

संस्थान परिसर में पधारे :

- PGP 2002 को पूर्व-छात्र 20 वर्षों के अंतराल के बाद दिनांक 25-27 नवंबर, 2022 के पूनर्मिलन कार्यक्रम में पधारे।
- PGP 1997 के पूर्व-छात्र 25 वर्षों के अंतराल के उपरांत दिनांक 9 से 11 दिसंबर, 2022 के पूनर्मिलन कार्यक्रम में पधारे।
- PGP 2005 और PGP 2006 के पूर्व-छात्रों ने 15 वर्षों के अंतराल के बाद 23 से 25 दिसंबर, 2022 के पुनर्मिलन कार्यक्रम में शिरकत की। इस पुनर्मिलन कार्यक्रम में विलंब का कारण कोविड 19 रहा।

  उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित विशेष पुनर्मिलन कार्यक्रम संबंधित प्रोग्राम कार्यालयों द्वारा संचालित किया गया।
- PGSEM / PGPEM के एल्युमनी को शामिल करके एक समारोह 06 नवंबर, 2022 को आयोजित किया गया जो ध्वजपोत शिखर समारोह "दृष्टि 2022" का एक संघटक था।
- " स्मृति समारोह 2023" का आयोजन 5 मार्च, 2023 को किया गया, यह PGP EM के पूर्व-छात्रों का वार्षिक कार्यक्रम था।
- "स्पर्श" EPGP एल्युमनी की मुलाकात का कार्यक्रम था जो 18 और 19 फरवरी, 2023 के दो दिनों में संपन्न हुआ।

आयोजित अन्य कार्यक्रम:

- कर्नाटक सरकार ने भाप्रसंबें के साथ टाईअप किया हुआ है जिसके तहत कर्नाटक की संभावनाशील 300 महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ये महिला उद्यमी अनु. जाति / अनु. जनजाति वर्ग की होंगी - यह शर्त है। पूर्व-छात्रों को आमंत्रित किया गया जो इन महिला छात्रों की मेटरिंग कर सकें। कुल मिलकार 472 पूर्व छात्रों ने महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिए अपनी रुचि दिखाई जिनमें से कुछ सारे पूर्व-छात्रों को प्रशिक्षण संकाय की भूमिका के लिए नियुक्त कर लिया गया है।
- PGP 1999 की एल्युमनी दीपिका वारियर तथा PGP 2009 की एल्युमनी वास्तुता अग्रवाल को आमंत्रित किया गया कि वे " ग्लोबल मार्केटिंग के परिप्रेक्ष्य" पर अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत करें जो कि एक चयनित पाठ्यक्रम है।
- PGP 1988 के एल्युमनी विपुल पारेख जो बिग बास्केट के सह- संस्थापक हैं, उद्यमिता विषप पर ऑनलाइन पैनल चर्चा-परिचर्चा में एक वक्ता थे। वाल स्ट्रीट जर्नल की साझेदारी और सहयोग से यह परिचर्चा केंद्र के द्वारा टीचिंग एंड लर्निंग (CTL) विषय पर आयोजित की गई थी।

इलेक्ट्रिक वाहन के चार्जर संबंधी कार्यक्रम का उद्घाटन:

PiEV सोल्युशन (प्रा.) लिमिटेड भारत में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सेवा का प्रदाता है जिसने परिसर के अंदर अपना ध्वजपोत नवीन कार्यक्रम वाल EV चार्जर डोनेट किया और स्थापित भी किया।

शौभिक देशगुप्ता, PGP 2010 के एल्युमनी हैं और साथ ही PiEV सोल्युशन (प्रा.) लिमिटेड के ऑपरेटिंग अधिकारी हैं जिन्होंने उक्त चार्जर को इंस्टॉल करने के लिए भाप्रसं से संपर्क और समन्वय किया। इस कार्य का उद्घाटन समारोह "इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर" 27 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया।

पूर्व - छात्रों द्वारा दान:

भाप्रसंबें के पूर्व-छात्रों ने संस्थान को रु. 2,91,33,376 की राशि बतौर आर्थिक सहायता दी है जिसकी बदौलत स्वर्णजयंती निधि, संकायों के लिए लॉज का नामकरण, क्लास रूमों का नामकरण और अन्य कार्य किए गए हैं।

छात्रवृत्ति:

छात्रों के लिए छात्रवृत्ति इस वर्ष रखी गई है जिसकी व्यवस्था अनेक वर्षों से एल्युमनी के डोनेसन से की जा रही है। पूर्व-छात्रों से प्राप्त धन से प्रदान की जानेवाली छात्रवृत्ति निम्नलिखित हैं

1. **PGP 1976 के बैच द्वारा दी जानेवाली छात्रवृत्ति : PGP** 1976 की कक्षा में पढ़ाई करके गए छात्रों ने इस छात्रवृत्ति का शुभारंभ किया जो PGP की पढ़ाई करनेवाली महिला छात्रों को दी जाती हैं। ऐसी महिलाएं भाप्रसं बेंगलूर द्वारा इसी फंड से अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त करती हैं।
2. **संदीप रनवाल छात्रवृत्ति:** PGP 1993 बैच द्वारा संदीप रनवाल स्कॉलरशिप आरंभ किया गया था जिसमें वित्तीय सहायता के रूप में छात्रवृत्ति उन्हें दी जाती है जो छात्र PGP की पढ़ाई कर रहे होते हैं।
3. **सरस्वती कुलकर्णी उत्कृष्टता पुरस्कार :** श्रीमती सरस्वती कुलकर्णी उत्कृष्टता पुरस्कार उद्यमिता के क्षेत्र में काम करनेवाले प्रतिभावान लोगों को दिया जाता है। ऐसे छात्र जिन्होंने PGP कोर्स उद्यमिता के लिए पूरा किया और अपने को इस क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट साबित किया।
4. **मॉल्ड – टेक प्रायोजिता छात्रवृत्ति :** मॉल्ड टेक ग्रुप ने यह छात्रवृत्ति शुरू की जिसका नाम है – मॉल्ड-टेक प्रायोजित छात्रवृत्ति जो निदेशक की योग्यता सूची में PGP के सर्वोत्तम छात्र के लिए निर्धारित है। श्री लक्ष्मण राव, 1982-मॉडल टेक के सीएमडी हैं।
5. **PGP 1986 बैच – DML स्कॉलरशिप:** 1986 में PGP के छात्रों ने धन मुहैया करवाने के लिए यह छात्रवृत्ति शुरू की जिसके बल पर निदेशक की योग्यता सूची में अपने को दर्ज़ करानेवाले छात्र पात्र होते हैं।
6. **PGP 1989 बैच – छात्रवृत्ति:** 1989 में PGP के छात्रों ने यह छात्रवृत्ति शुरू की थी जो आवश्यकता और योग्यता पर आधारित है। यह छात्रवृत्ति जरूरतमंद छात्रों को बतौर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
7. **PGP 1988 बैच – छात्रवृत्ति:** यह सम्मान 1998 के PGP बैच के छात्रों ने शुरू किया जिसके पीछे उनके दिवंगत चार साथियों की स्मृति और प्रेरणा है – सिद्धार्थ पदम, उदय नायक, सिद्धार्थ गुप्ता तथा दीपांकर खिवानी।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

8 **नितिन अग्रवाल छात्रवृत्ति सम्मानः** नितिन अग्रवाल, PGP 2004 बैच के एल्युमनी द्वारा यह छात्रवृत्ति - सम्मान प्रति वर्ष दिया जानेवाला आवश्यकता – आधारित तथा "नितिन अग्रवाल" के नाम पर आरंभ किया गया। यह सम्मान MBA के किसी एक छात्र को दिया जाता है।

9 **श्रीमती सुरेश पार्वती तथा वेदुला कृष्णमूर्ति छात्रवृत्ति सम्मानः** सुरेश-वेदुला, एल्युमनी, PGP बैच ने श्रीमती पार्वती और श्री वेदुला कृष्णमूर्ति के नाम पर इस सम्मान की शुरुआत की जो PGP या पीजीपी- बिजनेस एनालिटिक्स के उस छात्र को दिया जाता है जो निदेशक की योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया हो

10 **परमेश्वरन अय्यर सम्मानः** परमेश्वरन अय्यर कृष्णन, PGP बैच के एल्युमनी ने जरूरतमंद और प्रथम वर्ष में PGP छात्र के लिए धन की बंदोबस्ती के लिए यह सम्मान प्रदान किया।

11 **उबुंटु छात्रवृत्तिः** दि उबुंटु स्कॉलरशिप आवश्यकता सह योग्यता छात्रवृत्ति है जिसके अंदर जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। यह स्कॉलरशिप भाप्रसंबें के पूर्व छात्रवृंद द्वारा स्थापित नाम की गोपनीयता वाली शुभाकांक्षा है।

12 **जे आर फेलोशिप अवार्डः** भाप्रसं के पूर्व छात्र आर. चंद्रशेखरन, PGP 1985 बैच, ने अपने माता-पिता जयालक्ष्मी और रामाकृष्णन के स्मरण में JR फेलोशिप सम्मान की स्थापना की। यह अवार्ड देश की सर्वोत्तम प्रतिभा को – भाप्रसंबें फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (FPM) की पढ़ाई के लिए आकर्षित करने के वास्ते शुरू किया था।

13 **PGP 2001 स्कॉलरशिपः** भाप्रसंबें में PGP 2001 बैच के छात्रों द्वारा आर्थिक बंदोबस्ती हेतु यह स्कॉलरशिप शुरू किया गया। यह स्कॉलरशिप योग्यता सह आर्थिक सहायता सम्मान है जो भाप्रसं में कार्यरत स्टाफ़ के बच्चों के लिए प्रति वर्ष दिया जाता है।

14 **PGP 2008 स्कॉलरशिपः** यह एक आर्थिक बंदोबस्ती स्कॉलरशिप, PGP 2008 बैच के छात्रों द्वारा सृजित है जिसका शीर्षक "क्लास ऑफ PGP 2008 हायर एडुकेशन एंड वेलफेयर फंड" है। यह छात्रवृत्ति भाप्रसंबें के स्टाफ़ के बच्चों के लिए शिक्षा तथा उस प्रकार के आकस्मिक चिकित्सा व्यय की पूर्ति के लिए कल्पित है जो किसी वर्ष में स्कॉलरशिप न देकर बच जाए।

13.3 एल्युमनी अवार्ड्स

विशिष्ट एल्युमनी सम्मानः

यह विशिष्ट एल्युमनी सम्मान (DAA) प्रतिवर्ष विशेष उदाहरणीय कार्य करनेवाले भाप्रसंबें के पूर्व छात्रों को दिया जाता है जो उनकी व्यवासायिक उत्कृष्टता तथा उद्योग, शिक्षा तथा समाज में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रदान किया जाता है

- विशिष्ट एल्युमनी अवार्ड्स 2023; प्राप्तकर्त्ता हैं: अभिजीत रॉय, PGP 1991 प्रबंध निदेशक एवं CEO, बर्जर पेंट्स
- अशोक रेड्डी, PGP 1995, प्रोमोटर, टीम लीज़ सर्विसेज़ लिमिटेड
- समीना बानो, PGP 2010, संस्थापक एंड मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राइटवाक फाउंडेशन

13.4 भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन (IIMB AA) के कार्य-कलाप

अनुस्मरणः

अनुस्मरण पूर्व-छात्रों का मिलन समारोह होता है जो स्थान आधारित एल्युमनी के चैप्टर्स अथवा ग्रुपों को विचार करके आयोजित किया जाता है। इसके पीछे भावना होती है एल्युमनी के बीच परस्परता मज़बूत हो, पुराने मित्रों से मुलाकात हो, आपस में नेटवर्क निर्मित हो तथा – उन्हें एल्युमनी समुदाय का हिस्सा होने का गर्व हो – उत्साहपूर्वक मनाया जाए। नगर-वार अनुस्मरण का विवरण निम्नलिखित है जिसका आयोजन वर्ष 2022 में हुआ।

- सिंगापुरः 26 जून, 2022, 100 से अधिक प्रतिभागी
- मुंबईः 17 अगस्त, 2022, 100 से अधिक प्रतिभागी
- चेन्नईः 28 अगस्त, 2022, 70 से अधिक प्रतिभागी
- हैदराबादः 24 सितंबर, 2022, 80 से अधिक प्रतिभागी
- बेंगलूरः 2 दिसंबर, 2022, 200 से अधिक प्रतिभागी
- दिल्लीः 1 अक्टूबर, 2022, 100 से अधिक प्रतिभागी
- कोलकाताः15 अक्टूबर, 2022, 40 से अधिक प्रतिभागी
- नॉर्डिक क्षेत्रः 3 दिसंबर 2022, 10 से अधिक प्रतिभागी

भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन का सुपर टॉप अप स्वास्थ्य बीमाः

फरवरी, 2023 में भाप्रसंबें में एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा सुपर टॉप अप स्वास्थ्य बीमा योजना शुरु की गई जिसके आधार पर पूर्व-छात्र स्वयं के और अपने परिवारों के लिए हाई मेडिकल कवरेज ले सकते हैं; इस कवरेज में उनके माता-पिता और सास-ससुर शामिल होंगे। इस बीमा योजना को ग्रहण करने के लिए पहले राउंड में काफ़ी उत्साहपूर्वक भागीदारी पूर्व-छात्र वर्ग द्वारा दिखाई गई; इसको लेकर अब तक 1129 पूर्व-छात्रों ने स्वयं और अपने परिवार के लिए 2303 पॉलिसी खरीद की है।

भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन ऐप्पः

भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन ऐप्प प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन, निदेशक, भाप्रसंबें तथा हरीश मित्तल, अध्यक्ष, IIMBAA द्वारा 15 सितंबर, 2022 को लांच किया गया। इस ऐप्प के जरिए सभी पूर्व-छात्रों को एक मंच से जोड़ना उद्देश्य रहा है तथा यह सभी एल्युमनी के बीच संवाद का प्रभावी तंत्र बनेगा- ऐसी भावना रही। यह ऐप्प जब से बना है, तब से पूर्व-छात्रों के बीच जुड़ाव को सशक्त बनाने से अनेक सुविधाएं तथा सेवाएं सुचारु हुई हैं; जैसे बैच के लोग एक-दूसरे से जुड़े हैं, व्यावसायिक पीयर्स, प्रोग्राम के सदस्य-गण और समान रुचि रखनेवालों के बीच वैचारिक आदान-प्रदान बेहतर बन गया है। शुभारंभ होने से लेकर अब तक 7126 एल्युमनी इस ऐप्प को डाउनलोड कर चुके हैं।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन के अन्य कार्य-कलाप:

- भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसोएशन के चेन्नई चैप्टर और बेंगलूर चैप्टर मैत्रीपूर्ण वातावरण मं क्रिकेट मैच खेले जो कि 5 नवंबर, 2022 को भाप्रसं बेंगलूर के कैंपस में हुआ।
- भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा अपने ही लोगों के लिए विशेष ऑनलाइन मेडिटेशन, ध्यान तथा ब्रीदिंग प्रोग्राम संचालित किया गया। इसके लिए आर्ट ऑफ लिविंग से खास विशेषज्ञों को बुलाया गया था।

लीडरशिप को अंदर से बाहर लाना:

इलेक्ट्रिक वाहनों पर एक कार्यक्रम IIMBAA (बेंगलूर चैप्टर) के सहयोग से EGMP एक्सक्यूटिव कमीटी द्वारा भाप्रसंबें कैंपस में 24 जुलाई, 2022 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल वाहन उद्योगों के प्रमुखों, इस क्षेत्र में संभावनावाली हस्तियों, दूर दृष्टि रखनेवालों और प्रभावशाली लोगों को एक मंच पर लाना था, ताकि इस उद्योग में हलचल पैदा हो, अवसरों के बारे में विमर्श हो और आगे के लिए रास्ते खोले जाएं। इस समारोह में 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस समारोह के प्रतिफल के रूप में स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप (SIG) की रचना की गई और यह ग्रुप कुछ अंतराल के साथ नियमित रूप से इकट्ठे होंगे, मिलेंगे तथा बेहतर से बेहतर सहयोग एवं समन्वय का वातावरण बनेगा। इस बैठक में 30 से 40 प्रतिनिधि मंडल विषय - विशेष में रुचि रखनेवाले उपस्थित होते हैं।

इलेक्ट्रिक वाहन SIG समन्वय बैठक में पूर्व-छात्र रहे विशेषज्ञ वक्ताओं के नाम निम्नलिखित हैः

- डॉ. शंकर वेणुगोपाल, EGM 2011 के एल्युमनस जो महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाइस प्रेजिडेंट हैं।
- शिरीष बाचू, EGMP 2012 के एल्युमनस, प्रेजिडेंट ऑफ़ इम्बाइटेल
- रवि किरण ए, एल्युमनस, PGSEM 2002, संस्थापक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, न्युमोसिटी (ABB ग्रुप)
- भाप्रसंबें ऑरिटर क्लबः

प्रबंध संस्थान के पूर्व-छात्रों में अच्छी संख्या में अच्छे वक्ता हैं जिनका एक क्लब बनाया गया है। ऐसे वक्ताओं की एक बैठक प्रत्येक शनिवार को प्रातः 7.00 बजे से 10.00 बजे के बीच होती है।

- भाप्रसंबें एल्युमनी एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक पंचगनी (महाराष्ट्र) में 01 जुलाई, 2022 को हुई थी। देश के अंदर जो केंद्र हैं उनके कार्यरत पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। अलग-अलग केंद्रों (चैप्टरों) द्वारा पूर्व-छात्रों के कार्यों तथा गतिविधियों पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में एक चर्चा MAPRO फार्म्स के दौरे को लेकर हुई जिसकी व्यवस्था संस्थापक मयूर वोरा (PGP 1982) द्वारा की गई। पीजीपी छात्र एल्युमनी कमीटी के प्रतिनिधि - गण- प्रो. सौरव मुखर्जी, प्रमुख एल्युमनी संबंध तथा विकास और उतंका शर्मा, अध्यक्ष एल्युमनी संबंध भी बैठक में उपस्थित हुए।

© भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर

परिदृश्य:

राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान होने के कारण भाप्रसंबें की अपेक्षा है कि इसके पास अपना मज़बूत वित्तीय आधार हो जिसके तहत संस्थान के विकासात्मक कार्य-कलापों में सीधे योगदान प्राप्त हो तथा बंदोबस्ती के ज़रिए वित्तीय आधार को सशक्त किया जाए।

उपर्युक्त प्रयोजन के मद्देनजर वर्ष 2018 में विकास कार्यालय बनाया गया। यह पूर्व-छात्रों के साथ संबंध तथा विकास विभाग का स्कंध है। इस कार्यालय का मुख्य काम है भाप्रसंबें के लाभधारकों से आपसी रिश्ते को सशक्त करते हुए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना। संस्थान के लाभधारक हैं- पूर्व-छात्रवृंद, कार्पोरेट इंटरप्राइजेज़ फाउंडेशंस तथा भाप्रसंबें के मित्रगण। यह कार्यालय वर्तमान में जारी मानवीय प्रकृति की सारी गतिविधियों और सक्षम दानकर्त्ताओं के प्रति अपना समर्पण बनाए रखेगा। इस तरह के कार्यों में व्यावसायिकता बरती जाए जो भाप्रसं बेंगलूर की दूर दृष्टि, कार्य योजना, मिशन तथा रणनीति के अनुकूल हो।

अप्रैल - 2022 से मार्च 2023 की अवधि में प्राप्त कुल निधियां रु. 17.67 करोड़ रही है।

दान कर्त्ता	करोड़ रूपए में
पूर्व-छात्र	2.91
लॉन एल्युमनी	0.51
कार्पोरेट	14.25
कुल राशि	17.67

- एल्युमनी बैचों तथा निगमित उद्यमों द्वारा स्थापित स्कॉलरशिप तथा वित्तीय सहायता देने संबंधी कार्यों का समन्वय किया गया जो MBA और विद्या वाचस्पति के पात्र छात्रों एवं – भाप्रसंबें के स्टाफ सदस्यों के बच्चों को दिए जाते हैं।
- स्वर्ण जयंती फंड में बढ़त के अभियान 500/50 का शुभारंभ किया गया। (संस्थान के 50 वर्ष पूरे होने पर, स्वर्ण जयंती वर्ष 2023 हेतु 500 करोड़ जमा करना)
- व्यक्ति-व्यक्ति के हिसाब से 105 से अधिक एल्युमनी से संपर्क साधा गया, उनसे संस्थान की भावी दिशा पर चर्चा की गई जिसमें अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए नए कैंपस का विकास शामिल है – इन उद्देश्यों के लिए फंड वृद्धि करना आदि।
- इस वित्त वर्ष में कुछ पूर्व-छात्रों ने स्वर्ण जयंती फंड में अपना योगदान किया है जिसका उद्देश्य है- कैंपस में सुविधा बढ़ाना तथा सम्मान एवं स्कॉलरशिप की शुरुआत करना।
- निगमित उद्यमों के साथ 50 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं। 50 से अधिक बैठकें फाउंडेशनों के साथ की गईं जो स्वर्ण जयंती फंड की बढ़त अभियान के हिस्से थे।

निगमों/फाउंडेशनों से महत्त्वपूर्ण योगदान:

- ग्रामीण विकास के लिए टाटा केमिकल्स सोसाइटी की तरफ से विद्यावाचस्पति छात्रों के लिए शोधवृत्ति।
- रिवोल्युट पेयमेंट इंडिया प्रा.लि. की तरफ से MBA प्रोग्राम में एक महिला (सर्वोत्कृष्ट स्थान) के लिए शोध छात्रवृत्ति।
- नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड की तरफ़ से कैंपस में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की स्थापना।
- तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्रा. लि. की ओर से मिजुहो-इंडिया-जापान अध्ययन केंद्र की ओर कार्य-कलाप हेतु।
- विप्रो फाउंडेशन की ओर से NSR प्री-डॉक् एंड पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति
- मिराई एस्सेट फाउंडेशन की ओर से MBA स्कॉलरशिप तथा डॉक्टोरल छात्रों के लिए शोध छात्रवृत्ति।
- हर्बालाइफ़ इंटरनेशनल की ओर से आपूर्ति शृंखला संधारणीयता लैब हेतु आर्थिक सहायता
- BPL मेडिकल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की ओर से MI-JSC गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता।
- भारतीय परिवहन निगम की ओर से आपूर्ति शृंखला संधारणीयता लैब के निर्माण और उसकी सहायता।
- कैपजेमिनी की ओर से NSRCEL से जुड़े सामाजिक उद्यम स्टार्टअप कंपनियों को सहायता।
- कोटक महिंद्रा बैंक लि. की ओर से NSRCEL के तहत महिला स्टार्टअप प्रोग्रामों को सहायता।
- बॉम्बार्डियर परिवहन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से NSRCEL के एक्सीलिरेटर तथा नवोन्मेषी प्रोग्राम के लिए सहायता।
- हांगकांग एंड सिंघाई बैंकिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से MBA के PWD छात्रों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप देना। साथ ही बिजनेश एनालिटिक्स में MBA छात्रों को द्वितीय वर्ष में स्कॉलरशिप प्रदान करना।

अशक्तता (विकलांगता) ग्रसित छात्रों के लिए नीति विवरण:

भाप्रसंबें की ओर से पूरी कोशिश की जाती है कि उन सभी कारणों को दूर किया जाए जो अपंग छात्रों को अपनी सक्षमता साबित करने में अड़चनें बनती हैं। इस नीति का लक्ष्य है, सभी छात्रों को "अवसर की समानता" प्रदान करना; जरूरी सहायता महैया करवाना जिससे कि वे जहां तक हो सके, संस्थान में आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

भाप्रसंबें की प्रतिबद्धता समय के अनुपालन हेतु है जिसमें अपंग छात्रों के सामने आनेवाली हर बाधा दूर हो। ऐसी सहायता में निम्नलिखित शामिल है, वह सीमित नहीं है:

- परिसर में जहां छात्रों का आना-जाना रहता है, उन सभी जगहों में उनकी भी वास्तविक पहुंच हो।
- पढ़ाई करने की जगहों तथा उचित प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल द्वारा संदर्भ पाठ्य-सामग्री, जो आवश्यक है, तक पहुँच बनाना।
- WCAG को अपनाते हुए ई-संसाधनों का लाभ उठाना; साथ ही ई-संसाधनों जैसी अन्य मानक सामग्री प्राप्त करना।

भाप्रसंबें में अपंगता ग्रसित एक-एक नामांकित छात्र की जरूरतों का ध्यान रखा जाता है और वह सुविधाएं दी जाती हैं जो आवश्यक हैं। उनकी शिक्षा में कोई कमी नहीं रहे, उनका शैक्षिक अनुभव अच्छा से अच्छा हो, आदि। अपंगता सेवाएं – कार्यालय द्वारा आवश्यक मूल्यांकन किया जाता है और यह कार्यालय उक्त सेवाओं के लिए केंद्रक होता है जहां से छात्रों की हर वाज़िब ज़रूरत भाप्रसं के अंदर संबंधित कार्यालय, विभाग और व्यक्ति को सूचित की जाती है, तथा उसकी अनुपूर्ति की जाती है।

भाप्रसंबें अपंग छात्रों के वास्ते करियर के विकल्पों की पहचान करता है और उससे संबंधित लाभ उन छात्रों को दिलवाया जाता है। भर्ती के लिए आनेवाले संगठनों से संपर्क साधा जाता है कि रोजगार नीति में अवसरों की समानता का पालन किया जाए।

भाप्रसंबें की ओर से भरसक कोशिश की जाती है कि अपंग छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार न हो। संस्थान की ओर से सभी अंशधारकों को संवेदनशील बनाया जाता है कि अपंग छात्रों की आवश्यकताओं और चुनौतियों को कार्यशालाओं के जरिए और समय-समय पर अभियान चलाकर समझा और समझाया जाए। अपंग छात्रों के साथ कोई भेदभाव न हो, अथवा कोई अभद्र और असंवेदनशील बर्ताव करें तो उसे गंभीरता से लिया जाए। संबंधित संकाय सदस्य, स्टाफ सदस्य अथवा छात्र द्वारा उक्त प्रकार के अशिष्ट व्यवहार किया जाना साबित हो तो, उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि भाप्रसंबें में "अपंगता ग्रस्त व्यक्ति अधिनियम" और अन्य कानूनी प्रावधानों का बाज़ाप्ता पालन किया जाता है, किंतु यहां नीति विधि-व्यवस्था से आगे बढ़कर वास्तव में अपंग छात्रों के लिए समावेशी परिवेश रखा गया है। इस प्रयोजन के मद्देनज़र कदम उठाते हुए IIM बेंगलूर में "अपंगता समिति" बनाई गई है, ताकि उक्त श्रेणी के छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित किया जाए। भाप्रसंबें में औद्योगिक संस्थाओं और जाने-माने NGO के साथ साझेदारी करके अपंग छात्रों के हितों की रक्षा की जा रही है।

15.1 शैक्षिक आवास की सुविधाएं:

- छात्रों की आवश्यकताओं को समझते हुए उचित आवास प्रपत्र प्रयोग में लाया जाता है तथा वर्ष के आरंभ में ही आवास सुविधाओं का आकलन किया जाता है।
- अभिमुखी कोर्स में अध्यापन करनेवाले संकाय सदस्यों को मेल पर सूचना दी जाती है, अवधि 1-6 जिसमें छात्रों की जानकारी और शैक्षिक अवधि में अपेक्षित आवास का उल्लेख किया जाता है।
- प्रोग्राम, छात्रावास और इस्टेट कार्यलयों को छात्रों की जरूरतों के बारे में बताया जाता है।
- PGP कमीटी के अनुमोदन के आधार पर त्रि-वर्षीय PGP का विकल्प।
